सूविचार

ईश्वर की राह पर जब कोई एक कदम बढ़ाता है, तो ईश्वर उसे थामने के लिए सौ कदम बढ़ाता है।

दैनिक
इंटरनल न्यूज
सच की तह तक....

internalnews@gmail.com
www.internalnews.com

वर्ष : 11 | अंक : 09 | पृष्ठ : 08 | मूल्य 3 रुपये | भोपाल, शनिवार 05 अप्रैल 2025 | RNI NO. MPHIN/2015/61965

प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व और मार्गदर्शन में राज्य सरकार ने जो कहा वो करके दिखाया

धार्मिक नगरों में पवित्र भाव और परिवारों में स्वस्थ वातावरण बनाए रखने के लिए लागू की शराबबंदी

पीताम्बरा माई सहित देवी माँ की कृपा वाले सभी स्थानों को देवी लोक के रूप में किया जाएगा विकसित

भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि वसुधैव कुटुंबकम के विचार वाली भारतीय संस्कृति संपूर्ण विश्व को परिवार मानती है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व और मार्गदर्शन में इस सिद्धांत पर चल रही राज्य सरकार सभी के हित और कल्याण के लिए समर्पित है। परिवारों का वातावरण खराब न हो, मेहनत से कमाए गए पैसे का उपयोग परिवार के हित में हो, यह सुनिश्चित करने के लिए ही शराबबंदी लागू की गई है।

धार्मिक नगरों में पवित्र भाव की अनुभूति होती है, अतः प्रदेश में विद्यमान 19 देव-स्थानों की गरिमा को बनाए रखने के लिए ही इन स्थानों पर शराबबंदी लागू की गई। मुख्यमंत्री डॉ. यादव माँ पीताम्बरा की नगरी दतिया में शराबबंदी लागू करने के लिए आयोजित नागरिक अभिनंदन समारोह को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में जन-प्रतिनिधियों और नागरिकों ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का दतिया में शराबबंदी के लिये नागरिक अभिनंदन किया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि दतिया सहित प्रदेश में जहां-जहां देवी मां की कृपा है, वहां देवी लोक विकसित किए जाएंगे। चित्रकूट सहित भगवान श्रीराम से जुड़े प्रदेश के सभी स्थानों का श्रीराम वनपथ गमन मार्ग के अंतर्गत उन्नयन किया जा रहा है। इसी प्रकार भगवान श्रीकृष्ण की जहां-जहां भी लीलाएं हुईं, उन स्थानों को भी तीर्थ के रूप में विकसित करने के लिए बजट में प्रावधान किया गया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सनातन संस्कृति के मूल भाव सर्वे भवंतु सुखिनः सर्वे संतु निरामय के अनुरूप राज्य सरकार सबके कल्याण के लिए ही समर्पित भाव से काम कर रही है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश की अर्थव्यवस्था कृषि आधारित है। राज्य सरकार के लिए कृषकों का हित सर्वोपरि है, किसानों को उनकी मेहनत और उपज का सही दाम मिले, यह सुनिश्चित करने के लिए ही 2600 रुपये प्रति क्विंटल की दर पर गेहूं खरीदा जा रहा है। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने प्रदेश के लिए केन-बेतवा लिंक परियोजना और चंबल-काली सिंध-पार्वती नदी जोड़ों परियोजना जैसी सौगात प्रदेश को दी है। साथ ही ताप्ती मेगा रिचार्ज परियोजना को भी स्वीकृति प्रदान की गई है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने किसानों से जमीन नहीं बेचने का आहवान करते हुए कहा कि इन नदी जोड़ो परियोजनाओं से दतिया भी लाभान्वित होगा और किसान परिवारों का खुशहाल जीवन सुनिश्चित है। डबल इंजन की सरकार में जनता का हित सर्वोपरि है, प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व और मार्गदर्शन में राज्य सरकार ने जो कहा वह करके दिखाया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अनावश्यक खर्चों से परहेज करने के लिए जनसामान्य को प्रेरित करते हुए कहा कि विवाह और मृत्यु भोज जैसे आयोजनों में अनावश्यक खर्च करना व्यर्थ है।

संक्षिप्त समाचार

केंद्र ने तमिलनाडु के नीट से छूट संबंधी विधेयक को नामंजूर किया: मुख्यमंत्री स्टालिन

नई दिल्ली। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन ने शुक्रवार को कहा कि राज्य को नीट से छूट संबंधी विधानसभा से पारित किये गये प्रस्ताव को केंद्र ने नामंजूर कर दियाहै। इस प्रस्ताव को राज्य सरकार ने विधानसभा से पारित कराने के बाद राष्ट्रपति की मंजूरी के लिए भेजा था। स्टालिन ने कहा कि राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) को समाप्त कराने को लेकर तमिलनाडु अपना संघर्ष जारी रखेगा। उन्होंने बताया कि इस संबंध में नौ अप्रैल को एक सर्वदलीय बैठक बुलाई गई है। मुख्यमंत्री ने विधानसभा को नवीनतम घटनाक्रम से अवगत कराते हुए प्रस्ताव को नामंजूर किये जाने को काला अध्याय करार दिया। उन्होंने केंद्र पर तमिलनाडु की जनता की इच्छा तथा विधानसभा के विधेयक की अवहेलना करने का आरोप लगाया। मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन ने कहा, तमिलनाडु सरकार ने विभिन्न मंत्रालयों के माध्यम से सभी आवश्यक स्पष्टीकरण दिए थे, फिर भी केंद्र सरकार ने नीट से छूट के प्रस्ताव को अस्वीकृत कर दिया।

वक्फ विधेयक के खिलाफ मतदान नहीं करना चाहते थे शिवसेना (उबाठा) के सांसद: निरुपम

नई दिल्ली। शिवसेना के नेता संजय निरुपम ने शुक्रवार को दावा किया कि प्रतिद्वंद्वी शिवसेना (उबाठा) के सांसद लोकसभा में वक्फ (संशोधन) विधेयक के खिलाफ मतदान नहीं करना चाहते थे, लेकिन पार्टी प्रमुख उद्धव ठाकरे के फोन आने के बाद उन्होंने हार मान ली और विधेयक का विरोध किया। उन्होंने ठाकरे पर निशाना साधते हुए उन्हें मुस्लिम हृदय सम्राट करार दिया। निरुपम ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि विवादास्पद विधेयक पर शिवसेना (उबाठा) का रुख महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री, भाजपा के पूर्व सहयोगी ठाकरे के बौद्धिक दिवालियापन को दर्शाता है। निरुपम ने दावा करते हुए कहा, 'उद्धव ठाकरे ने लोकसभा में अपने सांसदों को पांच बार फोन करके वक्फ (संशोधन) विधेयक के खिलाफ मतदान करने का निर्देश दिया। उन्हें (शिवसेना उबाठा सदस्यों को) पार्टी द्वारा जारी व्हिप के कारण विधेयक के खिलाफ मतदान करना पड़ा।' उन्होंने बताया कि शिवसेना (उबाठा) के दो सांसदों- अरविंद सावंत (मुंबई दक्षिण) और अनिल देसाई (मुंबई दक्षिण मध्य) को छोड़कर पार्टी के अन्य सभी लोकसभा सदस्यों को फोन किया गया। लोकसभा में शिवसेना (उबाठा) के नौ सांसद हैं। अविभाजित शिवसेना और कांग्रेस में रह चुके निरुपम ने कहा कि विधेयक का विरोध करने के लिए ठाकरे पर मुस्लिम संगठनों का भारी दबाव था। उन्होंने कहा, ''बालासाहेब ठाकरे को हिंदू हृदय सम्राट के रूप में जाना जाता है, लेकिन उद्धव ठाकरे अब मुस्लिम हृदय सम्राट के रूप में जाने जाते हैं।

विपक्षी सांसदों का विरोध प्रदर्शन, कांग्रेस बोली, यह भारतीय अर्थव्यवस्था पर बहुत बड़ा हमला

नई दिल्ली। भारत पर अमेरिकी टैरिफ के मुद्दे पर विपक्षी सांसदों ने संसद के मकर द्वार के सामने विरोध प्रदर्शन किया। शिवसेना (यूबीटी) सांसद अरविंद सावंत ने कहा कि देखिए, अब क्या हुआ है। अमेरिका ने हम पर टैरिफ लगा दिया है। (भारत और अमेरिका के बीच) दोस्ती थी, लेकिन देखिए अब क्या हुआ है। कांग्रेस सांसद अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग ने कहा, प्रधानमंत्री को सदन में आना चाहिए और टैरिफ के मुद्दे पर जवाब देना चाहिए। कांग्रेस सांसद केसी वेणुगोपाल ने कहा कि कल भी हमने सदन में इस मुद्दे को उठाया था। विपक्ष के नेता ने भी इसे उठाया था। यह भारतीय अर्थव्यवस्था पर बहुत बड़ा हमला होगा। हम इस पर सरकार से जवाब मांग रहे हैं, लेकिन सरकार संसद बंद करके भाग रही है। वित्त मंत्री जवाब नहीं दे रहे हैं। इससे पहले कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारत पर 26 प्रतिशत जवाबी शुल्क (टैरिफ) लगाये जाने का मुद्दा बृहस्पतिवार को लोकसभा में उठाया और सरकार से सवाल किया कि इसे लेकर वह क्या करने जा रही है।

अखिलेश ने तोड़फोड़ कार्रवाई के समय किताबें समेटने वाली लड़की की मदद का संकल्प लिया

नई दिल्ली। समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने शुक्रवार को ऐलान किया कि वह आंबेडकर नगर की आठ वर्षीय अनन्या यादव की शिक्षा का खर्च उठाएंगे। अन्यया का एक वीडियो काफी चर्चा में रहा जिसमें वह अपनी झुग्गी के पास तोड़फोड़ की कार्रवाई के दौरान किताबों को समेटते हुए दौड़ती नजर आ रही है। इस वीडियो ने उच्चतम न्यायालय सहित सभी का ध्यान आकर्षित किया है। योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली सरकार पर निशाना साधते हुए अखिलेश ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट कर कहा, ''जो बच्चों का भविष्य उजाड़ते हैं, दरअसल वो बेघर होते हैं। हम इस बच्ची की पढ़ाई का संकल्प उठाते हैं।'' उन्होंने कहा, ''पढ़ाई का मोल पढ़ने वाले ही जानते हैं। बुलडोजर विध्वंसक शक्ति का प्रतीक है, ज्ञान, बोध या विवेक का नहीं। बुलडोजर अहंकार के ईंधन से, दंभ के पहियों पर सवार होकर चलता है, इसमें इंसाफ की लगाम नहीं होती है।'

भारतीय सेना ने मध्यम दूरी की सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल का सफल उड़ान परीक्षण किया

नई दिल्ली। रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) तथा भारतीय सेना ने 03 और 04 अप्रैल, 2025 को ओडिशा के समुद्री तट पर डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम द्वीप से मध्यम दूरी की सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल (एमआरएसएएम) के सैन्य संस्करण के चार सफल उड़ान परीक्षण किए। मीडियम-रेंज सरफेस-टू-एयर मिसाइल के चार ऑपरेशनल फ्लाइट ट्रायल उच्च गति वाले हवाई लक्ष्यों के खिलाफ किए गए। इस दौरान मिसाइलों ने हवाई लक्ष्यों को रोका और उन्हें नष्ट कर दिया, जिससे उन पर सीधा हमला अचूक सिद्ध हुआ। परीक्षणों को लंबी दूरी, छोटी दूरी, उच्च ऊंचाई और निम्न ऊंचाई पर चार लक्ष्यों को इंटरसेप्ट करने के लिए किया गया, जिससे ऑपरेशनल क्षमता पुख्ता साबित हुई।

ये उड़ान परीक्षण हथियार प्रणाली को चालू हालत में रखकर किए गए थे। हथियार प्रणाली की प्रदर्शन क्षमता को रेंज उपकरणों जैसे रडार और इलेक्ट्रो-ऑप्टिकल ट्रैकिंग सिस्टम द्वारा कैप्चर किए गए उड़ान डेटा के माध्यम से सत्यापित किया गया, जिन्हें चांदीपुर स्थित एकीकृत परीक्षण रेंज द्वारा तैनात किया गया था। सभी उड़ान परीक्षणों के दौरान डीआरडीओ और भारतीय सेना के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

2008 बम ब्लास्ट के सभी 4 आरोपी दोषी करार, जयपुर की विशेष अदालत 7 अप्रैल को सुनाएगी फैसला

नई दिल्ली। 2008 के जयपुर बम विस्फोट मामलों की सुनवाई कर रही विशेष अदालत ने शुक्रवार को सभी चार आरोपियों को दोषी करार दिया। बम विस्फोट मामलों की विशेष अदालत के न्यायाधीश रमेश कुमार जोशी ने फैसला सुनाते हुए आरोपियों को गैरकानूनी गतिविधि (रोकथाम) अधिनियम, विस्फोटक पदार्थ (निषेध) अधिनियम और आईपीसी की धाराओं के तहत दोषी करार दिया। सजा की अवधि सोमवार को घोषित की जाएगी। जयपुर ब्लास्ट मामले में 17 साल बाद फैसला आया है। 13 मई 2008 को जयपुर शहर में 15 मिनट के अंदर सात जगहों पर नौ बम धमाके हुए थे। चार आरोपियों शाहबाज हुसैन, सरवर आजमी, मोहम्मद सैफ और सैफुर्रहमान पर लाइव बम मामले में फैसला सुनाया गया है। इनमें से दो आरोपी सैफ-उर-रहमान और मोहम्मद सैफ पहले से ही जयपुर सेंट्रल जेल में बंद हैं, जबकि मोहम्मद सरवर आजमी और शाहबाज अहमद जमानत पर बाहर हैं।

हिंदी सिनेमा के 'भारत' कहे जाने वाले दिग्गज अभिनेता मनोज कुमार का निधन

मुंबई, । 'उपकार', 'पूरब और पश्चिम', 'रोटी, कपड़ा और मकान' जैसी फिल्मों में उदीयमान 'भारत' के आक्रोश और आकांक्षाओं को मूर्त रूप देने वाले अभिनेता-फिल्मकार मनोज कुमार का शुक्रवार सुबह मुंबई के एक अस्पताल में निधन हो गया। वह 87 वर्ष के थे।

देशभक्ति पर आधारित कई फिल्मों में अपनी भूमिकाओं के लिए 'भारत कुमार' के रूप में लोकप्रिय अभिनेता कुछ समय से बीमार थे। कुमार का उम्र संबंधी समस्याओं के कारण कोकिलाबेन अंबानी अस्पताल में तड़के करीब साढ़े तीन बजे निधन हो गया।

फिल्म निर्माता के बेटे कुणाल ने पीटीआई-भाषा से कहा, 'अब उन्हें दर्द से मुक्ति मिल गई है।' कुणाल ने बताया कि उनके पिता कई स्वास्थ्य समस्याओं से जूझ रहे थे और पिछले कुछ वर्षों से शय्याग्रस्त थे। पिछले कई सालों से शांत जीवन जी रहे कुमार को कई बार अस्पताल में भर्ती कराया गया। उनके बेटे ने बताया कि हाल ही में उन्हें निमोनिया के कारण अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

1960 और 1970 के दशक में बॉक्स ऑफिस पर राज करने वाले अभिनेता का अंतिम संस्कार शनिवार को मुंबई के पवन हंस श्मशान घाट में होगा। उनके परिवार में दो बेटे और पत्नी शशि हैं।

बैंकॉक में मो. यूनुस को पीएम मोदी की खरी-खरी, बोले-

माहौल खराब करने वाले बयानों से बचें

बैंकॉक। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस की शुक्रवार को थाईलैंड की राजधानी बैंकॉक में मुलाकात हुई। शेख हसीना की सरकार के सत्ता से बाहर होने के बाद दोनों नेताओं की यह पहली मुलाकात थी। दोनों नेता बिम्सटेक सम्मेलन से इतर मिले।

इस दौरान विदेश मंत्री एस जयशंकर और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल भी मौजूद रहे। दोनों नेताओं के बीच करीब 40 मिनट बातचीत हुई। पीएम मोदी की मोहम्मद यूनुस से मुलाकात को लेकर भारतीय विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने कहा कि पीएम मोदी ने एक बार फिर लोकतांत्रिक, स्थिर, शांतिपूर्ण, प्रगतिशील और समावेशी बांग्लादेश के प्रति समर्थन जताया। उन्होंने प्रोफेसर यूनुस के भारत के साथ सकारात्मक संबंधों की इच्छा को भी रेखांकित किया। प्रधानमंत्री ने अपील की कि माहौल खराब करने वाली बयानबाजी से बचा जाए। सीमा पर सख्ती से अवैध घुसपैठ को रोका जा सकता है और सीमा सुरक्षा को कायम रखा जा सकता है। प्रधानमंत्री ने बांग्लादेश में हिंदुओं और अल्पसंख्यकों की सुरक्षा को लेकर भी चिंता जाहिर की। बीते साल अगस्त में बांग्लादेश में शेख हसीना सरकार को सत्ता से बेदखल होना पड़ा था। उसके बाद से मोहम्मद यूनुस ही बांग्लादेश की अंतरिम सरकार का नेतृत्व कर रहे हैं। हालांकि मोहम्मद यूनुस का कार्यकाल विवादों में घिरा रहा है और उनके कार्यकाल में बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों खासकर हिंदुओं पर अत्याचार की घटनाएं बढ़ीं।

विरोध

कोलकाता-अहमदाबाद में पोस्टर जलाए; यूपी में बिल का समर्थन करने पर नमाजी को पीटा

वक्फ संशोधन बिल के खिलाफ 8 राज्यों में प्रदर्शन

नई दिल्ली। वक्फ संशोधन बिल के संसद से पास होने के खिलाफ देश में विरोध प्रदर्शन हो रहा है। शुक्रवार को जुमे की नमाज के बाद पश्चिम बंगाल, गुजरात, बिहार, झारखंड, तमिलनाडु, तेलंगाना, कर्नाटक, असम में मुस्लिमों ने सड़कों पर विरोध प्रदर्शन किया। इसमें महिला-बच्चे भी शामिल हैं।

उत्तर प्रदेश के सभी 75 जिलों में पुलिस हाई अलर्ट पर है। फ्लैग मार्च जारी है। लखनऊ में दरगाहों और मस्जिदों की ड्रोन से निगरानी की जा रही है। यूपी अल्पसंख्यक आयोग के पूर्व अध्यक्ष अशफाक सैफी को वक्फ संशोधन बिल का समर्थन करने पर जान से मारने की धमकी मिली। उनके बहनोई को पीटा गया। गुजरात के अहमदाबाद में सैकड़ों की संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोग सड़कों पर जुटे। उनके पोस्टर-बैनर पर वक्फ बिल वापस लो, रिजेक्ट यूसीसी लिखा था। लोगों ने बांह पर काली पट्टे बांधी हुई थी। भीड़ ने तानाशाही नहीं चलेगी के नारे लगाए। पुलिस ने 50 लोगों को हिरासत में लिया। पश्चिम बंगाल के कोलकाता में पार्क सर्कस क्रासिंग में हजारों लोग सड़कों पर जमा हुए। यहां भी वक्फ बिल रिजेक्ट के बैनर-पोस्टर लिए लोग विरोध कर रहे हैं। कोलकाता में कई जगहों पर विरोध हो रहा है। लोगों ने वक्फ बिल के विरोध की तख्तियां जलाईं। रांची में भी हंगामा हो रहा है। लोगों ने कहा कि वक्फ बिल देश के लिए सही नहीं है, मुस्लिमों के लिए सही नहीं है। बिहार में भी बिल के विरोध में लोग सड़कों पर हैं। तमिलनाडु में एक्टर विजय की पार्टी तमिलगा वेत्री कझगम के कार्यकर्ताओं ने बिल का विरोध किया।

भोपाल नगर निगम बजट 2025: BMC ने बढ़ाया भोपालवासियों पर टैक्स का बोझ

भोपाल। नगर निगम ने शहर के नागरिकों पर टैक्स का बोझ बढ़ा दिया है। बीएमसी की महापौर मलाती राय ने गुरूवार, 3 अप्रैल को निगम का 2025-26 का बजट पेश करते हुए प्रॉपर्टी टैक्स, वॉटर टैक्स, सॉलिड वेस्ट और सीवरेज टैक्स बढ़ाने का ऐलान किया है।

उन्होंने संपत्ति कर में 10 फीसदी और पानी, कचरा और सीवरेज टैक्स में 15-15 फीसदी वृद्धि करने का प्रस्ताव किया है। आइए अब आपको बताते हैं कि यदि नगर निगम परिषद ने महापौर का ये प्रस्ताव जस का तस मंजूर कर दिया तो आपकी जेब पर सालाना कितनी राशि का बोझ बढ़ जाएगा।

यदि शुक्रवार, 4 अप्रैल को सदन में बजट पास हो जाता है, तो भोपाल शहर के 2 लाख 75 हजार नल कनेक्शनधारियों और 5 लाख 62 हजार लोगों को हर साल प्रॉपर्टी, वॉटर, सीवरेज और सॉलिड वेस्ट के नाम पर 7 हजार 797 रुपए चुकाने होंगे। वर्तमान में इन चारों टैक्स का कुल 6 हजार 895 रुपए चुका रहे हैं, लेकिन विपक्ष कहना है कि वह ऐसा होने नहीं देंगे। विपक्ष का कहना है कि सदन में ऐसा बजट पास नहीं होने देंगे, जो जनता को घाटा पहुंचाए।

भोपालियों पर कैसे बढ़ेगा 902 रुपये का बोझ– भोपाल में रहने वाले लोगों से नगर निगम अभी प्रॉपर्टी टैक्स, वॉटर टैक्स, सॉलिड टैक्स और सीवरेज टैक्स वसूल करता है। ये सभी टैक्स मिलाकर भोपालियों को सालाना 6 हजार 895 रुपये टैक्स भरना पड़ता है। अगर निगम टैक्स में बढ़ोतरी करता है तो आपको सालाना 7797.50 रुपये टैक्स भरना पड़ेगा। इसका मतलब है कि आपकी जेब पर सालाना 902 रुपये का बोझ बढ़ेगा।

वॉटर टैक्स में 31 रुपए 50 पैसे का इजाफा– इस बार नगर सरकार ने वॉटर टैक्स में 15 फीसदी की वृद्धि प्रस्तावित की है, वर्तमान में मासीक वॉटर टैक्स 210 रुपए की दर से चुका रहे है। यानी अब वॉटर टैक्स में 31 रुपए 50 पैसे का इजाफा किया गया है। इस लिहाज से अब 1 अप्रैल से जनता को 241 रुपए 50 पैसे मासीक चुकाना होंगे। इसका सालाना वर्तमान में 2520 रुपए चुका रहे हैं, जो अब बढ़कर सालाना 2898 रुपए हो जाएगा।

वॉटर टैक्स तीन साल पहले भी बढ़ाया था - वॉटर टैक्स में आखिरी बार मार्च 2022 में बढ़ोतरी की गई थी। तीन साल पहले वॉटर टैक्स में 15 फीसदी यानी करीब 30 रुपए की वृद्धि की गई थी। यानी 180 रुपए वॉटर टैक्स था, जो बढ़कर 210 रुपए प्रति माह कर किया गया था।

प्रॉपर्टी पर 263 रुपए 50 पैसे का इजाफा– प्रॉपर्टी टैक्स में 10त्न की वृद्धि की गई है। यानी 263 रुपए 50 पैसे का इजाफा किया है। इस तरह समझ सकते है कि यदि आपका 1 हजार वर्गफीट का मकान है, तो अब आपको 2635 रुपए की जगह 2898 रुपए प्रॉपर्टी टैक्स जमा करना होगा।

सॉलिड वेस्ट पर सीधे 108 रुपए बढ़ाए– भोपालवासी वर्तमान में सॉलिड वेस्ट पर सालाना 720 रुपए टैक्स चुका रहे हैं। जिसपर 15त्न इजाफा करने के बाद सॉलिड वेस्ट पर 108 रुपए का भार बढ़ जाएगा, यानी अब उपभोक्ता को सॉलिड वेस्ट पर 828 सालाना चुकाना होगा।

वक्फ बिल पास होते ही योगी सरकार सख्त, इन संपत्तियों पर होगी जब्ती की कार्रवाई

लखनऊ। संसद के दोनों सदनों से वक्फ संशोधन बिल के पारित होने के बाद उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। सरकार ने सभी जिलों के जिलाधिकारियों (छ्वरू) को निर्देश जारी किए हैं कि वे उन वक्फ संपत्तियों की जांच करें, जो राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज नहीं हैं और नियमों को ताक पर रखकर वक्फ घोषित की गई हैं। ऐसी संपत्तियों को चिह्नित कर जब्त करने की तैयारी है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, यूपी में वक्फ बोर्ड द्वारा दावा की गई अधिकांश संपत्तियों का कोई आधिकारिक रिकॉर्ड नहीं है। राजस्व रिकॉर्ड में सुन्नी वक्फ बोर्ड की सिर्फ 2,500 से अधिक और शिया वक्फ बोर्ड की 430 संपत्तियां ही दर्ज हैं। हालांकि, वक्फ बोर्ड के दावे इससे कहीं बड़े हैं। सुन्नी वक्फ बोर्ड के मुताबिक उनकी 1,24,355 और शिया वक्फ बोर्ड की 7,785 संपत्तियां हैं।

कानूनी दायरे में होगी सख्ती

रिपोर्ट्स में यह भी सामने आया है कि तालाब, खलिहान और ग्राम समाज की जमीनों को भी बड़े पैमाने पर वक्फ घोषित किया गया है, जिसे सरकार ने पूरी तरह अवैध करार दिया है। अधिकारियों का कहना है कि केवल वही संपत्तियां वक्फ मानी जाएंगी, जो स्पष्ट रूप से दान में दी गई हों। योगी सरकार ने साफ कर दिया है कि नियमों को दरकिनार कर घोषित की गई हर संपत्ति पर कानूनी कार्रवाई होगी और दोषियों पर भी जवाबदेही तय की जाएगी।

अभिनेता मनोज कुमार के निधन पर देवड़ा ने किया शोक व्यक्त

भोपाल । प्रसिद्ध अभिनेता, निर्माता और निर्देशक श्री मनोज कुमार के निधन पर उप मुख्यमंत्री श्री जगदीश देवड़ा ने गहन शोक व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि श्री मनोज कुमार का भारतीय सिनेमा में योगदान अविस्मरणीय है। उनकी फिल्मों ने देशवासियों में राष्ट्रप्रेम और सामाजिक चेतना की अलख जगाई। उन्होंने भारतीय मूल्यों, संस्कृति और देशभक्ति को अभिव्यक्त किया, जिसके लिए उनका सदैव स्मरण किया जाएगा। उप मुख्यमंत्री श्री देवड़ा ने कहा कि स्व. मनोज कुमार केवल एक अभिनेता नहीं थे, बल्कि भारतीय सिनेमा में राष्ट्रीय चेतना के प्रतीक थे। उनकी फिल्मों ने देश की भावनाओं को सशक्त अभिव्यक्ति दी और समाज को प्रेरित किया।

धार्मिक और आध्यात्मिक पर्यटन को बढ़ावा दे रही मोहन सरकार, प्रदेश में बौद्ध सर्किट विकसित करने के दिए निर्देश

भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने राज्य सरकार की प्राथमिकता के रूप में धार्मिक और आध्यात्मिक पर्यटन के विकास पर जोर दिया, जिसमें बौद्ध सर्किट के तहत महत्वपूर्ण स्थलों को शामिल किया जाएगा। उन्होंने नई शिक्षा नीति-2020 को विश्वविद्यालयों में लागू करने के महत्व को रेखांकित किया और महाकात्यायन पर शोध की आवश्यकता पर बल दिया। इसके साथ ही, आगामी नवम्बर में बौद्ध समाज का रजत जयंती सम्मेलन आयोजित करने की तैयारी की घोषणा की।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने स्पष्ट किया कि राज्य सरकार धार्मिक और आध्यात्मिक पर्यटन के क्षेत्र में विकास को अपनी प्रमुख प्राथमिकता बना रही है। इस संदर्भ में, उन्होंने भगवान बुद्ध से प्रभावित प्रदेश के महत्वपूर्ण स्थलों को एक बौद्ध सर्किट के रूप में विकसित करने की आवश्यकता पर जोर दिया।

इसमें सतधारा, सोनारी, सांची और उज्जैन जैसे प्रमुख स्थल शामिल होंगे। यह प्रयास प्रदेश में पर्यटन को बढ़ावा देने और धार्मिक स्थलां को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने के लिए किया जा रहा है।

नई शिक्षा नीति-2020 को विश्वविद्यालयों में प्राथमिकता से लागू करने का निर्देश

मुख्यमंत्री ने विश्वविद्यालयों में नई शिक्षा नीति-2020 को प्राथमिकता के रूप में लागू करने के महत्व को रेखांकित किया। इससे प्रदेश में शिक्षा का स्तर सुधारने और छात्रों को बेहतर अवसर प्रदान करने में मदद मिलेगी। यह कदम राज्य सरकार द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में सुधार की दिशा में उठाया गया महत्वपूर्ण कदम है।

सांची बौद्ध भारतीय ज्ञान अध्ययन विश्वविद्यालय की कार्यपरिषद की बैठक

गुरुवार को सांची बौद्ध भारतीय ज्ञान अध्ययन विश्वविद्यालय की छठवीं कार्यपरिषद की बैठक समता भवन (मुख्यमंत्री निवास) में हुई। बैठक की अध्यक्षता मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने की। इस बैठक में संस्कृति राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मेंद्र भाव सिंह लोधी और विश्वविद्यालय के कुलाधिपति आचार्य प्रो. यज्ञेश्वर एस. शास्त्री वर्चुअली शामिल हुए। बैठक में विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. वैद्यनाथ लाभ, महापरिषद के सदस्य प्रो. सत्य प्रकाश शर्मा, पद्मश्री कपिल तिवारी, अभय कात्यायन और प्रो. ईश्वर शरण विश्वकर्मा भी मौजूद थे।

महाकात्यायन पर शोध की आवश्यकता पर दिया बल

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने भगवान बुद्ध के प्रमुख शिष्यों में से एक महाकात्यायन पर शोध शुरू करने के महत्व पर बल दिया। महाकात्यायन का विश्वास था कि उन्होंने बौद्ध धर्म की शिक्षाओं को उज्जैन से मथुरा तक फैलाया। उनकी तार्किक तर्क और वाद-विवाद कौशल की कहानियां आज भी प्रेरणा देने वाली हैं। उनकी यात्रा बोधि वृक्ष के नीचे ज्ञान की प्राप्ति की प्रेरक कथा के रूप में प्रस्तुत की जाती है, जो धैर्य, ज्ञान और आत्म-अनुशासन के महत्व को दर्शाती है।

बौद्ध समाज का रजत जयंती सम्मेलन

बैठक में यह भी बताया गया कि आगामी नवम्बर माह में भोपाल में भारतीय बौद्ध अध्ययन सोसायटी का रजत जयंती सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अधिकारियों को इस आयोजन की तैयारियों को जल्द से जल्द पूरा करने का निर्देश दिया। यह सम्मेलन बौद्ध समाज के लिए एक ऐतिहासिक अवसर होगा, जो प्रदेश की धार्मिक और सांस्कृतिक धरोहर को और भी समृद्ध करेगा।

विश्वविद्यालय के निर्माण कार्यों की प्रगति

विश्वविद्यालय के कुलपति ने बैठक में चल रही शैक्षणिक गतिविधियों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बालक एवं बालिका छात्रावासों का निर्माण पूरी तरह से समाप्त हो चुका है। इसके अलावा, शैक्षणिक भवन, प्रशासनिक भवन और पुस्तकालय के निर्माण का कार्य भी लगभग पूरा हो चुका है। ये विकास कार्य विश्वविद्यालय को और भी सशक्त बनाने के लिए किए जा रहे हैं।

आज जहांगीराबाद स्थित शा. कन्या उ. मा. विद्यालय में स्कूल चले हम अभियान (प्रवेशोत्सव) कार्यक्रम में सम्मिलित होकर संबोधित किया इस अवसर कर पर पार्षद पप्पू विलास, भाजपा नेता नवल प्रजापति, जिला शिक्षा अधिकारी नरेंद्र अहिरवार, प्राचार्य शिक्षक एवं विद्यार्थी गण उपस्थित रहे।

मध्यप्रदेश को मिलेंगे 16 आईएएस अफसर, आईएएस अवॉर्ड की प्रक्रिया शुरू

भोपाल। मध्यप्रदेश को अगले दो महीनों में 16 नए ढ्ढस अफसर मिलने की उम्मीद है। ये अफसर राज्य प्रशासनिक सेवा से होंगे। सामान्य प्रशासन विभाग ने इन अफसरों को ढ्ढस अवॉर्ड देने की प्रक्रिया को फिर से शुरू कर दिया है। बता दें यह प्रोसेस विवादों के कारण काफी समय से अटकी हुई है। 15 दिनों के भीतर दिल्ली में प्रस्ताव भेजा जाएगा, जहां एक बैठक में इन अफसरों को ढ्ढस अवॉर्ड दिया जाएगा।

इन अफसरों को मिल सकता है अवार्ड

सामान्य प्रशासन विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार, राज्य प्रशासनिक सेवा के ये अफसर आईएएस अवॉर्ड प्राप्त करेंगे। एनपी नामदेव , डॉ. कैलाश बुंदेला , कमलचंद नागर , मनोज मालवीय , जयंत कुमार विजयवत, नंदा भलावे कुशरे , अनिल डामोर, सविता झारिया, सारिका भूरिया , कमल सोलंकी , जितेंद्र सिंह चौहान , संतोष कुमार टैगोर, निशा डामर , राकेश कुशरे , सैली कनास, रोहन सक्सेना , कविता बाटला , सपना अनुराग जैन , आशीष कुमार पाठक , मिनिषा पांडे , ईला तिवारी , सपना लोवंशी , निता राठौर , शैलेंद्र सिंह सोलंकी , रानी बासी , रंजना देवड़ा, माधवी नागेंद्र , वर्षा सोलंकी , प्रियंका गोयल , अभिषेक दुबे

कुछ अफसरों के खिलाफ 2023 में जांच चल रही थी, जैसे एनपी नामदेव, डॉ. कैलाश बुंदेला, जयंत कुमार विजयवत और कमलचंद नागर। यदि दो महीने बाद अवॉर्ड दिए गए, तो ये अफसर 1 जनवरी 2025 से ढ्ढस के रूप में मान्यता प्राप्त करेंगे।

एक साथ जलीं 8 चिताएं, बेटी ने दी मुखाग्नि

खंडवा में कुएं में जहरीली गैस से हुई थी मौत, एक को बचाने में गई 7 की जान

खंडवा। खंडवा के कोंडावत गांव में शुक्रवार सुबह एक साथ 8 चिताएं जलीं तो मुक्तिधाम में मौजूद लोग अपने आंसू नहीं रोक सके। पिता को मुखाग्नि देने वाली बेटी का चेहरा देखकर सभी गमगीन हो गए। कोंडावत गांव के एक कुएं में जहरीली से दम घुटने के कारण गुरुवार को 8 लोगों की मौत हो गई थी। करीब 3 घंटे चले रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद शव कुएं से बाहर निकाले जा सके। सभी 8 शवों को जिला अस्पताल ले जाया गया। रात 12 बजे तक डॉक्टरों की टीम ने पोस्टमॉर्टम किया। शुक्रवार सुबह साढ़े आठ बजे सभी शवों को अलग-अलग वाहनों से गांव लाया गया। यहां अंतिम श्रद्धांजलि के बाद मुक्तिधाम ले जाया गया। अंतिम संस्कार में आसपास के गांवों के लोग भी शामिल हुए। प्रशासन ने मृतकों के परिजन को 4-4 लाख रुपए की आर्थिक मदद देने का ऐलान किया है। एसडीएम बजरंग बहादुर ने कहा कि कुएं को तोड़कर मुरुम से भरा जाएगा।

कुएं में सफाई करने उतरा था अर्जुन

गुरुवार शाम छैगांवमाखन ग्राम पंचायत के कोंडावत गांव में गणगौर विसर्जन के लिए अर्जुन पटेल सफाई करने कुएं में उतरा था। वह जहरीली गैस के कारण बेसुध होकर कुएं में जमा दलदल में डूबने लगा। उसे बचाने के चक्कर में एक के बाद एक 7 और लोग कुएं में उतरे। ये सब भी जहरीली गैस के कारण दम घुटने से डूब गए और इनकी जान चली गई।

एमपी में 8 अप्रैल से नया सिस्टम, 5 दिन रहेगी गर्मी, 2 से 5 डिग्री तक बढ़ेगा पारा

भोपाल, इंदौर, उज्जैन और ग्वालियर सबसे ज्यादा तपेंगे

भोपाल। मध्यप्रदेश में अगले 5 दिन तक तेज गर्मी पड़ेगी। भोपाल, इंदौर, उज्जैन और ग्वालियर में पारा 2 से 5 डिग्री तक बढ़ेगा, जबकि जबलपुर, चंबल, नर्मदापुरम, रीवा, शहडोल, सागर संभाग में भी गर्मी बढ़ेगी। इससे पहले गुरुवार को भोपाल समेत प्रदेश के कई जिलों में ओले, बारिश और तेज हवा का असर रहा।

मौसम विभाग के अनुसार, वेस्टर्न डिस्टरबेंस (पश्चिमी विक्षोभ) और साइक्लोनिक सर्कुलेशन की वजह से प्रदेश में पिछले चार दिन से मौसम बदला रहा। कई जिलों में ओले गिरे। आकाशीय बिजली भी गिरी, जबकि बारिश और तेज आंधी चली। यह सिस्टम अब कमजोर पड़ जाएगा। जिससे शुक्रवार को बारिश का अलर्ट नहीं है। कुछ जिलों में बादल जरूर छा सकते हैं।

दूसरी ओर, भोपाल समेत कई शहरों में दिन के पारे में बढ़ोतरी देखने को मिलेगी। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि 8 अप्रैल से एक पश्चिमी विक्षोभ एक्टिव हो रहा है, जिसका असर प्रदेश में भी देखने को मिलेगा। यानी, एक बार फिर बारिश का दौर शुरू हो जाएगा।

कई जिलों में बारिश का दौर, पारा लुढ़का

इससे पहले गुरुवार को भी मौसम का मिजाज बदला रहा। भोपाल, सीहोर, रायसेन, ग्वालियर, सागर, बालाघाट और गुना में बारिश हुई। बालाघाट में सुबह बूंदाबांदी के बाद दोपहर में तेज बारिश हुई। वहीं सीहोर में शाम को रिमझिम हुई। भोपाल समेत कई जिलों में बादल छाए हुए हैं। भोपाल में तो कहीं-कहीं बूंदाबांदी भी हुई।

दूसरी ओर, कुछ शहरों में दिन के तापमान में गिरावट हुई। मलाजखंड में पारा 28.8 डिग्री, मंडला में 30.2 डिग्री, उमरिया में 30.7 डिग्री और सिवनी में 30.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। बड़े शहरों की बात करें तो भोपाल में 36.4 डिग्री, इंदौर में 37.2 डिग्री, ग्वालियर में 37.6 डिग्री, उज्जैन में 38 डिग्री और जबलपुर में 32.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

भोपाल में युवक से मोबाइल लूटा

मेट्रो प्लाजा हबीबगंज इलाके की घटना, सड़क पर खड़े होकर रैपिडो बुक कर रहा था

भोपाल। शहर के हबीबगंज इलाके में एक युवक से मोबाइल लूट की वारदात हो गई। लुटेरे युवक का महंगा स्मार्टफोन छीन कर मौके से फरार हो गया। घटना की शिकायत पीड़ित युवक आकाश मिश्रा ने थाने में दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक, घटना बुधवार रात करीब 11 बजे की है। पीड़ित युवक सड़क किनारे रैपिडो बुक करने के लिए फोन का इस्तेमाल कर रहा था, तभी दो अज्ञात व्यक्ति अचानक आए और धक्का देकर उसका फोन छीनकर भाग गए। युवक के विरोध करने से पहले ही लुटेरे फरार हो गए। पीड़ित ने पुलिस को बताया कि लूटा गया मोबाइल फोन स्स्ड्डद्वह्यह्वठ्ठद्द 40 ह्यद्गह्म्द्बद्गह्य मॉडल का था। जिसकी कीमत लगभग 30 हजार रुपए है। वारदात के बाद मोबाइल कुछ देर तक ऑन था। इसके बाद फोन का नेटवर्क बंद हो गया। जिससे संदेह है कि लुटेरे ने फोन बंद कर दिया या सिम कार्ड निकाल दिया। पीड़ित ने पुलिस से जल्द से जल्द लुटेरे को पकड़ने और फोन को ट्रेस करने की मांग की है। भोपाल पुलिस ने शिकायत दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। एएसआई संतोष मार्कम ने कहा कि घटना स्थल के आसपास लगे ष्टष्टञ्जङ्क के फुटेज खंगाले जा रहे हैं, जिससे लुटेरे की पहचान की जा सके।

भले ही सरकार सरल नामांतरण सुविधा की ढींगे हांकती हो, लेकिन नामांतरण कराने बार-बार काटने पड़ते हैं तहसील दफ्तर के चक्कर: अवनीश बुंदेला

भोपाल। इस सच्चाई को नकारा नहीं जा सकता कि जो व्यक्ति अपनी मेहनत-खून पसीने की कमाई से अपने जीवन काल में अपने और अपने परिवार के लिए आसियाना बनाता है, इसको खरीदने में अपना पेट काटकर अपने जीवन की एक आमदनी का बड़ा हिस्सा उसमें खर्च करता है। उसकी वह अचल संपत्ति में भूमि एक ऐसी वस्तु है की जो भी व्यक्ति इसको खरीदता है उसे भूमि को सहेज के रखता है। लेकिन वर्तमान में मध्य प्रदेश में परिस्थितियां कुछ ऐसी बनी हुई हैं कि संपत्ति खरीदने पर लगभग 10.50 प्रतिशत पंजीयन शुल्क सरकार को देने के बावजूद भी उस व्यक्ति को नगर निगम विभाग के द्वारा जिसमें नाली, सड़क, बिजली और पानी जैसी मूलभूत सरकारी सुविधाओं को लाभ उसे आसानी से नहीं मिल पाता, उस सुविधा से उसे वंचित रहना पड़ता है। जिसका एक सबसे बड़ा कारण है मध्य प्रदेश में 2022 के बाद संपत्तियों की नामांतरण उचित ढंग से नहीं हो पा रहे है।

मध्य प्रदेश में संपत्तियां चाहे वह खेती की जमीन हो, रहवासी जमीन हो, मकान हो या प्लाट हो, आज की तारीख में नामांतरण प्रक्रिया एक बहुत जटिल समस्या बन गई है। आम आदमी, किसानों, मध्यमवर्गीय लोगों के लिए अपनी संपत्ति का कराना शिखर पर चढने के समान हो गया है। नामांतरण यदि अपनी पहुंच रखने वाला व्यक्ति संबंधित राजस्व निरीक्षक, पटवारी, तहसीलदार से मेल मुलाकात कर सेवा शुल्क दे देता है तो भी लगभग 2 महीने चक्कर काटने के बाद संभवतः नामांतरण हो जाता है। लेकिन आम और गरीब आदमी के लिए नामांतरण कराना इतना आसान नहीं होता है।

यह संज्ञान में लाना बहुत आवश्यक है कि जब एक गरीब व्यक्ति नियम अनुसार नामांतरण करवाने के लिए तहसील और नजूल विभाग जातः है जबकि उसके पास उसकी संपत्ति के समस्त दस्तावेज होते हैं और वह सारे दस्तावेज पहले से ही रिकार्ड में दर्ज भी होते हैं तब भी उससे पहले तो कागज़ जमा करवाए जाते हैं। तहसीलदार, पटवारी के चक्कर काटने के बाद पुराने रिकार्ड में भी कमी बताकर नामांतरण आवेदन को नियमों के हिसाब से निरस्त कर दिया जाता है। जबकि रिश्वत देने पर यह सारे नियम ताक पर रखकर तत्काल प्रभाव से नामांतरण कर दिया जाता है।

समाज सेवा में निरंतर कार्य करने पर बलराम उईके को कुलगुरु के द्वारा सम्मानित

छिंदवाड़ा! पीएम कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस शासकीय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय छिंदवाड़ा प्राचार्य डॉ. वाय. के. शर्मा के संरक्षण एवं राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी प्रो. महेंद्र साहू, प्रो. मंसाराम उईके, डॉ निधि डोड़ानी के नेतृत्व मे आयोजित सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना विशेष शिविर जामुनझिरी मे समापन अवसर पर भूतपूर्व एनएसएस स्वयंसेवक और समाजसेवी बलराम उईके को वर्ष 2017 से श्रम, सेवा, सहयोग की भावना को चरितार्थ करते हुए समाज सेवा मे निरंतर कार्य करने और समय समय पर बाल संरक्षण, महिला सशक्तिकरण, रक्तदान, स्वच्छता अभियान, वृक्षारोपण जैसे विषयों पर निरंतर कार्य करने और समय समय पर नव प्रवेशित एनएसएस स्वयंसेवकों को परेड प्रशिक्षण देने पर राजा शंकरशाह विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो.इंद्र प्रसाद त्रिपाठी प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस शासकीय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय छिंदवाड़ा प्राचार्य डॉ. वाय. के. शर्मा, जनभागीदारी अध्यक्ष भरत घई, राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त शिक्षक विनोद तिवारी राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी प्रो. महेंद्र साहू, प्रो. मंसाराम उईके, डॉ. निधि डोडानी के द्वारा उत्कृष्ट कार्य करने पर मैडल और प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया !

मजदूर शिवम् की मृत्यु पर कंपनी ने की 25 लाख की आर्थिक मदद

छिन्दवाड़ा। ठेकेदार एसोसिएशन के अध्यक्ष शैलेन्द्र यादव ने बताया कि ब्लू ब्रॉस कंपनी द्वारा रामाकोना के पास मोरपानी गांव पर पाईप लाईन निर्माण कार्य किया जा रहा था, जिसमें 17 से 18 मजदूर काम कर रहे थे जिसमें कि पानी की पाईप लाईन चैकिंग के दौरान दो बॉल्व बंद होने के कारण एक पाईप लाईन फटने से पानी के तेज प्रेशर से एक मजदूर शिवम् जाधव निवासी बगडोना, जिला गुना जख्मी हो गया । जिसका ईलाज उसी के साथी एक मजदूर ने पवार हॉस्पिटल छिन्दवाड़ा में लेकर पहुंचा वहॉ से जिला अस्पताल आये एवं जिला अस्पताल से नागपुर रैफर कर दिया गया नागपुर जाते वक्त उस मजदूर की मृत्यु हो गयी जब सुबह - सुबह पोस्टमार्डम के समय राकेश सोलखिया, रिंकू राय, अजय पराड़कर, पंकज राठी, आलोक उर्फ बंटी धारपुरे ने मैं शैलेन्द्र यादव ठेकेदार एसोसिएशन के अध्यक्ष मुझसे इन्होंने संपर्क किया और हॉस्पिटल पहुंचा तब कंपनी के सुपर वाइजर राहुल शर्मा से मुलाकात हुई उन्होंने कंपनी के ऑनर विशाल उमन्द से चर्चा करवायी तब बताया कि वे दिल्ली गुडगांव के रहने वाले है उन्होंने कहा कि शिवम् जाधव को मैं 25 लाख रूपये की आर्थिक सहायता उसके परिजन को दूंगा, जिसमें से 10 लाख रूपये मृतक के भाई को 03 अप्रैल 25 को आर.टी.जी.एस. के माध्यम से दिये गये एवं बाकी की रकम 15 लाख रूपये उनके परिवार को 15 से 20 दिन में सौंप देने का आश्वासन दिया साथ ही उसके बीमा की राशि भी दिलवाने में मदद करने की बात कही है ।

महेश धुर्वे बने भारतीय किसान यूनियन टिकेत के छिंदवाड़ा जिला अध्यक्ष
किसानो के हितो को लेकर करेंगे कार्य

सिंगोड़ी। अमरवाड़ा विधानसभा क्षेत्र के एक छोटे से गांव पिंडरई डबीर के निवासी महेश धुर्वे पिता सोम लाल धुर्वे को भारतीय किसान यूनियन टिकेत संघ के जिला अध्यक्ष छिंदवाड़ा के पद पर मनोनीत किया गया है। जिसके चलते श्री धुर्वे आदिवासी विधानसभा क्षेत्र के निवासी होने के साथ साथ समाजसेवा के क्षेत्र में अनेक कार्य कर चुके है और गरीब किसान सहित आदिवासियों के हितार्थ हेतु लड़ाई लड़ते है जिन्हें आज भारतीय किसान यूनियन संघ के प्रदेश अध्यक्ष अनिल यादव ने नियुक्ति पत्र प्रदान कर छिंदवाड़ा का जिला अध्यक्ष बनाया है। और इन्हें चौ. टिकैत की नीतियों कार्यक्रम आदि का प्रचार-प्रसार करते हुए संगठन को मजबूती प्रदान करने के कार्य करने सहित क्षेत्र के किसानो की समस्याओं का समाधान करने व हितो का ध्यान रखने की बात कही।

नुक्कड़ नाटक पानी है तो जिंदगानी है का मंचन किया

छिंदवाडा। शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चंदनगांव में विश्व हिंदी रंगमंच दिवस के उपलक्ष्य में प्रसिद्ध रंगकर्मी श्री विजय आनंद दुबे द्वारा छात्राओं को नाट्यकला कौशल के कुछ महत्वपूर्ण बिन्दूओं से परिचय कराया गया एवं एक नुक्कड़ नाटक पानी है तो जिंदगानी है का मंचन किया गया। इस कार्यक्रम में संस्था की सभी छात्राओं के द्वारा सहभागिता की गई। इस अवसर पर संस्थां के श्री सुनील पवार, प्रभारी प्राचार्य, एवं शिक्षक श्री पराग कटारे, श्री मंगलप्रसाद मानमोड़े, श्रीमती प्रेमवती उइके, श्री विपतलाल डोंगरे, नकुल खापरे, योगेश पाटिल तथा उपेन्द्र वर्मा उपस्थित रहे।

रामनवमी की पूर्व संध्या पर हर घर में जलायें पांच दिये एवं भगवा झण्डा लगाएं

श्रीराम जन्मोत्सव पर निकलेगी भव्य शोभायात्रा हिन्दु उत्सव समीति ने स्वागत द्वार, भगवातोरण पताका लगाकर सजाया शहर

छिंदवाड़ा। हिन्दुउत्सव समिति छिंदवाडा द्वारा श्री राम जन्मोत्सव 6 अप्रैल को भव्य रूप से मनाने का निर्णय किया है। हिन्दू उत्सव समिती के अध्यक्ष शंटी बेदी सहित पत्रकारों से चर्चा करते हुए बताया कि सभी के सहयोग से मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम जन्मोत्सव के अवसर पर विशाल शोभायात्रा (पदयात्रा) का आयोजन किया गया है। इस शोभायात्रा का नेतृत्व हजारों कि संख्या में मातृशक्ति द्वारा किया जायेगा। पत्रकार वार्ता में हिन्दु उत्सव समीति से जुड़े प्रमुख जनप्रतिनिधियों में हिन्दु उत्सव समीति के अध्यक्ष शंटी बेदी, जिला भाजपा के अध्यक्ष शेषराव यादव, नगेन्द्र ब्रम्हचारी, पूर्वमंत्री दीपक सक्सेना, चौधरी चन्द्रभान, गंगाप्रसाद तिवारी, रमेश पोफली, महापौर विक्रम अहके, निगम अध्यक्ष सोनू मागो, विश्व हिन्दु परिषद अरविंद प्रताव, इन्द्रजीत सिंह बैस, विजय झांझरी, कांता योगेश सदारंग, हरिओम सोनी, संतोष राय, शिव मालवी, धर्मेन्द्र मिगलानी, अभिलाष गोहर, अरूण शर्मा, आनंद बक्सी, विजय पांडे, भाजपा महिला मोर्चा की अध्यक्ष सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

उन्होने बताया कि शोभायात्रा का स्वरूप सबसे प्रथम पंक्ती में शोभायात्रा पथदर्शक डी0 जे0 रहेगा। चांदामेटा की टोली- पथक, ढोल गर्जना के साथ अग्रेसर रहेगी।. संत-महात्मा, पुजारी पथ प्रदर्शन करेंगे। श्री हनुमान जी,अंगद सुग्रीव वानर सेना के साथ रहेगे,समीति के अध्यक्ष ने बताया कि शोभायात्रा में श्री राम दरबार की जीवंत झांकी रथ पर सवार रहेगी। माँ काली, माँ दुर्गा जी की झांकी रथ पर सवार रहेगी।. कन्याओं की टोली राम धुन के साथ चलेगी। शंकर-पार्वती जी कि झांकी रथ पर रहेगी। मातृशक्ति एक ड्रेस कोड के साथ हजारो कि संख्या में रामधुन-जागरण करते चलेगी।. महाकाल कि झांकी रथ पर सवार रहेगी।. युवाशक्ती जय श्रीराम का घोष करते हुए चलेगी।भारत माता कि झांकी।यह शोभायात्रा श्री दादाजी धुनीवाले मंदिर से प्रारंभ होकर शहर के प्रमुख मार्गो से दशहरा मैदान पहुंचेगी।अनगढ हनुमान मंदिर में सामुहिक, हनुमान चालीसा का पाठ होगा। दशहरा मैदान में सुंदरकांड पाठ प्रभु श्रीरामचंद्र जी का पूजन-अर्चन -आरती होगी। प्रसाद वितरण के पश्चात शोभायात्रा का समापन होगा।

भगवातोरण, विद्युत सज्जा के साथ सजा शहर

हिन्दू उत्सव समिती व्दारा शहर को आकर्षक विद्युत सज्जा के साथ सजाया गया है। * शहर में दस स्थानो पर बडे स्वागत व्दार एवं 15 स्थानो पर एकल स्वागत द्वार बनाये गये है।शहर के मुख्य मार्गो पर 500 किलो भगवातोरण पताका लगाकर सजाया गया है। शहर के होल्डींग पर रामायण काल के प्रसँगो की उल्लेखित होल्डींग लगाये गये है। शहर के मार्गो पर भगवा ध्वज लगाये गये है।

घर घर पीले चांवल के साथ आमंत्रण दिया

शहर में घर-घर जाकर पीले चावल के साथ आमंत्रण पत्र देकर परिवार के साथ श्रीराम जन्मोत्सव के शोभा यात्रा में शामिल होने का निवेदन किया है। * हर घर पर भगवान श्री राम जी के स्टीकर लगाये जा रहे है। भगवा ध्वज लगाए जा रहे है। * शहर मुख्य मठ मंदिरों में श्री राम जी के जन्मोत्सव पर प्रसाद एवं अतिशबाजी वितरित की जायेगी। दशहरा मैदान में शोभायात्रा के समापन पर आकर्षक आतिशबाजी की जायेगी।

इन मार्गो से निकलेगी शोभायात्रा

हिन्दु उत्सव समिति के अनुसार शोभायात्रा- पदयात्रा दिनांक 06 अप्रैल 2025दिन रविवार शाम 4.00 बजे,शोभायात्रा मार्ग श्री दादाजी धुनीवाले मंदिर से प्रारंभ होकर माता मंदिर गुरुद्वारा के बाजू से , चारफाटक, संतोषी चाटी पान की दुकान के चार खम्बा सामने से शनिचरा बाजार, मनमंदिर, श्याम टॉकिज, चारफाटक, तिलक मार्केट, शास्त्री प्रतीमा यातायात थाना, मानसरोवर कॉम्पलेक्स, जेल तिराहा, फव्वारा चौक अंनगढ़ हनुमान मंदिर (हनुमान चालीसा पाठ) कोतवाली थाना, दशहरा मैदान मे समापन होगा। जहां महाआरती के बाद प्रसाद वितरण कर आतिशबाजी की जाएगी।

भक्तों की आस्था का केंद्र बिन्दु....

स्वयंभू श्री बड़ी माता विशेष श्रृंगार पूजन पाठ से सुशोभित हुआ

छिंदवाड़ा। नगर शक्तिपीठ श्री बड़ी माता मंदिर में चैत्र नवरात्र के पावन पर्व में 9 दिवसीय नवरात्र महोत्सव का कार्यक्रम विधि विधान पूर्वक किए जा रहे हैं। अध्यक्ष संतोष सोनी ने बताया इस वर्ष चैत्र नवरात्र में दिव्य 201 ज्योति कलश प्रज्वलित हो रहे हैं। जिसमें भक्ति भाव के साथ प्रतिदिन प्रातः संध्या पूजन पाठ नियमित रूप से किए जा रहे है। इसी तारतम्य में पंचमी विशेष महाआरती का आयोजन बुधवार की रात्रि में किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में दर्शन , पूजन हेतु भक्तगण सम्मिलित हुए। इसी क्रम में छठमी की विशेष तिथि में मातारानी के स्वयंभू प्रकट स्वरूप गर्भगृह में विशेष श्रृंगार सेवकों के द्वारा अनासम अन्नास श्रृंगार से बड़ी माई के स्वयंभू दरबार को सुशोभित किया गया है। जिसमें बड़ी संख्या भक्तगण पूजन दर्शन किया गया। ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष अखिलेश भारद्वाज ने बताया जैसा कि आप सभी को विदित हैं। करोड़ों के मंदिर नवनिर्माण जनसहयोग के लिए नगर के विभिन्न क्षेत्रों में टोलियों के माध्यम से प्रतिदिन सहयोग लेने हेतु मंदिर ट्रस्ट पदाधिकारी सहयोग लेने हेतु घर घर जा रहे है। आप समस्त नगर वासी से विनम्र निवेदन हैं। हमारे जनसहयोग में अधिक से अधिक अपनी भावनाओं क्षमता के अनुसार मंदिर नवनिर्माण में अवश्य सहयोग करें ।आगामी तिथियों के मुख्य कार्यक्रम जिसमें अष्टमी का हवन पूजन कार्यक्रम 5 अप्रैल प्रातः 10 बजे आरंभ किया जाएगा। नवमी कन्या पूजन 6 तारीख को प्रातः 10 बजे से साथ ही हलवा पुड़ी महाप्रसाद का वितरण भी किया जाएगा। साथ ही संध्या 3 बजे से ज्वारे कलश विसर्जन का कार्यक्रम भी रखा गया है। आप मंदिर ट्रस्ट के समस्त कार्यक्रम के सादर आमंत्रित रहेंगे।

वन विभाग ने पकड़ा सागौन के लट्ठा और चटपट,प्रकरण पंजीबद्ध



अमरवाड़ा। वन विभाग अमरवाड़ा ने मुखबिर की सूचना के बाद सागौन का बड़ा जखीरा आरोपियों के साथ पकड़ा है। मुख्य वन संरक्षक मधु वि. राज, वन मंडल अधिकारी पूर्व एलके वासनिक एवं एसडीओ सिद्धार्थ दीपांकर के कुशल मार्गदर्शन पर 1 अप्रैल की दरमियानी रात मुखवीर की सूचना के आधार पर अमरवाड़ा वन विभाग द्वारा टीम गठित कर गश्ती की गई। गश्ती दल द्वारा गश्ती के दौरान पशु चिकित्सालय अमरवाड़ा से ढाबा मार्ग पर वाहन क्रमांक एमपी 28 "श्र 7417 बोलोरो पिकअप एवं दो पहिया वाहन होंडा शाइन एमपी 28 ह्स्र 0997 के द्वारा बोलोरो पिकअप के आगे आगे चलकर रास्ता साफ का संकेत दिया जा रहा था। जहां घेराबंदी कर रोककर पूछताछ एवं तलाशी करने पर पाया गया कि वाहन में सागौन लट्ठा एवं चटपट 14 नग अवैध रूप से ले जाते पाए गए। जहां आरोपी मोहनलाल पिता सोमनाथ धुर्वे बडस्लैया, सेलकुमार पिता शंकर लाल उइके छाता खुर्द, दीपेंद्र पिता रामकुमार बाडीवा बडस्लैया, सियाराम पिता मनक लाल सिरसाम कारापाठा संजय पिता डबल सिरसाम कारापाठा तहसील हर्रई द्वारा बताया गया की खेत में लगे सागौन पेड़ को काटकर अवैध रूप से बचने के उद्देश्य से अमरवाड़ा लाए थे। इसके उपरांत दोनों वाहनों को अवैध परिवहन एवं क्रय विक्रय का उल्लंघन करने पर माप जोक करते हुए सभी पांचो आरोपियों के विरुद्ध राष्ट्रीय विनिर्दिष्ट वनोपज का अवैध परिवहन एवं क्रय विक्रय करने पर वन अपराध की विभिन्न धाराओं के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है। उक्त मामले की बारीकी से जांच जारी है।

इनकी रही भूमिका : इस बड़ी कार्यवाही में वन परिक्षेत्र अधिकारी रामानंद कश्तवार परिक्षेत्र सहायक महावीर संखवार परिक्षेत्र सहायक पुनाराम कहार वनरक्षक कमलेश सूर्यवंशी वनरक्षक राजू वर्मा आदेश मर्सकोले विष्णु प्रसाद ठाकुर संजय बादशाह मोहसिन खान एवं सहयोगी मनोहर यादव और कैलाश यादव का सहयोग रहा।

मातेश्वरी मंदिर प्रांगण में आयोजित शतचंडी यज्ञ
वैदिक मंत्र उच्चारण से गुंजायमान हुआ पूरा नगर

अमरवाड़ा। नगर के सिद्ध पीठ मातेश्वरी मंदिर में नवरात्र के अवसर पर 9 कुंडली शत चंडी महायज्ञ का आयोजन 30 मार्च से 7 अप्रैल तक किया जा रहा है जिसमें प्रतिदिन यज्ञ की संपूर्ण मांगलिक क्रियाएं मंडल पूजन माता जी का अभिषेक दुर्गा सप्तशती हवन के साथ सभी मांगलिक क्रियाएं संपन्न हो रही हैं जिसमें बड़ी संख्या में नगर वासी पहुंच रहे हैं और नौ कुंडली यज्ञ में प्रतिदिन 9 जोड़ के साथ अन्य जोड़ भी बैठकर वैदिक मंत्र उच्चारण के साथ यज्ञ कर रहे हैं और यज्ञशाला की परिक्रमा करने के लिए प्रतिदिन नगर वासी सुबह से मंदिर पहुंच रहे हैं और विविध कार्यक्रम भी आयोजित हो रहे हैं और श्रद्धालु यज्ञशाला की परिक्रमा बड़े भक्ति भाव के साथ कर रहे हैं सुबह से वैदिक मंत्र उच्चारण से पूरा क्षेत्र गुंजायमान हो जाता है

श्रीश्रीशतचंडी महायज्ञ में विद्वानों का रह रहा विशेष सहयोग

अमरवाड़ा की मातेश्वरी मंदिर प्रांगण में आयोजित नवरात्र के अवसर पर श्री शतचंडी महायज्ञ में समस्त मांगलिक क्रिया यज्ञ आचार्य पंडित रामभरोस अवस्थी की मार्गदर्शन पर पंडित नरेंद्र शास्त्री छिंदवाड़ा पंडित अजय दुबे छिंदवाड़ा पंडित भोला प्रसाद मिश्रा पंडित भूपेंद्र मिश्रा पंडित लच्छू महाराज जी भोला अवस्थी पंडित सत्यनारायण तिवारी पंडित रतन दुबे छिंदवाड़ा पंडित सत्येंद्र शास्त्री के द्वारा प्रतिदिन दुर्गा सप्तशती का पाठ व यज्ञ की संपूर्ण क्रियाएं वैदिक मत्रों के द्वारा संपन्न की जा रही है प्रातः कालीन समय में सभी मंडलों का पूजन किया जाता है पश्चात दोपहर के समय में यज्ञ हवन आहुति यजमान से कराई जाती है अमरवाड़ा की समस्त श्रद्धालु जन यज्ञ की परिक्रमा करने के लिए प्रतिदिन सैकड़ो की संख्या में आ रहे हैं

जनपरिषद की ब्राण्ड एम्बेसडर पर्वतारोही भावना डेहरिया को विक्रम पुरस्कार

छिंदवाड़ा। जनपरिषद की ब्राण्ड एम्बेसडर पर्वतारोही, भावना डेहरिया का नाम मध्यप्रदेश शासन के राज्य स्तरीय खेल पुरस्कार विक्रम पुरस्कार 2023 की सूची में शामिल किया गया है। इस उपलब्धि के साथ, भावना मध्यप्रदेश से एडवेंचर स्पोर्ट्स श्रेणी में विक्रम पुरस्कार के लिए चुनी जाने वाली पहली महिला बन गई हैं। मध्यप्रदेश सरकार हर वर्ष खेल क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों और खेल हस्तियों को विक्रम, एकलव्य, विश्वामित्र, लाइफटाइम अचीवमेंट एवं प्रभाष जोशी पुरस्कार से सम्मानित करती है। विक्रम पुरस्कार 2023 की सूची का ऐलान खेल और युवा कल्याण विभाग (DSYW), मध्यप्रदेश शासन द्वारा किया गया।छिंदवाड़ा की रहने वाली भावना ने 2019 में माउंट एवरेस्ट (8,848 मीटर) फतह कर इतिहास रचा और अपनी पर्वतारोहण यात्रा में कई महाद्वीपों की ऊँची चोटियों को सफलतापूर्वक चढ़ा। उन्होंने साहसिक खेलों में रुचि रखने वाली युवा प्रतिभाओं, विशेष रूप से महिलाओं को, इस क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया है। 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' अभियान की ब्रांड एंबेसडर के रूप में भावना ने हमेशा बेटियों को बड़े सपने देखने और हर चुनौती को पार करने के लिए प्रेरित किया है।

सैकड़ों छात्रों ने महाविद्यालय प्रशासन के समक्ष रखी समस्यायें

छिंदवाड़ा। एन.एस.यू.आई. छात्र नेता अर्पित तिवारी ने बताया कि महाविद्यालय प्रशासन की कार्यप्रणाली जब-जब परीक्षा का परिणाम जारी होता है तब तब लगातार संदेह में आती रहती है । जो कार्य असंभव है उसे महाविद्यालय द्वारा संभव बना दिया जाता है। छात्र छात्राओं का भविष्य तब तक महाविद्यालय के हाथों में रहता हे जब तक वह वहां से अपनी पढ़ाई पूर्ण करके न निकल जाए। क्योंकि अच्छा पेपर देने के बाद भी छात्र छात्राओं को परीक्षा में सप्लीमेंट्री दे दी जाती है। सैकड़ों की संख्या में छात्र छात्राओं को सप्लीमेंट्री देकर महाविद्यालय मोटी फीस छात्र छात्राओं से वसूल कर रहा है छात्र छात्राएं इसी बात से परेशान हैं की लगातार उन्हें एक बराबर नम्बर देकर उनके भविष्य के साथ खिलबाड़ किया जा रहा है। एक बराबर नम्बर होने के कारण कई छात्रों को संदेह भी होता है कि क्या वास्तव में उनके पेपर सही से चेक हो रहे हे या नहीं। जब छात्र अपनी बात लेकर अपने अपने विभागों में जाते हैं तो उन्हें वहां से संतोष जनक जवाब नहीं मिलता बल्कि उन्हें यह बता दिया जाता है, कि टेक्निकल समस्या के कारण उनका रिजल्ट गलत जारी हुआ है। छात्र छात्राओं के द्वारा कहा गया कि आज सभी छात्र छात्राओ ने महाविद्यालय पहुंच कर अपनी अपनी समस्या से महाविद्यालय प्रशासन को अवगत कराया और 2 दिन का समय भी दिया यदि 2 दिन के भीतर कोई कार्यवाही महाविद्यालय प्रशासन के द्वारा नहीं की गई तो हम सभी सैकड़ों छात्र छात्राएं छात्र नेता अर्पित तिवारी के नेतृत्व में भूख हड़ताल पर बैठ जाएंगे। इस ज्ञापन कार्यक्रम में मुख्य रूप से शिवनारायण वर्मा, अभिजीत इवनाती, शुशील परतेती, अनामिका यादव, मेघा सोनकर, अभिषेक वर्मा, अभय पटेल, रंजीत इवनाती , सचिन पहाड़े ओम कनोजिया,रोहित ऊईके, प्रशांत साहू सहित महाविद्यालय के सैकड़ों छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

जल यात्रा निकाल कर दिया महिलाओ ने जल संरक्षण का संदेश

छिंदवाड़ा। मध्यप्रदेश शासन द्वारा चलाए जा रहे जल गंगा अभियान अब जन जन का अभियान बनते जा रहा है ।जहा एक और नदी तालाब पोखरण सहित जल की महत्ता को लेकर अनेकों श्रमदान,एवम जागरूकता कार्यक्रम जिले कलेक्टर शीलेंद्र सिंह जी के कुशल मार्गदर्शन में किए जा रहे है ।वही कलेक्टर महोदय के निर्देश पर जन अभियान परिषद छिंदवाड़ा द्वारा ग्रामीण अंचलो सहित शहर में भी अनेकों जल संगोष्ठी जल शुद्धिकरण हेतु श्रमदान जैसे कार्य किए जा रहे है उसी श्रंखला में गुरुवार को परतला के शंकर नगर में रहीम के दोहे रहिमन पानी रखिये बिन पानी सब सुन के गुंजायमान से गुंज उठा सम्पूर्ण क्षेत्र उक्त धार्मिक आयोजन में जल की पूजा अर्चना कर जल की महत्ता बताने मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद छिंदवाड़ा द्वारा अभिनव प्रयास किए गए।जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक अखिलेश जैन के मार्गदर्शन में नवदुर्गा महिला मंडल द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जल यात्रा, कलश यात्रा एवं संगोष्ठी क़र सुहागले पूजन के साथ महिलाओं ने जल संरक्षण एवं संवर्धन की शपथ ली। इस अवसर पर महिलाओ ने घऱ घऱ जाकर आर. ओ. से निकलने वाला जल से पौधे की सिचाई क़र पर्यावरण संरक्षण क़े बारे मे समझाइस दे क़र जागरूक किया।एवम मध्यप्रदेश शासन के जल गंगा संवर्धन अभियान में सक्रिय सहभागिता के साथ पानीं महत्व का जन जन तक संदेश देने का कार्य समस्त मातृ शक्तियों ने किया।



सी एम एच ओ डॉ. रविकांत उइके बने मध्यप्रदेश के जॉइंट डायरेक्टर परिहार को दिया बैतुल का प्रभार



डॉ. रविकांत उइके

डॉ. राजेश परिहार

बैतूल। जिले में बड़ा प्रशासनिक फेरबदल हुआ है। बैतूल के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (ष्टरूाह्र) डॉ. रविकांत उइके को उनकी कुशल प्रशासनिक कार्यशैली और स्वास्थ्य क्षेत्र में बेहतरीन योगदान के चलते प्रमोशन दिया गया है। उन्हें संचालनालय लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मध्यप्रदेश में वरिष्ठ संयुक्त संचालक (जॉइंट डायरेक्टर) के पद पर पदस्थ किया गया है। डॉ. रविकांत उइके का सराहनीय कार्यकाल रहा उनके नेतृत्व में बैतूल जिले के स्वास्थ्य तंत्र को मजबूती मिली। उन्होंने महामारी नियंत्रण स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार और ग्रामीण इलाकों में चिकित्सा सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए। उनके नेतृत्व में जिले में स्वास्थ्य सेवाओं का व्यापक सुधार हुआ। जिससे जिलेवासियों को बेहतर इलाज की सुविधा मिली। उनके इसी उत्कृष्ट प्रदर्शन के कारण राज्य सरकार ने उन्हें नई और बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है। वहिं अब जिले के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के रूप में डॉ. राजेश परिहार की नियुक्ति की गई है। वे पहले जिला महामारी नियंत्रण अधिकारी के रूप में कार्यरत थे। और जिले में स्वास्थ्य व्यवस्थाओं को सुचारू रूप से चलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे थे। उनकी नियुक्ति से स्वास्थ विभाग को नई ऊर्जा और दिशा मिलने की उम्मीद है। जिले के लोगों को उम्मीद है। कि डॉ. राजेश परिहार भी अपने पूर्ववर्ती डॉ. रविकांत उइके की तरह स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ और विस्तार के लिए निश्चित ही अपनी जिम्मेदारी निभाएंगे।

जिला शहर कांग्रेस मण्डला ने जलाया सीएम का पुतला
सौरभ शर्मा को जमानत लोकायुक्त की नाकामी का प्रमाण

मण्डला-मध्यप्रदेश में सौरभ शर्मा मामला लोकायुक्त और सरकार की मिलीभगत का ताजा उदाहरण बनकर सामने आया है।पूर्व परिवहन आरक्षक सौरभ शर्मा,जिसके पास से करोड़ों रुपये की अघोषित संपत्ति,52 किलोग्राम सोना और 11 करोड़ से अधिक की नकदी बरामद हुई थी।लोकायुक्त पुलिस की घोर लापरवाही के चलते विशेष लोकायुक्त अदालत से जमानत मिल गई।

निर्धारित 60 दिनों में चालान पेश न कर पाने की यह नाकामी कोई संयोग नहीं, बल्कि एक सुनियोजित साजिश का हिस्सा प्रतीत होती है। इस पूरे प्रकरण में लोकायुक्त की संदिग्ध भूमिका और सरकार की चुप्पी जनता के सामने सच्चाई को उजागर कर रही है। इस हाईप्रोफ़ाइल मामले की जांच के दौरान लोकायुक्त निदेशक जयदीप प्रसाद का अचानक ट्रांसफर इस बात का पुख्ता प्रमाण है कि सरकार इस मामले को दबाने में जुटी है।जयदीप प्रसाद, जिन्होंने सौरभ शर्मा के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति का मामला दर्ज कर छापेमारी की थी,को हटाना स्पष्ट करता है कि बड़े रसूखदारों को बचाने के लिए सरकार किसी भी हद तक जा सकती है,लेकिन यह कोई पहला मामला नहीं है।म.प्र.में लोकायुक्त और सरकार की मिलीभगत से भ्रष्टाचारियों को संरक्षण देने का सिलसिला लंबे समय से जारी है।जहां लोकायुक्त अधिकांश मामलों में भ्रष्टाचारियों को बचाने का काम करती है। लोकायुक्त,प्रवर्तन निदेशालय (ईडी), आयकर विभाग और अन्य एजेंसियों द्वारा सौरभ शर्मा के ठिकानों से बरामद बेशुमार संपत्ति के बावजूद जांच में ढिलाई, जयदीप प्रसाद का ट्रांसफर और निर्धारित समयावधि में चालान पेश न करना इस बात का संकेत है कि सरकार और लोकायुक्त मिलकर अपराधियों को खुली छूट दे रहे हैं।ऐसे में अब जरूरी हो गया है कि लोकायुक्त जैसी भ्रष्ट और औचित्यहीन संस्था को बंद कर दिया जाए।

मध्यप्रदेश की जनता यह जानना चाहती है कि सौरभ शर्मा को जमानत और भ्रष्टाचारियों को संरक्षण देने के पीछे का सच क्या है? यदि सरकार ने इस मामले में पारदर्शिता नहीं दिखाई और लोकायुक्त संस्था को बंद करने की मांग पर अमल नहीं किया, तो यह साबित हो जाएगा कि उसका भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई का दावा महज एक छलावा है।

विद्यार्थी अपने जीवन में लक्ष्य निर्धारित कर उसे पाने पूरे आत्म विश्वास के साथ करें कर्मः श्री पटेल
पीएमश्री एमएलबी स्कूल में स्कूल चले हम कार्यक्रम का आयोजन

बैतूल। पी एम श्री महारानी लक्ष्मी बाई कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में स्कूल चले हम अभियान÷ के तहत भविष्य से भेंट और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राज्यमंत्री, मध्यप्रदेश शासन लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग एवं जिले के प्रभारी मंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल, आमला विधायक डॉ.योगेश पंडाग्रे, मुलताई विधायक चंद्रशेखर देशमुख, जिला पंचायत उपाध्यक्ष हंसराज धुर्वे, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती पार्वती बाई बारस्कर, कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी,जिला पंचायत सीईओ अक्षत जैन, जिला शिक्षा अधिकारी डॉ.अनिल सिंह कुशवाह मौजूद रहे। सर्वप्रथम मां सरस्वती के छायाचित्र समक्ष दीप प्रज्वलित,सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत के माध्यम से कार्यक्रम की शुरुआत की गई। तत्पश्चात विद्यार्थियों ने जनजातीय सांस्कृतिक नृत्य की प्रस्तुति दी। इस दौरान मुख्य अतिथियों ने विद्यार्थियों को तिलक लगाकर उन्हें पाठ्य पुस्तकें भेंट दी। कार्यक्रम के पूर्व प्रभारी मंत्री श्री पटेल ने नीट और जेईई के बच्चों से चर्चा की और उनका उत्साह वर्धन किया। इस दौरान उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि काक चेष्टा, बको ध्यानं,स्वान निद्रा तथैव च अल्पहारी, गृहत्यागी ये आदर्श विद्यार्थी के पांच लक्षण हैं। उन्होंने ये गुण धारण कर अपने लक्ष्य को हासिल करने के लिए प्रेरित किया। प्रभारी मंत्री श्री पटेल ने विद्यार्थियों से कहा कि हम जिस लक्ष्य को निर्धारित किया है। उसे पाने के लिए एकाग्रचित होकर पूरे आत्मविश्वास के साथ कर्म करें। आप निश्चित ही सफल होंगें। कार्यक्रम के दौरान प्रभारी मंत्री श्री पटेल ने सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाषण और नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति देने वाली छात्राओं को 500-500 रुपए की नगद राशि दिए जाने की घोषणा की। इसके अलावा उन्होंने कक्षा दसवीं में 85 प्रतिशत लाकर लैपटॉप और स्कूटी प्राप्त करने वाली छात्रा सृष्टि साहू को भी सम्मानित किया। प्रभारी मंत्री श्री पटेल से विद्यार्थियों ने हंसी-ठहाकों के बीच कैरियर निर्माण के गुण सीखे। इसके अलावा उन्होंने हमारे जीवन में गुरु के महत्व से भी विद्यार्थियों को अवगत कराया और गुरुजनों का सम्मान करने के लिए कहा। प्रभारी मंत्री श्री पटेल ने विद्यार्थियों से कहा कि आप अपना लक्ष्य तो तय कर सकते हो लेकिन भाग्य को नहीं बदल सकते। भाग्य आपको जहां ले जाना है। वहां लेकर जाएगा। लेकिन भाग्य भी आपको वहीं लेकर जाएगा जिस दिशा में आपके कर्म होंगे। जिस तरह शेर को अपना शिकार करने के लिए भी प्रयत्न करना पड़ता है। ठीक उसी प्रकार विद्यार्थियों को अपना भाग्य जमाने के लिए कर्म करना पड़ेगा।

आमला विधायक डॉ. योगेश पंडाग्रे ने भविष्य से भेंट कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को शिक्षा अर्जित करने के लिए प्रेरित किया। कहा कि सभी समाज में मान-सम्मान पद पाना चाहते है। जो शिक्षा के बिना अधूरे हैं। विधायक डॉ.पंडाग्रे ने विद्यार्थियों से कहा कि आपकी जिस क्षेत्र में रुचि हो वह कार्य करें। सभी विद्यार्थी लक्ष्य निर्धारित करें।

संपादकीय

भ्रष्टाचार रोकने के लिए संसदीय समिति ने सुझाए अहम सुझाव

नौकरशाही को राजनीतिक प्रभाव से मुक्त करने की सिफारिशें लंबे समय से की जाती रही हैं। मगर इस दिशा में किसी भी सरकार ने गंभीरता से पहल नहीं की। यह परिपाटी-सी बन गई है कि जब भी सरकार बदलती और कोई दूसरा दल सत्ता की कमान संभालता है, तो बड़े पैमाने पर अधिकारियों के तबादले किए जाते हैं। हर राजनीतिक दल सत्ता संभालने के साथ ही अपने करीबी और भरोसेमंद अधिकारियों को जिम्मेदार पदों पर पदस्थ करता और उन्हें लंबे समय तक वहां बनाए रखने का प्रयास करता है।अब संसद की एक स्थायी समिति ने कहा है कि अधिकारियों को लंबे अरसे तक एक ही जगह पदस्थ किए रखने से भ्रष्टाचार बढ़ता है। कार्मिक, लोक शिकायत, विधि एवं न्याय विभाग से संबंधित संसद की स्थायी समिति ने कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग से संबंधित चालू वर्ष की अनुदान मांगों पर अपनी रपट पेश करते हुए कहा कि अधिकारियों की बारी-बारी से स्थानांतरण की प्रचलित नीति लागू की जानी चाहिए।संसदीय समिति ने अपनी जांच में पाया कि कुछ अधिकारी आठ-नौ वर्षों से एक ही मंत्रालय में जमे हुए हैं। कुछ अधिकारियों ने अपनी तैनाती में कुछ इस तरह चतुराई दिखाई है कि उनका पूरा कार्यकाल एक ही मंत्रालय में बीता है। करीब पंद्रह वर्ष पूर्व जब अधिकारियों की थोड़े-थोड़े समय पर तबादलों की बढ़ती प्रवृत्ति पर अंगुलियां उठनी शुरू हुई थीं, तब प्रशासनिक आयोग ने सिफारिश की थी कि किसी भी अधिकारी का तबादला तीन वर्ष से कम समय में न किया जाए, ताकि वे एक स्थान पर रह कर कुछ बेहतर काम कर सकेमगर अब इसके उलट प्रवृत्ति विकसित हुई देखी जा रही है, तो यह भी चिंता का विषय है। निस्संदेह कुछ अधिकारी ईमानदारी और संजीदगी से काम करते हैं और उनका एक जगह लंबे समय तक बने रहना लाभदायक साबित होता है। मगर संसदीय समिति की इस बात को सिरे से खारिज नहीं किया जा सकता कि एक ही जगह लंबे समय तक बने रहने वाले अधिकारी अनियमितताओं में लिप्त हो जाते हैं। अगर बारी-बारी से अधिकारियों के तबादले की नीति रही है, तो उसका पालन करने में सरकारों को क्यों गुरेज होना चाहिए।

पड़ोसियों की तिकड़मों से सबक सीखे भारत, हिंदुत्व की पकड़े राह?

अजीब विडंबना है कि समकालीन माहौल में चिन्हित संवैधानिक त्रुटियों को बदलने के लिए जिस राजनीतिक कद के व्यक्ति को आगे आना चाहिए, वह अभी तक आगे नहीं आ पाया है। वैसे तो इतिहास ने पंडित नेहरू, इंदिरा गांधी और नरेंद्र मोदी को सर्वाधिक मौका दिया, लेकिन संतुलित राष्ट्रवाद और अटल राष्ट्रीयता की कसौटी पर ये लोग खरे नहीं उतरे। यह कड़वा सच है कि इनके तमाम किंतु-परंतु से स्थितियां और अधिक उलझती गई। इससे हमारे पड़ोसी देशों का दुस्साहस बढ़ता गया और आज का भारत अपने अस्तित्व की रक्षा के लिए चीन-अमेरिका-रूस जैसे विदेशी ताकतों पर निर्भर है।

(कमलेश पांडे)

वैसे तो इतिहास ने पंडित नेहरू, इंदिरा गांधी और नरेंद्र मोदी को सर्वाधिक मौका दिया, लेकिन संतुलित राष्ट्रवाद और अटल राष्ट्रीयता की कसौटी पर ये लोग खरे नहीं उतरे। यह कड़वा सच है कि इनके तमाम किंतु-परंतु से स्थितियां और अधिक उलझती गईं।

विभिन्न सुलगते हुए प्रादेशिक-राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय और मानवीय विषयों पर भारतीय राजनेताओं, नौकरशाहों, न्यायविदों, संपादकों, समाजसेवियों और अपने-अपने पेशे में दक्ष लोगों के जो नीतिगत अंतर्विरोध हैं, वह राष्ट्रहित में तो कतई नहीं है। वहीं कुछ लोगों का स्पष्ट मानना है कि इन अंतर्विरोधों का असली स्रोत हमारे संविधान में अंतर्निहित है, जो 'विदेशी फूट डालो, राज करो' की नीतियों का 'देशी स्वरूप' मात्र है।

अजीब विडंबना है कि समकालीन माहौल में चिन्हित संवैधानिक त्रुटियों को बदलने के लिए जिस राजनीतिक कद के व्यक्ति को आगे आना चाहिए, वह अभी तक आगे नहीं आ पाया है। वैसे तो इतिहास ने पंडित नेहरू, इंदिरा गांधी और नरेंद्र मोदी को सर्वाधिक मौका दिया, लेकिन संतुलित राष्ट्रवाद और अटल राष्ट्रीयता की कसौटी पर ये लोग खरे नहीं उतरे। यह कड़वा सच है कि इनके तमाम किंतु-परंतु से स्थितियां और अधिक उलझती गई। इससे हमारे पड़ोसी देशों का दुस्साहस बढ़ता गया और आज का भारत अपने अस्तित्व की रक्षा के लिए चीन-अमेरिका-रूस जैसे विदेशी ताकतों पर निर्भर है।

वहीं, इनकी स्वार्थपरक बदनीयती से भारत और भारतीयता दोनों वैश्विक चक्रव्युह में उलझ चुकी है और इस्लामिक चक्रव्युह में बुरी तरह से फंसती जा रही है। लिहाजा, भारत के पास अब तीन ही विकल्प बचे हैं- पहला, वह विभिन्न चुनौतियों के वक्त खरी उतरी रूसी मित्रता को और मजबूत बनाए। दूसरा, चीनी चालबाजियों के खिलाफ स्पष्ट दृष्टिकोण अपनाए। और तीसरा, इस्लाम विरोधी अमेरिकी गठबंधन में यदि शामिल होना है तो रूस-चीन से बेपरवाह होकर सिर्फ अमेरिका से मजबूत रिश्ते बनाए और विभाजित भारत में हिंदुत्व की भावना को मजबूत बनाए।

वहीं, यदि कोई धर्मनिरपेक्षता की बात करे तो यूनिफिकेशन ऑफ इंडिया की बात उठाए, फिर धर्मनिरपेक्षता अपनाए। क्योंकि इससे चीनी दाल पाकिस्तान-बांग्लादेश में नहीं गल पाएगी। ऐसा इसलिए कि अंतर्विरोधों से भरा हुआ व्यक्ति, परिवार, समाज व राष्ट्र देर-सबेर नष्ट हो जाता है। मैं नहीं चाहता कि कतिपय अंतर्विरोधों से भरा हुआ गुलाम भारत और उसके बाद अस्तित्व में आया आजाद भारत भी अपने अमृतकाल यानी न्यू इंडिया के जमाने में 2047 के बाद भी उन्हीं स्थितियों-परिस्थितियों से गुजरे, जो इसकी 800 सालों की गुलामी और मर्मांतक राष्ट्र-विभाजन की मौलिक वजह समझी गई हैं।

इसलिए मौलिक व ऐतिहासिक परिवर्तन तभी संभव होगा, जब राजनेता-नौकरशाह-न्यायविद, सैन्य हुक्मरान और अपने-अपने पेशे के दक्ष लोग जाति-धर्म मुक्त होकर एक सशक्त और उदार भारत की नींव रखना चाहेंगे, जहां हिन्दू हितों से कोई समझौता नहीं हो। जैसे कि पाकिस्तान व बंगलादेश में मुस्लिम हितों से कोई समझौता नहीं किया जाता है। गुजरते दशकों में या आजकल अंतरराष्ट्रीय कूटनीति और मीडिया में चीन-बांग्लादेश-पाकिस्तान की जारी तिकड़मों से भारत को सबक लेना चाहिए और नेपाल, भूटान, म्यांमार, श्रीलंका, मालदीव, अफगानिस्तान आदि की भी नकेल कसते हुए भारत के समग्र हित को साधने की स्पष्ट रणनीति तैयार करनी चाहिए। यह सबकुछ तभी सम्भव होगा जब हमारी सरकार हिंदुत्व की मजबूत राह पकड़ेगी और चीनी शह पर खलता प्रदर्शित कर रहे पड़ोसियों को जमीनी हकीकत से रूबरू करवाएगी। इसके लिए साम, दाम, दंड, भेद की नीतियों की जरूरत भी पड़े तो उसे अपनाने में हमारी सरकार को नहीं हिचकना चाहिए।

इस बात में कोई दो राय नहीं कि विविधता हमारी खूबसूरती है, लेकिन यही बात धर्मनिरपेक्षता पर तब लागू होगी जब पाकिस्तान-बांग्लादेश का विलय भारत में हो जाए। जबतक जर्मनी और इटली की तरह इंडिया का भी एकीकरण नहीं हो जाता, तब तक हिंदुस्तान हिंदुओं का मुल्क है और समकालीन चीनी, पाकिस्तानी, बांग्लादेशी तिकड़मों का जवाब भी हिंदूवादी रणनीति के जरिए ही दिया जा सकता है। इस बात में किसी को संशय नहीं होना चाहिए, क्योंकि वेद में स्पष्ट कहा गया है कि संशयात्मा विनश्यति। यानी जिसके मन में संशय हो, उसका विनाश निश्चित है। इस नजरिए से केंद्रीय और विभिन्न राज्यों की सत्ता में मजबूत हुई भाजपा और उसकी मार्गदर्शक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा विभिन्न मौकों पर अडिग हिंदुत्व को लेकर जो संशय दिखाए जा रहे हैं, उससे भविष्य में 'कांग्रेस' मजबूत होगी और भाजपा की दुर्गति कांग्रेस से ज्यादा हो सकती है। क्योंकि भारतीय मतदाता बहुत ही मंजे हुए निर्णय लेते हैं।

आखिर 'पारसी वधू' पूर्व प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी वाली गलतियां भी 'वैश्य बहादुर' मौजूदा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी दुहराएंगे तो फिर कांग्रेस और भाजपा में क्या अंतर रह जाएगा? शायद अंतर है भी नहीं, क्योंकि सत्ता में आते ही सुविधाभोगी नौकरशाही और उद्योगपतियों का 'गिरोह' कतिपय अंतरराष्ट्रीय संधियों/मजबूरियों जनित लाभ-हानि का वास्ता देकर राजनीतिक हृदय परिवर्तन करवाने में सफल हो जाते हैं!

हालांकि, इससे समय तो कट जाता है लेकिन भारत और भारतीयता के लिहाज से दूरदर्शितापूर्ण फैसले नहीं लिए जा पाते। अन्यथा आजादी के आठवें दशक भारत को आंख दिखाने लायक पाकिस्तान और बंगलादेश बचते ही नहीं और आसेतु हिमालय में पैर जमाने के बारे में कोई भी स्वप्न चीन को ही डराता। लेकिन आज....? आज देश में हर जगह पर जो गृह युद्ध या जातीय/क्षेत्रीय उन्माद नजर आता है, वह भी कहीं नहीं नजर आता!

आपने देखा-सुना होगा कि बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के प्रमुख मोहम्मद यूनुस गत माह 26 से 29 मार्च 2025 तक चीन के दौरे पर थे। इससे पहले उनका पाकिस्तानी प्रेम भी छलक चुका था, जो चीन को रिझाने की पहली शर्त थी। आखिर वह भी तो है पूर्वी पाकिस्तान का ही अंश। उसका नाम बांग्लादेश भले ही हो, लेकिन पाकिस्तान-बंग्लादेश के खिलाफ भारत के राजनेता हमेशा शॉफ्ट रहे, ताकि भारतीय मुसलमान उन्हें वोट देते रहें। मसलन, यदि यही नीति सही है तो भारत का प्रधानमंत्री 1947 में मोहम्मद जिन्ना को बना दिया जाता और 2025 में भी शाहनवाज हुसैन एक चतुर प्रधानमंत्री हो सकते हैं? और यदि ऐसा नहीं किया जा सकता तो फिर पाकिस्तान-बंगलादेश से हमदर्दी किस बात की। क्या कांग्रेस और भाजपा के सियासी तुष्टिकरण के लिए हिंदुत्व की बलि दी जा सकती है, यक्ष प्रश्न है? यदि भारत में रहने वाले लोग विदेशी भाषा बोलें तो उन देशद्रोहियों को यहां रहने का क्या हक है? लेकिन यह सबकुछ हो रहा है?

आपने देखा होगा कि 26-27 मार्च को राष्ट्रपति शी चिनफिंग से उनकी द्विपक्षीय बातचीत के दौरान कई महत्वपूर्ण करार तो हुए ही, साथ ही कार्यवाहक प्रधानमंत्री मो. यूनुस, जो नॉबेल पुरस्कार विजेता भी हैं, ने यह भी कहा कि चीन का विकास बांग्लादेश के लिए प्रेरणादायक है। दोनों देशों के साझा बयान में बांग्लादेश में तीस्ता प्रोजेक्ट के लिए चीनी कंपनियों को भी न्योता दिया। स्मरण रहे कि पिछले साल जून 2024 में भी पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना चीन गई थीं और भारत द्वारा अंदरखाने में आंख तरेरने के बाद उस दौरे को अधूरा छोड़कर वह बांग्लादेश लौट आई थीं। ततपश्चात उन्होंने कहा था कि वह चाहती है कि प्रोजेक्ट भारत की ओर से पूरा हो। उसके बाद उनके साथ जो कुछ हुआ, रहस्यमय बात है!

वहीं, अब हालात बिल्कुल अलग है, क्योंकि शेख हसीना के जाने के बाद से बांग्लादेश-भारत के संबंध बहुत सहज नहीं रहे हैं। उधर, पाकिस्तानी दखलंदाजी भी बांग्लादेश में बढ़ी है, जो आईएसआई की साजिश की सफलता का परिचायक है। सवाल है कि जिस पाकिस्तान-बांग्लादेश में कभी अमेरिकी दिलचस्पी रही और अब चीनी दिलचस्पी बढ़ रही है, यह भारतीय नेताओं के आपसी कलह, नौकरशाही की अदूरदर्शिता का तकाजा नहीं तो क्या है? रूस यदि यूक्रेन में, इजरायल यदि फिलिस्तीन में अपने हितों की वकालत करते हुए बमबारी करवा सकते है तो भारत का हाथ रोकने को कोई नहीं आएगा? बशर्ते कि यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जैसा कोई स्पष्टवादी और दूरदर्शी राजनेता प्रधानमंत्री की गद्दी पर बैठ जाए।

वहीं, शी जिनफिंग-मो. यूनुस के बीच हुई बैठक से जुड़े एक और बयान को लेकर भी भारत की ओर से बहुत सकारात्मक तरीके से नहीं देखा जा रहा है। क्योंकि यूनुस के फेसबुक पर मौजूद इस कथित बयान में मो. यूनुस चीन के सामने भारत के उत्तर-पूर्व के 7 बहन राज्यों का जिक्र करते हुए कह रहे हैं कि भारत के पास समुद्र तक पहुंचने का कोई रास्ता नहीं है। क्योंकि बांग्लादेश उस क्षेत्र में समुद्र का एकमात्र गार्जियन है। यही वजह है कि चीन-बांग्लादेश की ये नजदीकी कई लिहाज से भारत के लिए चिंता का सबब है। जहां एक ओर तीस्ता नदी विकास परियोजना से भारत की सुरक्षा सम्बन्धी चिंताएं जुड़ी हुई हैं। वहीं दूसरी ओर नॉर्थ-ईस्ट के मद्देनज़र बांग्लादेश का चीन को प्रस्ताव भी खतरे की घंटी जैसा है।

आपको यह भी बता दें कि जनवरी 2025 में ही यूनुस सरकार ने भारत के 'चिकन नेक' के नाम से मशहूर सिलिगुड़ी कॉरिडोर के पास रंगपुर में पाकिस्तानी सेना के उच्च अधिकारियों के एक प्रतिनिधिमंडल को दौरा कराया था। वहीं, इसी चिकन नेक के दूसरी ओर चीन की निगाहें लगी हुई है। क्योंकि यह कॉरिडोर भारत के लिए बेहद अहम है। इसलिए भारत सरकार को चाहिए कि नेपाल, भूटान, बंगलादेश जैसे देशों, जिनके कंधे पर बंदूक रखकर चीन-पाकिस्तान भारत की ओर दाग सकते हैं, इस पूरे खेल को समय रहते ही खत्म कर दिया जाए, चाहे इसके लिए भारत को जो भी कीमत चुकानी पड़े।

कृषि क्षेत्र में करवट बदलता भारत

भारत में लगभग 60 प्रतिशत आबादी आज भी ग्रामीण क्षेत्रों में निवास करती है और अपनी आजीविका के लिए कृषि क्षेत्र पर निर्भर है। जबकि, कृषि क्षेत्र का भारत के सकल घरेलू उत्पाद में योगदान केवल 18 प्रतिशत के आस पास बना हुआ है। इस प्रकार, भारत में यदि गरीबी को जड़ मूल से नष्ट करना है तो कृषि के क्षेत्र में आर्थिक सुधार कार्यक्रमों को लागू करना ही होगा। भारत ने हालांकि आर्थिक क्षेत्र में पर्याप्त सफलताएं अर्जित की हैं।

(प्रह्लाद सबनानी)

देश में कृषि जोत हेतु पर्याप्त भूमि का अभाव है और देश में सीमांत एवं छोटे किसानों की संख्या करोड़ों की संख्या में हो गई है। जिससे यह किसान किसी तरह अपना और परिवार का भरण पोषण कर पा रहे हैं इनके लिए कृषि लाभ का माध्यम नहीं रह गया है।

भारत में लगभग 60 प्रतिशत आबादी आज भी ग्रामीण क्षेत्रों में निवास करती है और अपनी आजीविका के लिए कृषि क्षेत्र पर निर्भर है। जबकि, कृषि क्षेत्र का भारत के सकल घरेलू उत्पाद में योगदान केवल 18 प्रतिशत के आस पास बना हुआ है। इस प्रकार, भारत में यदि गरीबी को जड़ मूल से नष्ट करना है तो कृषि के क्षेत्र में आर्थिक सुधार कार्यक्रमों को लागू करना ही होगा। भारत ने हालांकि आर्थिक क्षेत्र में पर्याप्त सफलताएं अर्जित की हैं और भारत आज विश्व की पांचवी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है तथा शीघ्र ही अमेरिका एवं चीन के बाद विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। साथ ही, भारत आज विश्व में सबसे अधिक तेज गति से आगे बढ़ती अर्थव्यवस्था भी बन गया है। परंतु, इसके आगे की राह अब कठिन है, क्योंकि केवल सेवा क्षेत्र एवं उद्योग क्षेत्र के बल पर और अधिक तेज गति से आगे नहीं बढ़ा जा सकता है और कृषि क्षेत्र में आर्थिक विकास की दर को बढ़ाना होगा।

भारत में हालांकि कृषि क्षेत्र में कई सुधार कार्यक्रम लागू किए गए हैं और भारत आज कृषि के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बन गया है। परंतु, अभी भी बहुत कुछ किए जाने की आवश्यकता है। किसानों के पास पूंजी का अभाव रहता था और वे बहुत ऊंची ब्याज दरों पर महाजनों से ऋण लेते थे और उनके जाल में जीवन भर के लिए फंस जाते थे, परंतु, आज इस समस्या को बहुत बड़ी हद तक हल किया जा सका है और किसान क्रेडिट कार्ड के माध्यम से किसान को आसान नियमों के अंतर्गत बैंकों से पर्याप्त ऋण की सुविधा उपलब्ध है और

इस सुविधा का लाभ आज देश के करोड़ों किसान उठा रहे हैं। दूसरे, इसी संदर्भ में किसान सम्मान निधि योजना भी किसानों के लिए बहुत लाभकारी सिद्ध हो रही है और इस योजना का लाभ भी करोड़ों किसानों को मिल रहा है। इससे किसानों की कृषि सम्बंधी बुनियादी समस्याओं को दूर करने के सफलता मिली है।

भारतीय कृषि आज भी मानसून पर निर्भर है। देश के ग्रामीण इलाकों में सिंचाई सुविधाओं का अभाव है। इस समस्या को हल करने के उद्देश्य से भारत सरकार प्रति बूंद अधिक फसल की रणनीति पर काम कर रही है एवं सूक्ष्म सिंचाई पर बल दिया जा रहा है ताकि कृषि के क्षेत्र में पानी के उपयोग को कम किया जा सके तथा जल संरक्षण के साथ सिंचाई की लागत भी कम हो सके।

देश में कृषि जोत हेतु पर्याप्त भूमि का अभाव है और देश में सीमांत एवं छोटे किसानों की संख्या करोड़ों की संख्या में हो गई है। जिससे यह किसान किसी तरह अपना और परिवार का भरण पोषण कर पा रहे हैं इनके लिए कृषि लाभ का माध्यम नहीं रह गया है। इन तरह की समस्याओं के हल हेतु अब केंद्र सरकार विभिन्न उत्पादों के लिए प्रतिवर्ष न्यूनतम समर्थन मूल्य में, मुद्रा स्फीति को ध्यान में रखकर, वृद्धि करती रहती है, इससे किसानों को अत्यधिक लाभ हो रहा है। भंडारण सुविधाओं (गोदामों एवं कोल्ड स्टोरेज का निर्माण) में पर्याप्त वृद्धि दर्ज हुई है एवं साथ ही परिवहन सुविधाओं में सुधार के चलते किसान कृषि उत्पादों को लाभ की दर पर बेचने में सफल हो रहे है अन्यथा इन सुविधाओं में कमी के चलते किसान अपने कृषि उत्पादों को बाजार में बहुत सस्ते दामों पर बेचने पर मजबूर हुआ करता था। खाद्य प्रसंस्करण इकाईयों की स्थापना भारी मात्रा में की जा रही है इससे कृषि क्षेत्र में मूल्य संवर्धन को बढ़ावा मिल रहा है एवं कृषि उत्पादों की बर्बादी को रोकने में सफलता मिल रही है।

आज भारत में उच्च गुणवत्ता वाले बीजों के उपयोग पर ध्यान दिया जा रहा है ताकि उर्वरकों के उपयोग की आवश्यकता कम हो एवं कृषि उत्पादकता बढ़े। इस संदर्भ में मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना भी किसानों की मदद कर रही है इससे किसान कृषि भूमि पर मिट्टी के स्वास्थ्य को ध्यान में रखकर कृषि उत्पाद कर रहे हैं। राष्ट्रीय कृषि बाजार को स्थापित किए जाने के प्रयास किए जा रहे है ताकि किसान सीधे ही उपभोक्ता को उचित दामों पर अपनी फसल को बेच सकें। साथ ही, कृषि फसल बीमा के उपयोग को बढ़ावा दिया जा रहा है ताकि देश में सूखे, अधिक वर्षा, चक्रवात, अतिवृष्टि, अग्नि आदि जैसी प्रकृतिक आपदाओं के चलते प्रभावित हुई फसल के नुक्सान से किसानों को बचाया जा सके। आज करोड़ों की संख्या में किसान फसल बीमा योजना का लाभ उठा रहे हैं।

देश में खेती किसानी का काम पूरे वर्ष भर तो रहता नहीं है अतः किसानों के लिए अतिरिक्त आय के साधन निर्मित करने के उद्देश्य से डेयरी, पशुपालन, मधु मक्खी पालन, पोल्ट्री, मत्स्य पालन आदि कृषि सहायक क्षेत्रों पर भी ध्यान दिया जा रहा है, ताकि किसानों को अतिरिक्त आय की सुविधा मिल सके।

विश्व के विभिन्न देशों ने अपनी आर्थिक प्रगति के प्रारम्भिक चरण में कृषि क्षेत्र का ही सहारा लिया है। औद्योगिक क्रांति तो बहुत बाद में आती है इसके पूर्व कृषि क्षेत्र को विकसित अवस्था में पहुंचाना होता है।

वर्ग पहेली 5690

1	2		3	4	■	5	6
7		■	8		9		
10		11	■	12		■	
■	13		14		■	15	
16	■	■	17		18	■	
19	20			■	21		■
22		■	23			■	24
25		■		■	■	26	

संकेत: बाएं से दाएं

1. पद्म विभूषण से सम्मानित ये भारतीय तैराक थे जिन्होंने इंगलिश चैनल तैरकर पार किया (5)
5. थोड़ा, अल्प, न्यून (2)
7. मंगल ग्रह इस रंग का बताया गया है, इंद्रधनुष के रंगों में से एक (2)
8. बातचीत करने का गुण या हुनर (5)
10. हाथी को यह भी कहते हैं, पर्वत से उत्पन्न (3)
12. शिकन, सिकुड़न, मरोड़ (2)
13. वार्तालाप, वार्ताएं (4)
15. नगाड़ा, ख्याति (2)
17. आघात करना, पीटना (3)
19. उथल-पुथल, यह अभिनेत्री जीनत अमान की पहली फिल्म थी (1970) (4)
21. सरल, भला, सज्जन (2)
22. आफत, विपत्ति, भूत-प्रेत की बाधा (2)
23. उचित, मुनासिब (3)
25. तीर, किनारा (2)
26. विवाह के समय वर को पहनाएं जाने वाला मुकुट, शिरोभूषण (2)

ऊपर से नीचे

1. सामंजस्य स्थापना, तुलनात्मकरूप से देखा जाना (3)
2. परचना, मेलजोल कायम रखना (4)
3. परिचर्या, सर्विस, खिदमत (2)
4. दीवार में सेंध लगाकर चोरी करने वाला (5)
5. कड़ुवा, अप्रिय (2)
6. वोट देने की पात्रता (5)
9. समय का सबसे छोटा भाग, क्षण (2)
11. पांचवा लोक जहां से मनुष्य उत्पन्न होते है (2)
14. कुश्तीबाज, योद्धा, वह जो कुश्ती लड़ता हो (5)
16. संगति, साथ, संग (4)
18. तकदीर, भाग्य, प्रारब्ध (3)
20. माथ, मस्तक (3)
24. राजा भोज की नगरी (2)

वर्ग पहेली 5689 का हल

झा	र	खं	ड	■	स	म	ता
वा	म	■	का	म	त	ला	ऊ
■	द	स्तू	र	■	मु	■	■
म	■	पा	■	ना	व	■	प्र
ह	■	का	न	न	■	खा	न
आ	खि	र	■	क	प	ट	ता
■	ली	■	अ	पं	म	■	■
प्र	ना	व	■	मी	■	हां	■

क्या भारत में भी आ सकता है म्यांमार जैसा भूकंप? आईआईटी कानपुर के वैज्ञानिक जाहिर की चिंता

(धर्मेंद्र सिंह)

म्यांमार और बैंकॉक में भूकंप से भारी तबाही मची है। इस भूकंप की मूल वजह सागाइंग फॉल्ट है। आईआईटी कानपुर के अर्थ साइंसेज विभाग के प्रोफेसर जावेद मलिक ने कहा कि सागाइंग फॉल्ट बेहद खतरनाक है। सिलिगुड़ी में गंगा-बंगाल फॉल्ट है। इन दोनों फॉल्ट के बीच कई अन्य फॉल्टलाइंस हैं। ऐसे में इस आशंका से इंकार नहीं किया जा सकता है कि एक फॉल्ट की सक्रियता किसी दूसरे फॉल्ट को ट्रिगर न कर दे। इससे भारत को भी खतरा है।

एक मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, प्रोफेसर जावेद मलिक ने कहा कि सागाइंग एक बेहद पुराना फॉल्ट है। उन्होंने बताया कि उत्तर पूर्व का शियर जोन अराकान से अंडमान और सुमात्रा तक के सबडक्शन जोन का एक हिस्सा है। जमीन के ऊपर सगाइंग फॉल्ट नजर आता है। सागाइंग पर जापान के और यूरोप के विशेषज्ञों ने काम किया है। अध्ययनों से जानकारी मिलती है कि यहां भूकंपों की आवृत्ति 150-200 साल है, यानी इतने वर्ष में एक बार शक्तिशाली भूंकप आता है।

जोन-5 पर ज्यादा शोध की जरूरत : प्रो. मलिक ने कहा कि बड़े भूकंपों का इंतजार नहीं करना चाहिए। हिमालय में कई सक्रिय फॉल्ट लाइनें हैं। सभी ने फ्रंटल पार्ट्स पर काम किया है, लेकिन ऊपर भी फॉल्ट लाइनें हैं। सिर्फ हमें प्लेट सीमा के आसपास भूकंप नहीं देखना चाहिए। उन्होंने कहा कि उत्तर-पूर्व और कश्मीर जोन-5 में हैं। इस क्षेत्र में ज्यादा शोध की जरूरत है। इस क्षेत्र में हमें ज्यादा सावधानी बरतनी चाहिए। भूकंपों के प्रभाव को कम करने के लिए काम करना चाहिए।

बेहद महत्वपूर्ण है गंगा-बंगाल फॉल्ट: गंगा-बंगाल फॉल्ट बेहद महत्वपूर्ण है, क्योंकि इसमें सागाइंग फॉल्ट जैसी हलचल है। गंगा-बंगाल और सगाइन फॉल्ट के बीच डॉकी, कोपली, डिबरूचौतांग फॉल्ट जोन भी स्थित हैं हैं। गंगा-बंगाल फॉल्ट भी सतह पर नजर आता है। सागाइंग फॉल्ट एक सक्रिय फॉल्ट है जो म्यांमार में भूकंप की वजह बना है। यह भारत के लिए एक इशारा हो सकता है।

प्रो. मलिक ने कहा कि यह नहीं कहा जा सकता है कि सागाइंग और गंगा-बंगाल के बीच कुछ नहीं हो रहा है। पूरा क्षेत्र दबाव में है और वहां लगातार ऊर्जा जमा हो रही है। इससे इंकार नहीं किया जा सकता कि एक भूकंप दूसरे भूकंप को सक्रिय नहीं कर सकता। इसे ट्रिगर स्ट्रेस कहा जाता है। यहां यह देखने की जरूरत है कि क्या उत्तर से दक्षिण की ओर ऐसी गतिविधियां बढ़ी हैं। प्रो. मलिक ने कहा कि साल 2004 में सुमात्रा, अंडमान में एक भूकंप आया था। इस इलाके के दक्षिण में 2005 में भूकंप आया था। अब ऊपर की तरफ भूकंप आने लगे हैं। ट्रिगर होने की आशंका हमेशा रहती है।

आज का राशिफल

मेष
आज दिन अच्छा है और आपको जीवनसाथी का साथ मिलेगा। राशि स्वामी मंगल ग्रह सौम्य ग्रहों के साथ है। आपको हर कार्य में भाग्य का साथ मिलेगा। शाम के समय आपका कोई रुका हुआ काम बन सकता है, लेकिन संतान की तरफ से निराशाजनक खबर मिल सकती है। रात का समय प्रियजनों के साथ हंसी-खुशी में बीतेगा।

वृष
आज दिन संतोष और शांति का है और राजनीति के क्षेत्र में आपके सभी प्रयास सफल होंगे। नए समझौते से आपकी पद और प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी और आपको ऑफिस के कार्य में लाभ के साथ ही संतोष भी हासिल होगा। रात में कुछ अप्रिय लोगों से मिलने से परेशानी हो सकती है, सावधान रहें।

तुला
आज दिन खुशियों से भरा रहेगा। आपके घर में सुखद वातावरण रहेगा। कई दिनों से चली आ रही लेन-देन की कोई बड़ी समस्या हल हो सकती है। आपको पर्याप्त मात्रा में धन मिलेगा। आपके चारों ओर सुखद वातावरण रहेगा। आपके विरोधी परास्त होंगे। आपके लिए यात्रा करने के योग हैं और आपके सम्मान में वृद्धि के योग हैं।

वृश्चिक
आज लाभ का दिन है। आपके धन सम्मान में वृद्धि होगी और रुकी योजनाएं पूर्ण होंगी। आपको डॉक्टर के पास कई चक्कर लगाने पड़ सकते हैं। बीमारी की हालत में भी आपको ज्यादा चलना-फिरना पड़ सकता है। आपको काफी दौड़भाग करनी पड़ सकती है। धन सम्मान के मामले में लाभ होगा।

मिथुन
आज सावधान रहने की जरूरत है। आपकी कोई कीमती वस्तु के खोने या चोरी होने का डर है। आपको बिना विचारे कोई काम न करने की सलाह है। शिक्षा या किसी प्रतियोगिता में सफलता मिलने से मन खुश होगा और आपका कोई ब।

कर्क
आज दिन उत्तम है और आपको उत्तम संपत्ति की प्राप्ति के संकेत मिल रहे हैं। आपकी आमदनी में बढ़ोतरी होगी और राज्य में मान-सम्मान बढ़ेगा। आपकी संतान से जुड़ी कोई बड़ी जिम्मेदारी पूरी हो सकती है और आपके धन में वृद्धि के योग बन रहे हैं। यात्रा करना सुखद और लाभदायक रहेगा।

धनु
आज दिन अच्छा है। विरोधी भी आपकी तारीफ करेंगे। आपको शासन और सत्ता पक्ष से निकटता का लाभ मिलेगा और आपको ससुराल पक्ष से धन मिल सकता है। विरोधी भी आपकी प्रशंसा करेंगे। आपको सामाजिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लेने का अवसर मिलेगा। आपको धन सम्मान में वृद्धि होगी।

मकर
आज धन सम्मान में लाभ होगा। पारिवारिक और आर्थिक मामलों में सफलता मिलेगी। आपकी आमदनी में बढ़ोतरी होगी। अपने कर्मचारियों का सहयोग मिलेगा। शाम के समय किसी झगड़े में न पड़ें। आर्थिक मामलों में सफलता मिलेगी और सफलता के योग हैं। प्रिय अतिथियों का स्वागत करने का मौका मिलेगा।

सिंह
आज लाभ होगा और आपको अपनी वाणी पर नियंत्रण रखने से खास लाभ होगा। आपकी वाणी की सौम्यता आपको सम्मान दिलाएगी और आपके लिए शिक्षा और प्रतियोगिता में विशेष सफलता के योग बन रहे हैं। आपको अधिक भागदौड़ करनी पड़ सकती है और आंखों में दिक्कत हो सकती है।

कन्या
आज दिन बहुत अच्छा है और आपको व्यापार में आपको सफलता मिलेगी। संतान की तरफ से अच्छी खबर मिलेगी। दोपहर के बाद किसी कानूनी विवाद या मुकदमे में जीत आपके लिए खुशी का कारण बन सकती है। रोजगार व्यापार के क्षेत्र में जारी प्रयासों में अकल्पनीय सफलता प्राप्त होगी।

कुंभ
आज धन लाभ होगा। आपको विवादों से दूर रहना चाहिए। कोई बुरी खबर सुनकर आपको अचानक यात्रा पर जाना पड़ सकता है। आपके लिए धन सम्मान में वृद्धि होगी। सावधान रहें और झगड़े से बचें। आपके धन सम्मान में वृद्धि होगी और योजनाएं सफल होंगी। आपको मित्रों का साथ मिलेगा।

मीन
आज दिन मिला-जुला रहेगा। आपको अपने बच्चों की चिंता रहेगी और आपको अपने घर में या फिर रिश्तेदारों में बहनोई और साले से लेन-देन न करने की सलाह है। आप धार्मिक यात्रा पर जा सकते हैं और पुण्य कार्यों पर खर्च कर सकते हैं। यात्रा में सावधान रहें, वरना आपको भारी नुकसान हो सकता है।

भारत दूसरे संयुक्त राष्ट्र खेलों का सह आयोजक, योग और शतरंज में करेगा अगुआई

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत खेलों के माध्यम से कूटनीति और सहयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित किए जा रहे दूसरे संयुक्त राष्ट्र खेलों का सह आयोजक है जिसमें वह योग और शतरंज जैसे खेलों में अगुवाई करेगा। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि राजदूत पार्वथनेनी हरीश ने बुधवार को एक्स पर एक पोस्ट में कहा, दूसरे संयुक्त राष्ट्र खेलों के उद्घाटन समारोह का हिस्सा बनना मेरे लिए सम्मान की बात है। सह आयोजक के रूप में, भारत शतरंज और योग में अग्रणी भूमिका निभाएगा।

हरीश ने कह कि संयुक्त राष्ट्र खेल एकता और अंतरराष्ट्रीय सहयोग की भावना का उत्सव है। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी मिशन का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा, %मुझे उम्मीद है कि अगली बार इन खेलों में क्रिकेट को भी शामिल किया जाएगा मैं सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देता हूं। भारतीय टीम को अच्छे प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं।% संयुक्त राष्ट्र खेल अप्रैल-मई 2025 में आयोजित किए जाएंगे।

योग नौ अप्रैल को संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में नॉर्थ लॉन के रोज़ गार्डन में, जबकि शतरंज भी उसी दिन नॉर्थ लॉन के ओलंपिक कॉर्नर में आयोजित किया जाएगा। प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने 21 जून, 2023 को नौवें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर विशाल नॉर्थ लॉन में एक ऐतिहासिक योग सत्र का नेतृत्व किया था। हरीश ने कहा कि हालांकि हर कोई सक्रिय खिलाड़ी नहीं हो सकता है, लेकिन राजनयिक समुदाय के अधिकतर सदस्य उत्साही प्रशंसक हैं। लोग अलग-अलग टीमों के समर्थक हो सकते हैं, लेकिन खेल उन्हें एकजुट करते हैं।

उन्होंने कहा कि एक अरब से अधिक भारतीयों की तरह वह भी क्रिकेट प्रेमी हैं और उम्मीद जताई के अगली बार संयुक्त राष्ट्र खेलों में क्रिकेट भी शामिल होगा। हरीश ने कहा कि योग और शतरंज में आगे बढ़ना भारत के लिए सौभाग्य की बात है, जैसा कि पिछले साल हुआ था। उन्होंने कहा, %2014 में रिकॉर्ड संख्या में सदस्य देशों के सह-प्रायोजन के साथ 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस घोषित करने के प्रस्ताव को सर्वसम्मति से अपनाने के बाद से, योग दुनिया भर में लाखों लोगों के लिए जीवन का एक तरीका बन गया है।

हरीश ने कहा, जहां तक शतरंज का सवाल है तो भारत ने सदियों पहले इस खेल को अपना दिया था। वर्तमान समय में शतरंज की दुनिया में भारत के युवा खिलाड़ियों का दबदबा है जो रिकॉर्ड तोड़कर और वैश्विक चैंपियनशिप जीतकर इतिहास रच रहे हैं।% पिछले साल भारतीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश विश्व शतरंज चैंपियनशिप में चीन के डिंग लिरेन को हराकर 18 साल में सबसे कम उम्र के विश्व शतरंज चैंपियन बने थे।

भारतीय दूत ने विश्वास जताया कि मित्रता और सौहार्द की भावना क्षेत्र के साथ-साथ अंतरराष्ट्रीय शांति के लिए पेशेवर और कार्यात्मक आचरण में भी दिखाई देगी। संयुक्त राष्ट्र खेल सितंबर 2024 के संयुक्त राष्ट्र महासभा के प्रस्ताव संयुक्त राष्ट्र खेल और खेल के माध्यम से शांति और बेहतर दुनिया को बढ़ावा देने वाले अन्य प्रस्तावों पर आधारित हैं।संयुक्त राष्ट्र ने कहा, उद्घाटन संस्करण की तरह संयुक्त राष्ट्र खेल 2025 खेलों के माध्यम से सौहार्द, कूटनीति और सहयोग को बढ़ावा देना जारी रखेंगे। संयुक्त राष्ट्र खेल 2025 का उद्घाटन समारोह बुधवार को संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में आयोजित किया गया।

एटलेटिको को हराकर बार्सिलोना फाइनल में, चिर प्रतिद्वंद्वी रियल मैड्रिड से होगा खिताबी मुकाबला

मैड्रिड। बार्सिलोना की तरफ से फेरान टोरेस ने पहले हाफ में गोल किया जो आखिर में निर्णायक साबित हुआ। इससे पहले इन दोनों टीमों के बीच फरवरी में खेला गया सेमीफाइनल के पहले लेग का खेल 4-4 से बराबर रहा था।स्पेन के दिग्गज फुटबॉल क्लब बार्सिलोना ने बुधवार को एटलेटिको मैड्रिड को कोपा डेल रे टूर्नामेंट के सेमीफाइनल के दूसरे लेग में 1-0 से हराकर फाइनल में जगह बनाई। खिताबी मुकाबले में अब उसका सामना अपने चिर प्रतिद्वंद्वी रियल मैड्रिड से होगा। बार्सिलोना की तरफ से फेरान टोरेस ने पहले हाफ में गोल किया जो आखिर में निर्णायक साबित हुआ। इससे पहले इन दोनों टीमों के बीच फरवरी में खेला गया सेमीफाइनल के पहले लेग का खेल 4-4 से बराबर रहा था।इस तरह से बार्सिलोना ने कुल मिलाकर 5-4 से जीत दर्ज करके फाइनल में जगह बनाई। यह पिछले चार सत्र में पहला अवसर है जब बार्सिलोना इस टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचा है।रियल मैड्रिड ने मंगलवार को अतिरिक्त समय तक चले मैच में रियल सोसिदाद को 5-4 के कुल स्कोर से पराजित करके फाइनल में जगह बनाई थी। इन दोनों टीमों के बीच 2013-14 सत्र के बाद पहली बार फाइनल खेला जाएगा। तब रियल मैड्रिड ने खिताब जीता था।

आज मुंबई और लखनऊ के बीच मैच में रोहित और पंत पर रहेगी निगाह

लखनऊ (एजेंसी)। मुंबई इंडियंस और लखनऊ सुपर जॉइंट्स की टीम इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मैच में शुक्रवार को यहां जब आमने सामने होंगी तो सभी की निगाह रोहित शर्मा और ऋषभ पंत के प्रदर्शन पर टिकी रहेगी। पांच बार की चैंपियन मुंबई इंडियंस का इस सत्र में अभी तक प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा है तथा तीन मैच में उसके केवल दो अंक हैं।

भारतीय कप्तान रोहित की खराब फॉर्म मुंबई के लिए चिंता का विषय है। यही बात लखनऊ के कप्तान पंत पर भी लागू होती है जो रन बनाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। इन दोनों प्रमुख बल्लेबाजों के खराब प्रदर्शन का असर परिणाम पर साफ नजर आ रहा है। इन दोनों टीमों ने अभी तक तीन में से केवल एक मैच जीता है और ऐसे में शुक्रवार को होने वाले मैच में जो टीम परिस्थितियों से बेहतर सामंजस्य बिठाएगी, उसकी जीत की संभावना बढ़ जाएगी।

यही नहीं इस बार क्यूरेटर घरेलू टीमों के अनुकूल पिच तैयार नहीं कर रहे हैं जिस पर कुछ फ्रेंचाइजी के कोच और खिलाड़ियों ने खुलकर नाराजगी व्यक्त की है। ऐसे में पावर प्ले में अच्छा प्रदर्शन करने वाली टीम की जीत की संभावना बढ़ जाएगी। मुंबई के लिए तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की चोट भी चिंता का विषय है। बुमराह कब तक वापसी करेंगे इसको लेकर हार्दिक पांड्या की अगुवाई वाली टीम ने चुप्पी साध रखी है।

बुमराह की जगह लेना आसान नहीं है लेकिन बाएं हाथ के युवा तेज गेंदबाज अश्वनी कुमार ने पिछले मैच में कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ शानदार प्रदर्शन करके मुंबई की टीम में आशा की नई किरण जगाई है। अश्वनी कुमार ने इस मैच में 24 रन देकर 4 विकेट लिए थे। पंजाब के रहने वाले इस 23 वर्षीय तेज गेंदबाज ने घरेलू क्रिकेट में केवल चार टी20 मैच खेलने के बाद मुंबई की तरफ से आईपीएल में पदार्पण करते हुए शानदार प्रदर्शन किया तथा अजिंक्य रहाणे, मनीष पांडे, रिंकू सिंह और आंद्रे रसेल जैसे बल्लेबाजों को आउट किया।

मुंबई के गेंदबाजों ने कोलकाता के खिलाफ वानखेड़े में अच्छा प्रदर्शन किया लेकिन वह दक्षिण अफ्रीका के विकेटकीपर बल्लेबाज रयान रिकेलटन थे जिन्होंने टीम को लक्ष्य तक पहुंचाया। मुंबई को अगर इसी तरह का प्रदर्शन जारी रखना है तो फिर रोहित और सूर्यकुमार यादव को बड़ी भूमिका निभानी पड़ेगी।

जहां तक लखनऊ की बात है तो विशाखापत्तनम में आईपीएल के शुरुआती मैच में दिल्ली कैपिटल्स से मिली एक विकेट की निराशाजनक हार के बाद उसकी टीम अभी तक अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाई है। लखनऊ के लिए अच्छी बात यह है कि वेस्टइंडीज के बल्लेबाज निकोलस पूरण अच्छी फॉर्म में चल रहे हैं। उन्होंने तीन मैच में अभी तक 189 रन बनाए हैं लेकिन ऑस्ट्रेलिया के मिशेल मार्श को छोड़कर लखनऊ का कोई भी अन्य बल्लेबाज पूरण की तरह बल्लेबाजी नहीं कर पाया है।

लखनऊ की सबसे बड़ी कमजोरी उसकी गेंदबाजी और कप्तान पंत का अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाना है। लखनऊ के कुछ तेज गेंदबाज चोटिल हैं और ऐसे में उसके गेंदबाजी विभाग की जिम्मेदारी शार्दुल ठाकुर और रवि बिश्नोई संभाल रहे हैं। जहां तक पंत की बात है तो उन्हें चैंपियंस ट्रॉफी में खेलने का मौका नहीं मिला और मैच अभ्यास की कमी का असर उनकी बल्लेबाजी में स्पष्ट रूप से नजर आ रहा है। यह आक्रामक बल्लेबाज अभी तक तीन मैच में केवल 17 रन बना पाया है।

टीमें

लखनऊ सुपर जाइंटस - ऋषभ पंत (कप्तान और विकेटकीपर), अब्दुल समद, आकाश दीप, आकाश सिंह, अवेश खान, आयुष बदोनी, मैथ्यू ब्रीट्ज़के, युवराज चौधरी, राजवर्धन हंगरगेकर, हिम्मत सिंह, शमर जोसेफ, आर्यन जुयाल, अर्शिन कुलकर्णी, एडेन मार्करम, मिशेल मार्श, डेविड मिलर, निकोलस पूरन, प्रिंस यादव, दिग्वेश राठी, रवि बिश्नोई, शाहबाज़ अहमद, मणिमारन सिद्धार्थ, शार्दुल ठाकुर, मयंक यादव।

मुंबई इंडियंस - हार्दिक पंड्या (कप्तान), अश्वनी कुमार, राज बावा, कॉर्बिन बॉश, ट्रेंट बोल्ट, जसप्रित बुमरा, दीपक चाहर, विल जैक्स, बेवॉन जैकब्स, रॉबिन मिंज, मुजीब उर रहमान, नमन धीर, विग्नेश पुथुर, सत्यनारायण राजू, रयान रिकेलटन, मिशेल सेंटनर, कर्ण शर्मा, रोहित शर्मा, कृष्णन श्रीजीत, अर्जुन तेंदुलकर, तिलक वर्मा, रीस टॉपले, सूर्यकुमार यादव।

समय - शाम 7 :30 बजे।

घरेलू टीमों को पिच की स्थिति चुनने का अधिकार होना चाहिए

नई दिल्ली। पूर्व भारतीय खिलाड़ी और मौजूदा कमेंटेटर आकाश चोपड़ा ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में पिच की स्थिति तय करने के घरेलू टीमों के अधिकार पर अपने विचार साझा करते हुए कहा कि घरेलू टीमों को अपनी पसंद की पिच की स्थिति तय करने का अधिकार होना चाहिए, उन्होंने तर्क दिया कि यह घरेलू लाभ का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि हर घरेलू टीम को यह तय करने का अधिकार होना चाहिए कि वे किस तरह की सतह चाहते हैं, उन्हें सतह की मांग करनी चाहिए, और उन्हें यह मिलना चाहिए, ऐसा मुझे लगता है, क्योंकि घरेलू लाभ वास्तविक है, और यह केवल दो रूपों में आता है- एक वह सतह जिसे आप चुनते हैं और दूसरा वह भीड़ का समर्थन जो वहां होता है। इसके अलावा यह एक दूर का खेल है। आकाश चोपड़ा ने का यह भी मानना था कि पिच किसी टीम के प्रदर्शन के लिए सबसे महत्वपूर्ण कारक है, यहां तक कि भीड़ के समर्थन से भी ज्यादा। उनका तर्क है कि अगर पिच की स्थिति प्रतिकूल है, तो टीम की पूरी खेल योजना बाधित हो सकती है। उन्होंने कहा, सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि वे किस सतह पर खेलने जा रहे हैं - भीड़ अभी भी गौण हो सकती है। अगर आप पिच को हटा देते हैं, तो मुझे लगता है कि पूरी योजना पूरी तरह से पटरी से उतर जाएगी।

शिखर धवन ने सोफी शाइन से रिलेशनशिप पर लगाई मोहर!, 'इस कमरे में सबसे खूबसूरत लड़की'

नईदिल्ली (एजेंसी)। भारत के पूर्व क्रिकेटर शिखर धवन ने हाल ही में एक समिट के दौरान मिस्त्री गर्ल सोफी शाइन को लेकर अपने रिश्तों के बारे में बात की। अपने शानदार स्ट्रोक-प्ले और करिश्माई व्यक्तित्व के लिए जाने जाते पूर्व ओपनर को चैम्पियंस ट्रॉफी के दौरान सोफी के साथ देखा गया था और सोशल मीडिया पर उनकी तस्वीरें और वीडियोज भी सामने आए थे। अब इस रिलेशनशिप को लेकर उन्होंने खुलकर बात की है।

धवन ने समिट में बातचीत करते हुए अपने पिछले रिश्ते से आगे बढ़ने के बारे में पूछे जाने पर कहा, हां, मैं आगे बढ़ चुका हूं। मैं यह नहीं कहूंगा कि मैं प्यार में बदकिस्मत था बल्कि मेरे विकल्प अनुभवहीनता से आए थे। लेकिन अब मेरे पास अनुभव है, और यह काम आएगा। यह मेरे लिए सीखने की अवस्था थी। अच्छे पल थे, बुरे पल थे और मैं उन सभी के लिए आभारी हूं।

धवन से जब पूछा गया कि क्या वह फिर से प्यार करने के लिए तैयार हैं? अपनी खास मुस्कान के साथ उन्होंने चुटकी ली, मैं हमेशा प्यार में हूं! जब उनसे पूछा गया कि क्या वह किसी को डेट कर रहे हैं, तो धवन ने कहा, देखिए, मैं क्रिकेट में बाउंसर से बचना जानता हूं, और मुझे पता है कि अब आप मुझ पर एक बाउंसर फेंक रहे हैं। लेकिन मैं पकड़ा नहीं जाऊंगा! उन्होंने हंसते हुए किसी का नाम लेने से इनकार कर दिया।

भुवनेश्वर कुमार ने बेंगलुरु में रचा इतिहास, आईपीएल में ड्वेन ब्रावो की बराबरी की

बेंगलुरु (कर्नाटक) (एजेंसी)। अनुभवी तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार ने अपना नाम इतिहास की किताब में दर्ज करा लिया है और मौजूदा इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 में गुजरात टाइटन्स के खिलाफ रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के लिए अपने शानदार स्पेल के बाद तेज गेंदबाजों में संयुक्त रूप से सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बन गए।

बेंगलुरु के घरेलू मैदान में रजत पटडियार को आरसीबी कप्तान के रूप में पहली हार का सामना करना पड़ा। टाइटन्स ने 170 रन के लक्ष्य को आसानी से हासिल कर लिया और 8 विकेट की शानदार जीत के साथ अपना दबदबा कायम रखा। अपने घरेलू मैदान पर हारने के बावजूद वे कुछ सकारात्मक चीजें हासिल करने में सफल रहे जिनमें भुवनेश्वर का शानदार स्पेल भी शामिल था। उन्होंने अपने चार ओवर के स्पेल का पूरा कोटा फेंका, तञ्ज के कप्तान शुभमन गिल को आउट करके शुरुआती बढ़त हासिल की और 1/23 के आंकड़े के साथ लौटे।



भले ही उनके शुरुआती प्रयास व्यर्थ गए लेकिन भुवनेश्वर ने रिकॉर्ड बुक को फिर से लिखने के लिए पर्याप्त प्रभाव डाला। उन्होंने ड्वेन ब्रावो के 183 स्कैलप के टैली की बराबरी करने के बाद तेज गेंदबाजों में संयुक्त रूप से सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज के रूप में स्टेडियम छोड़ा। पूर्व कैरेबियाई स्टार ने 161 मैचों में 183 विकेट लिए जबकि भुवनेश्वर ने 178 मैचों में यह उपलब्धि हासिल की।

??कुल मिलाकर वह कैश-रिच लीग में सर्वकालिक विकेट लेने वालों की सूची में तीसरे स्थान पर हैं। उनके टैली से केवल युजवेंद्र चहल (206) और पीयूष चावला (192) बेहतर हैं। भुवनेश्वर ने अपने कौशल सेट पर भरोसा किया और इसे पूर्णता के साथ निष्पादित किया। उन्होंने अपनी ताकत का फायदा उठाया और मेजबान टीम के लिए सबसे किफायती गेंदबाज बनकर उभरे, उन्होंने महज 5.80 रन दिए।

कैरम बॉल पर पिछले 3-4 वर्षो से काम कर रहा था : साई किशोर

बेंगलुरु (एजेंसी)। टाइटंस के स्पिनर आर साई किशोर इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएलर्तमान सत्र में अपनी कैरम बॉल से बल्लेबाजों को गच्चा देने के लिए तैयार हैं जिस पर वह पिछले तीन-चार वर्षों से काम कर रहे थे। किशोर ने बुधवार को यहां गुजरात टाइटंस की रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ आसान जीत के दौरान अपनी कैरम बॉल से क्रुणाल पांड्या को हैरान कर दिया था। इस 28 वर्षीय स्पिनर ने मैच के बाद खुलासा किया कि वह पिछले कुछ सत्र से कैरम बॉल पर काम कर रहे थे लेकिन उन्होंने किसी भी तरह के मैच में अभी तक इसका उपयोग नहीं किया था। किशोर ने आधिकारिक प्रसारक से कहा, 'टी20 क्रिकेट में प्रासंगिक बने रहने के लिए आपको हमेशा अपने खेल में कुछ नया जोड़ना होगा। मैं पिछले तीन-चार वर्षों से इसका अभ्यास कर रहा था लेकिन मैंने कहीं भी इसका उपयोग नहीं किया था।% उन्होंने कहा, 'मैं आईपीएल में इसका उपयोग करने को लेकर आश्वस्त था और मैंने खुद पर भरोसा बनाए रखा।

पंजाब किंग्स धर्मशाला क्रिकेट स्टेडियम में सात दिन करेगी नेट प्रैक्टिस

धर्मशाला, एजेंसी

आईपीएल सीजन-2025 में होने वाले आईपीएल मैचों के दौरान पंजाब किंग्स की टीम 11 दिन धर्मशाला में ठहरेगी। इस दौरान तीन मैच खेलेगी और मैचों के बीच सात दिन अभ्यास कर मैदान और पिच के मिजाज को भी जानेगी। पंजाब की टीम अपने दूसरे होम ग्राउंड अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम धर्मशाला में 4 मई को लखनऊ के साथ होने वाले मैच के लिए पहली मई को पहुंच जाएगी। दो दिन धर्मशाला में अभ्यास करने के बाद 4 मई को पंजाब की टीम आईपीएल का मैच खेलेगी।

लखनऊ की टीम 4 मई को होने वाले मैच से दो दिन पूर्व ही धर्मशाला आएगी। धर्मशाला में पंजाब किंग्स से मुकाबले से पहले लखनऊ सुपर जायंट्स की टीम 27 अप्रैल को मुंबई में मुंबई से मैच खेलेगी। इसके बाद वह कुछ दिन आराम करने के बाद दो मई को धर्मशाला आएगी। 3 मई को अभ्यास करने के बाद लखनऊ की टीम 4 मई को मैच खेलेगी। दिल्ली कैपिटल्स की टीम 6 मई को धर्मशाला आएगी, जो 7 मई को अभ्यास करने के बाद 8 मई को मैच खेलेगी।

इसके अलावा 11 मई को होने वाले मुकाबले के लिए मुंबई की 8 या 9 मई को धर्मशाला पहुंचेगी। इसके बाद अभ्यास करने के बाद 11 मई को मैच खेलेगी। एचपीसीए के सचिव अवनीश परमार ने कहा कि धर्मशाला में होने वाले आईपीएल मैचों के लिए पंजाब की टीम सबसे पहले आएगी। टीम 11 दिन धर्मशाला में रुकेगी। अभी टीमों के अभ्यास का शेड्यूल जारी नहीं हुआ है।

17 चौके, 15 छक्के... क्रिकेट किंग से प्रिंस ऑफ क्रिकेट तक पूरन अकेले भारी, आईपीएल में खूब गरज रहा बल्ला

नई दिल्ली (एजेंसी)। आईपीएल 2025 में अब तक 14 मैच हो चुके हैं। आखिरी मैच में क्रिकेट किंग विराट कोहली और प्रिंस ऑफ क्रिकेट शुभमन गिल की भिड़ंत हुई थी। रोचक बात यह है कि दोनों का ही बल्ला कुछ खास नहीं कर सका। ये दोनों ही फिलहाल ऑरेंज कैप की दौड़ से बाहर नजर आ रहे हैं। दूसरी ओर, एक खिलाड़ी ऐसा है, जिसने अपने बल्ले के दम पर गेंदबाजों की नाम में दम कर दिया है। जी हां, यहां बात निकोलस पूरन की हो रही है, जिन्होंने लखनऊ सुपर जायंट्स के लिए जबरदस्त खेल दिखाया है। वेस्टइंडीज के इस बाएं हाथ के तूफानी बल्लेबाज ने इस सीजन में अपनी पावर हिटिंग से विपक्षी गेंदबाजों की नींद उड़ा रखी है।

आईपीएल 2025 में पूरन ने अब तक खेले गए तीन मैचों में दो हाफ सेंचुरी लगाई हैं और उनका सर्वाधिक स्कोर 75 है। पूरन ने कुल 189 रन बनाए हैं और ऑरेंज कैप की रेस में वह नंबर वन पर बने हुए हैं। इसके अलावा पूरन अन्य बल्लेबाजों की तुलना में टूर्नामेंट में अब तक तीन मैचों में 32 चौके-छक्के लगाकर सबसे आगे चल रहे हैं। चलिए जानते हैं कि इस टूर्नामेंट में निकोलस पूरन के अलावा किस टीम के किस खिलाड़ी ने चौके-छक्के की बरसात की है।

निकोलस पूरन के बाद गुजरात टाइटंस के सलामी बल्लेबाज साई सुदर्शन दूसरे नंबर पर हैं। उन्होंने 3 मैचों की 3 पारियों में 186 रन बनाए हैं। वह ऑरेंज कैप की रेस में पूरन के बाद दूसरे नंबर पर हैं। साई सुदर्शन ने आईपीएल 2025 में 25 चौके-छक्के लगाए हैं। गुजरात टाइटंस के विकेटकीपर बल्लेबाज जोस बटलर के नाम इस सीजन में 23 चौके-छक्के हैं। ऑरेंज कैप की रेस में वह साई सुदर्शन के बाद तीसरे नंबर पर हैं। जोस बटलर ने 3 मैचों की 3 पारियों में 166 रन बनाए हैं।

5 खिलाड़ी जिनकी सैलरी 10 करोड़ से ज्यादा, अभी तक आईपीएल में रहे हैं फुस्स

यशस्वी जायसवाल को राजस्थान रॉयल्स ने रिटेन किया था। टीम अभी तक 3 मैच खेल चुकी है और यशस्वी का बल्ला सभी में शांत रहा है। तीनों मैचों में वह सलामी बल्लेबाज करने उतरे और अभी तक 34 रन ही बना पाए हैं। इसमें 29 रन तो एक ही मैच में केकेआर के खिलाफ बनाए थे।

केकेआर ने स्टार ऑलराउंडर आंद्रे रसेल को रिटेन किया था। 12 करोड़ रुपये में रिटेन होने वाले रसेल का प्रदर्शन अब तक 30 लाख वाले खिलाड़ी जैसा भी नहीं रहा है। दो पारियों में वह अभी तक 4 और 5 रन बनाकर आउट हुए हैं। मुंबई के खिलाफ उन्हें दो विकेट तो मिला लेकिन तब तक टीम मैच हार चुकी थी।

केकेआर ने नीलामी में वेंकटेश अय्यर को खरीदने के लिए पूरा जोर लगा दिया। अंत में 23 करोड़ 75 लाख रुपये में अपने साथ जोड़ा। अय्यर ने अभी तक इस सीजन दो मैचों में बल्लेबाजी की है। आरसीबी के खिलाफ 6 रन बनाकर आउट हुए तो मुंबई के खिलाफ सिर्फ 3 रन बना पाए।मुंबई इंडियंस ने अपने पूर्व कप्तान रोहित शर्मा को 16 करोड़ 30 लाख रुपये देकर रिटेन किया था। रोहित पहले मैच में चेन्नई के खिलाफ खाता नहीं खोल पाए। गुजरात के खिलाफ पहले ही ओवर में दो चौके मारकर आउट हो गए। केकेआर के खिलाफ भी उनका बल्ला नहीं बोला।

आईपीएल इतिहास के सबसे महंगे खिलाड़ी का नाम ऋषभ पंत है। लखनऊ सुपर जायंट्स ने खरीदने के बाद उन्हें कप्तान बनाया। पंत बल्लेबाजी, कप्तानी और कीपिंग सभी में फेल रहे हैं। दिल्ली के खिलाफ उनका खाता नहीं खुला। हैदराबाद के खिलाफ 15 और पंजाब के खिलाफ 2 रन बनाए।

पंजाब किंग्स के कप्तान और बल्लेबाज श्रेयस अय्यर ने दो मैचों की दो पारियों में 21 चौके-छक्के लगाए हैं। वह ऑरेंज कैप की रेस में भी चौथे स्थान पर हैं। अय्यर ने 149 रन बनाए हैं। ऑस्ट्रेलिया के क्रिकेटर और सनराइजर्स हैदराबाद के सलामी बल्लेबाज ट्रेविस हेड 24 चौके-छक्के लगाकर टूर्नामेंट में ऑरेंज कैप की रेस में पांचवें स्थान पर हैं। एक और ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर और लखनऊ सुपर जायंट्स के लिए इंपैक्ट प्लेयर के तौर पर अपना प्रभाव छोड़ते हुए मिशेल मार्श ने 3 मैचों की 3 पारियों में 21 चौके-छक्के लगाए हैं। वह ऑरेंज कैप की रेस में छठे स्थान पर हैं।

सांसद लोधी ने लोकसभा सदन में लोक महत्व के मुद्दे पर चर्चा के दौरान नर्मदा-सुनार लिंक परियोजना के संबंध में ध्यानाकर्षण कराया

दमोह। सांसद राहुल सिंह लोधी ने लोकसभा सदन में लोक महत्व के मुद्दे पर चर्चा के दौरान नर्मदा-सुनार लिंक परियोजना के संबंध में ध्यानाकर्षण कराया जिसमें नर्मदा जी नरसिंहपुर के पतई घाट से मेरे संसदीय क्षेत्र की देवरी विधानसभा अंतर्गत केसली तड़ा के पास बरांझ नदी की दूरी 20 किलोमीटर है और तकरीबन उतनी ही दूरी बरांझ नदी से सुनार नदी की है। माँ नर्मदा जी का जल बरांझ नदी से होते हुए सुनार में लिंक कर दिया जाए तो इससे सम्पूर्ण लोकसभा क्षेत्र में पानी की आपूर्ति पूर्ण हो जाएगी। जब यह पानी सुनार नदी के माध्यम से आएगा तो देवरी, रहली, गढ़ाकोटा, पथरिया ब्लॉक के ग्राम- इमलिया से नरसिंहगढ़ होते हुए हटा विधानसभा अंतर्गत खमरगौर में व्यारमा नदी की ओर पहुँच जायेगा। इस परियोजना के क्रियान्वयन होने से सम्पूर्ण लोकसभा क्षेत्र में पानी की आपूर्ति पूर्ण होगी। जिससे किसानों को खेती और पीने के जल का लाभ होगा। यह परियोजना जल संरक्षण एवं सिचाई व्यवस्था को मजबूती प्रदान करेगी।

मत्स्य पालन समिति को जलाशय पट्टे पर देने हेतु अधिसूचना जारी

बैतूल। जिला पंचायत ने घोघरी जलाशय के मत्स्य पालन पट्टे के आवंटन के लिए अधिसूचना जारी कर दी है। शासन की नीति के तहत 10 वर्षीय मत्स्य पालन एवं विकास हेतु यह पट्टा सहकारी समितियों और स्व सहायता समूहों को दिया जाएगा। इच्छुक पंजीकृत समितियों को 2 मई 2025 तक आवेदन जमा करने के निर्देश दिए गए हैं। अधिसूचना के अनुसार बैतूल जिले के घोघरी जलाशय, जिसकी जलक्षेत्र सीमा 170 हेक्टेयर है। प्राथमिकता के आधार पर मत्स्य पालन समिति या स्व सहायता समूह को पट्टे पर दिया जाएगा। इसके लिए केवल वे ही समितियां पात्र होंगी जो पंजीकृत है। और आवश्यक दस्तावेज समय पर जमा करेंगी। आवेदन प्रक्रिया के तहत समितियों को अपनी प्रस्तावना समिति सदस्यों की सूची पिछले तीन वर्षों की वार्षिक रिपोर्ट, पंजीयन प्रमाण पत्र मत्स्य पालन संचालन योजना आदि दस्तावेज जमा करने होंगे। वही स्व सहायता समूहों को समूह गठन प्रस्ताव, सदस्यों की सूची गरीबी रेखा सत्यापन हेतु राशन कार्ड की प्रति निवास प्रमाण पत्र और जलाशय संचालन का अनुभव प्रमाण पत्र जमा करना होगा। इस प्रक्रिया के तहत चयनित समिति को जलाशय की निर्धारित पट्टा राशि समय पर जमा करनी होगी। और नियमों का पालन करना अनिवार्य होगा। आवेदन प्रक्रिया से संबंधित अधिक जानकारी सहायक संचालक मत्स्योद्योग कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत बैतूल ने स्पष्ट किया है। कि आवेदन में कोई त्रुटि होने पर उसे अस्वीकृत किया जा सकता है। अंतिम निर्णय जिला पंचायत बैतूल के पास सुरक्षित रहेगा।

जल को बचाने की जानकारी हेतु विकासखंड की महिला समूहों की बैठक संपन्न

औबेदुल्लागंज (संवाददाता) -3 अप्रैल को प्रदेश डे राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन विकाशखण्ड ओबेदुल्लागंज के आजीविका भवन में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत रायसेन के निर्देशानुसार जल सम्बर्धन अभियान अंतर्गत बैठक की गई बैठक में जल के महत्व को बताया गया जल के बचाब हेतु क्या क्या कार्य करने चाहिए बैठक में जानकारी दी गई नदियां बचाओ के बारे में बताया गया इसके साथ इंटरगिरेटेट फार्मिंग कलस्टर के पदाधिकारियों की बैठक रखी गई जिसमें ग्रामो में इंटरगिरेटेट फार्मिंग कलस्टरो को विकसित करने पर जोर दिया गया बैठक में विकासखंड क्षेत्र के ग्रामो में गठित समूहों की महिलाये आजीविका मिशन के विकासखण्ड प्रवंधक जितेंद्र चतुर्वेदी सहायक विकासखण्ड प्रवंधक निधि चौहान सहायक विकासखण्ड प्रवंधक संजय नामदेव सहायक विकासखण्ड प्रवंधक जया व्यास एवं आजीविका मिशन विकासखण्ड ओबेदुल्लागंज की समस्त कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

सिद्दीकगंज मंडल के सभी 40 बूथों पर मनेगा भाजपा का स्थापना दिवस एवं अंबेडकर जयंती-धनरुपमल जैन

आष्टा। आष्टा विधानसभा क्षेत्र के सिद्दीकगंज मंडल के सभी 40 बूथों

पर 6 अप्रैल को भाजपा का स्थापना दिवस एवं 14 अप्रैल को भारत रत्न बाबा साहब डॉ.भीमराव अम्बेडकर जी की जयंती मनाने,वन नेशन वन इलेक्शन का समर्थन करने एवं लोकसभा में वक्फ बिल भारी बहुमत से पास होने को लेकर आज जिला भाजपा के निर्देश पर सिद्दीकगंज मंडल की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा के वरिष्ठ नेता बैठक के प्रभारी श्री धनरुपमल जैन उपस्तिथ हुए। कामकाजी बैठक को संबोधित करते हुए श्री धनरुपमल जैन ने संगठन की ओर से आगामी दिनों में होने वाले कार्यक्रमो की जानकारी देते हुए बताया की आगामी 6 अप्रैल को भाजपा के स्थापना दिवस से 14 अप्रैल भारत रत्न डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जयंती तक कई कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। उन्होंने बताया कि 6 अप्रैल को भाजपा के स्थापना दिवस को मंडल के सभी 40 बूथो पर मनाना है, सभी कार्यकर्ताओं को अपने घरों पर भाजपा का झण्डा फहराना है,6 एवं 7 अप्रैल को प्रत्येक बूथ पर प्राथमिक सदस्यों को एकत्रित कर उनका सम्मेलन करना है। इसी तरह से 8 एवं 9 अप्रैल को विधानसभा स्तर पर सक्रिय सदस्यों का सम्मेलन आयोजित होगा। 7 से 13 अप्रैल तक गांव व बस्ती चलो अभियान में भाग लेकर प्रत्येक कार्यकर्ता को कम से कम 8 घण्टे का समय देकर नौ करणीय कार्यो को करना है।प्रशासनिक भार से देश को राहत मिलेगी। इस अभियान से लोकतांत्रिक प्रक्रिया और सुचारू होगी, जिससे जनता को भी लाभ मिलेगा। बैठक में सभी ने हाथ उठा कर उक्त प्रस्ताव का एक स्वर में समर्थन किया। सिद्दीकगंज मंडल की बैठक में राकेश सिसोदिया मंडल अध्यक्ष, धर्मेंद्र परमार, सजन सिंह, राहुल परमार, राजू धरवा, महेंद्र सिंह काप्ले, रमेश चंद, नारायण सिंह पटेल, कोक सिंह, सीताराम मालवीय, मानसिंह,तारा सिंह, संतोष कुमार, राजा भाई, राकेश कुमार, अंशु परमार, आकाश सोलंकी सहित सिद्दीकगंज मंडल के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बूथ अध्यक्ष बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

विद्यालय और कक्षा से दूरी नहीं बनायें विद्यार्थी: प्रहलाद पटेल

केरपानी में आयोजित शाला उत्सव कार्यक्रम में हुए शामिल मंत्री

करेली। स्कूल चले हम अभियान के अंतर्गत तीसरे दिन गुरुवार को शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला केरपानी में शाला उत्सव कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती पूजन व दीप प्रज्जवलन कर किया। उन्होंने बच्चों को प्रेरणादायी बातें बताई और उनका हौसला अफजाई किया। उन्होंने विद्यार्थियों से आत्मीय संवाद कर उनके जीवन के लक्ष्य के बारे में जाना और उन्हें कहा कि मन में कोई जिज्ञासा नहीं रखें। सवाल पूछने की आदत अपने जीवन में शामिल करें। मंत्री श्री पटेल व अन्य अतिथियों ने विद्यार्थियों को निश्शुल्क पाठ्य- पुस्तकों का वितरण किया इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती ज्योति नीलेश काकोड़िया व उपाध्यक्ष श्रीमती अनीता राजेन्द्र ठाकुर, पूर्व राज्यमंत्री श्री जालम सिंह पटेल, पं. रामसनेही पाठक, महंत प्रीतमपुरी गोस्वामी, अन्य जनप्रतिनिधि, कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले, पुलिस अधीक्षक श्रीमती मृगाखी डेका, सीईओ जिला पंचायत श्री दलीप कुमार, जिला शिक्षा अधिकारी श्री अनिल व्यौहार, डीपीसी, बीईओ, अन्य अधिकारी- कर्मचारी, विद्यार्थी, उनके माता- पिता, अभिभावक और ग्रामीणजन मौजूद थे मंत्री श्री पटेल ने सभी नवप्रवेशी बच्चों को शुभकामनायें देते हुए कहा कि स्कूल चलें हम अभियान के तहत आयोजित कार्यक्रम में शामिल होना था, इसलिए ग्रामीण क्षेत्र के इस स्कूल को चुना। पहले यह छुट्टियों का समय हुआ करता था। जुलाई से विद्यालय प्रारंभ होते थे। अब समय बदल चुका है। समय के साथ हुये परिवर्तन को हमें स्वीकारना चाहिये। मंच से मंत्री श्री पटेल ने बताया कि विद्यालय में दर्ज संख्या के अनुसार कई विद्यार्थी आज नहीं आये हैं। उनके नहीं आने का कारण भी हमें जानकर इस पर विचार करना होगा। उन्होंने माता- पिता और अभिभावकों से आग्रह किया कि बच्चों को फसल कटाई के कार्य में नहीं शामिल करें। यह समय उनके जीवन में फिर कभी नहीं आने वाला। बच्चे नियमित रूप से विद्यालय जायें और कक्षाओं में अध्ययन करें। आपको हर त्यौहार मनाने मिलेंगे। इस मामले में स्वयं को भाग्यशाली मानते हुए मंत्री श्री पटेल ने अपने छात्र जीवन के बारे में बताते हुए कहा कि उनके पिताजी ने हमेशा पढ़ाई और खेलों को बराबर महत्व दिया है। कभी जब अखाड़े या फुटबॉल के मैदान में खेलने नहीं जाता था, तो पिताजी और मेरे गुरू टोका करते थे। इस टोकने की प्रवृत्ति को हमें अन्यथा नहीं लेना चाहिये। यह बच्चों की बेहतरी के लिए है। मंत्री श्री पटेल ने विद्यार्थियों से संवाद के दौरान जिला शिक्षा अधिकारी को कैरियर काउंसलिंग के सत्र आयोजित करने के निर्देश भी दिये मंत्री श्री पटेल ने कहा कि वे केन्द्र में मंत्री पद पर रहे और अभी प्रदेश सरकार में मंत्री पद पर है, लेकिन इस दौरान उन पर कभी कोई आरोप नहीं लगा। जीवन की सफलता यही है कि आप पर कभी कोई उंगली न उठायें। आप सभी संकल्प लें कि आप अपने जीवन को बेहतर बनाकर गांव व समाज का नाम रोशन करेंगे। हम नर्मदा तट पर रहने वाले लोग हैं। न जाने कितने परिक्रमावासी प्रतिदिन यहां से गुजरते हैं। हम सिर्फ उनके भोजन व विश्राम की जरूरतें पूरी करते हैं। आप इन परिक्रमावासियों से जब भी मिले, तो उनसे उनके जीवन के अनुभव और उनकी इस यात्रा के बारे में अवश्य जानें। हम यह नहीं जानते कि कौन व्यक्ति परिक्रमावासी के रूप में आया है और वह क्या करता है। अपने गुरू परमपूज्य श्रीश्री बाबा श्री के कथन ÷रेखायें देशों की बीच हमने खीचीं हैं यह धरती एक ही है÷ का भी जिक्र उन्होंने किया कलेक्टर श्रीमती पटले ने भी विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए सपने देखने और उन्हें पूरा करने की बात कही। इस दौरान उन्होंने अपने विद्यार्थी जीवन और संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षा के दौरान आई चुनौतियों और उनका सामना कर कलेक्टर बनने के अनुभव को भी साझा किया। उन्होंने विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की शुभकामनायें देते हुए कहा कि दृढ़ इच्छा शक्ति और आत्मविश्वास के साथ प्रयास करते रहें। मंजिल निश्चित तौर पर आपको मिलेगी।

महामाई मैया की रात्रि में होने वाली नित्य महाआरती में उमड़ रही भक्तों की भीड़

आस्था के वशीभूत प्रतिदिन पहुंच रही है चुनरी यात्राएं

सिरोंज। नगर से छह किलोमीटर दूर महामाई मंदिर पर इन दिनों श्रद्धा भक्ति और उत्सव का मिला जुला नजारा देखने को मिल रहा है। सुदूर जंगल के बीचों बीच ओंकार पहाड़ी पर बसी होने के कारण इस धार्मिक और सिद्ध स्थल को डाँग वाली मैया भी कहा जाता है। चैत्र नवरात्रि उत्सव के दौरान मैया के दरबार मे प्रतिदिन रात्रि साढ़े आठ बजे होने वाली संध्या आरती में धर्मलाभ लेने के लिए क्षेत्र और आसपास से हजारों श्रद्धालु एकत्रित हो रहें है। मंदिर के प्रधान पुजारी आचार्य पंडित नलिनीकांत शर्मा एवं उनके पुत्र पंडित सर्वेश शर्मा के श्रीमुख से संगीतमय रूप से होने वाली मैया की आरती ओर आराधना का इन दिनों विशेष महत्व रहता है। इसके अलावा भोर में चार बजे होने वाली मंगला आरती में भी श्रद्धालु सहभागिता करते है।पूरे नवरात्र में प्रतिदिन काफी संख्या में महिलाएं पैदल चलकर जल चढ़ाने मैया के दरबार में पहुंचती हैं

सबका कल्याण करने वाली नगर की आराध्य देवी महामाई और उनके दरबार मे महामाई सेवा समिति द्वारा श्रद्धालुओं को व्यवस्थित कतारबद्ध करके दर्शन कराने के लिए विशेष इंतजाम समिति एवं प्रशासन द्वारा किए गए है। रात्रि में होने वाली महाआरती का प्रतिदिन आस्था लाइव टीवी के माध्यम से लाइव प्रसारण करने की व्यवस्था भी समिति द्वारा की गई है। महामाई की पहाड़ी पर की गई आकर्षक विधुत सज्जा ओर समूचे रूप से की गई विशेष साज सज्जा के बीच श्रद्धालु परिवार के साथ पहुँचकर धर्म लाभ लेने के साथ मनोरंजन के लिए लगाए गए मेले में झूलों ओर खरीददारी का भी आनंद ले रहे है। विशाल स्तर पर फैले इस महामाई के मेले में श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो इसके लिए समिति द्वारा विशेष इंतजाम कर सदस्यों द्वारा प्रतिदिन उनका निरीक्षण एवं समीक्षा भी की जाती है।

श्रद्धाभाव के साथ मैया के भजन गाते हुए

इस चुनरी यात्रा में माता को चढ़ाने साड़ियां भेंट की जाती है जिनको जोड़कर श्रद्धालुओं द्वारा गाजे बाजे के साथ धूमधाम से पदयात्रा करते हुए यह चुनरी यात्रा नगर के मुख्य मार्गो से होती हुई महामाई मंदिर पहुँची। यात्रा में शामिल महिला श्रद्धालुओं का नगर में जगह जगह पुष्पवर्षा कर स्वागत भी किया गया। चुनरी यात्रा की संयोजक उषा शर्मा ने बताया कि महामाई मैया सब पर कृपा करने वाली हैं। परिवार की सुख शांति और उनका आशीर्वाद लेने के लिए हम सभी श्रद्धालु महिलाएं निरंतर इस चुनरी यात्रा धूमधाम से आयोजन करते हैं और मैया को सबके सहयोग से मिलने वाली चुनरियों को जोड़कर समर्पित करते हैं। इस अवसर पर प्रमुख रूप से ज्योति चौरसिया,राजश्री सिंहल,अंजलि कटियार, अंजली कटियार ,वंदना अग्रवाल,विनीता मित्तल ,रानी शर्मा, शोभा अग्रवाल, सहित महिलाएं शामिल थी।

पुलिस की बड़ी कार्रवाई 2 महिला नक्सली ढेर, इलाके में सर्च ऑपरेशन जारी

मंडला–मध्य प्रदेश के मंडला जिले में नक्सल विरोधी अभियान के तहत सुरक्षा बलों को बड़ी सफलता मिली है।बुधवार सुबह बिछिया थाना क्षेत्र में पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई,जिसमें दो महिला नक्सली मारी गई।पुलिस ने मौके से अत्याधुनिक हथियार बरामद किए हैं।घटना के बाद इलाके में हाई अलर्ट जारी कर सघन तलाशी अभियान चलाया जा रहा है।

मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर पुलिस का ऑपरेशन जारी

पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) कैलाश मकवाना के अनुसार,मुखबिर से मिली जानकारी के आधार पर सुरक्षा बलों ने इलाके में सर्च ऑपरेशन शुरू किया था।इसी दौरान जंगल में नक्सलियों के एक समूह से आमना-सामना हो गया,जिसके बाद दोनों ओर से भारी गोलीबारी हुई।इस मुठभेड़ में दो महिला नक्सली मारी गई,जबकि उनके अन्य साथी घने जंगल का फायदा उठाकर फरार हो गए।बरामद हथियार और अहम सुराग पुलिस ने मौके से एक एसएलआर राइफल,एक साधारण राइफल और एक वायरलेस सेट बरामद किया है।इसके अलावा,नक्सलियों के पास से रोजमर्रा में इस्तेमाल होने वाला सामान भी मिला है,जिससे उनके नेटवर्क और गतिविधियों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी मिलने की संभावना है।इलाके में बढ़ाई गई सुरक्षा,ऑपरेशन जारी एनकाउंटर के बाद पूरे क्षेत्र को घेर लिया गया है और बाकी बचे नक्सलियों की तलाश के लिए सघन सर्च ऑपरेशन जारी है।

कांग्रेस जिला अध्यक्ष हेमंत वागद्रे ने राहुल गांधी से की मुलाकात

बैतूल। अखिल भारतीय कांग्रेस कार्यालय नई दिल्ली में आयोजित जिला अध्यक्षों की बैठक रखी गयी थी। जिसमे जिला कांग्रेस अध्यक्ष हेमंत वागद्रे भी इस बैठक मे शामिल होने पंहुचे। संगठन को सुचारू रूप से संचालित कैसे किया जाना है। बल्कि आगामी चुनावी तैयारियों को लेकर महत्त्वपूर्ण चर्चा की गयी। बैठक में विशेष रूप से राष्ट्रिय अध्यक्ष मल्लिका अर्जुन खड़गे तथा उपस्तिथ लोकसभा सांसद नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी जिला अध्यक्ष हेंमन्त वागद्रे ने मुलाकात की कुछ ख़ास मुद्दों पर विचार-विमर्श भी किया।श्री वागद्रे ने बताया कि कांग्रेस की इस बैठक में पूरे भारत से सभी अध्यक्षो को बुलवाया था। और बैठक में पार्टी सबंधित और आगामी योजनाओं पर गम्भीरता से चर्चा की है। उन्होंने कहा की कांग्रेस की बैठक में सभी जिला अध्यक्षो का आत्मविश्वाश मजबूत है। आगामी चुनाव में बेहतर परिणाम आने बात कहकर कार्यकर्ताओ में उत्साह वर्धन किया है।

प्रभु श्री राम पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने वाले जॉय स्कूल के संचालक के खिलाफ विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल ने दिया ज्ञापन

दमोह 1 अप्रैल 2025 को जॉय स्कूल विजय नगर के संचालक अखिलेश मैबन के द्वारा हमारे आराध्य भगवान श्री राम जी के लिए एवं समस्त हिंदू समाज के विरुद्ध अपमान एवं आपत्तिजनक टिप्पणी की गई , जिससे हिंदू समाज की धार्मिक भावनाएं आहत हुई हैं,इन्हीं के ईसाई समुदाय से आने वाले लोगों द्वारा इसको सोशल मीडिया पर शेयर भी किया , जिसका पुरजोर विरोध विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल करता है।

प्रभु श्री राम जी पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने वाले अखिलेश मेबन के खिलाफ प्रथम सूचना रिपोर्ट विजय नगर थाना जबलपुर में दर्ज की गई है, जिसमें अभी तक गिरफ्तारी नहीं की गई है, विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल शासन प्रशासन से यह मांग करता है कि प्रभु श्री राम जी के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी करने वाले इस व्यक्ति जिसका आपराधिक रिकॉर्ड भी है इसके सभी कृत्यों पर अभी तक कोई भी कारवाही नहीं की गई है , अखिलेश का जो मकान बना है वह भी अवैध रूप से बनाया गया है इस पर कड़ी से कड़ी कारवाही की जाए ।साथ ही इस पर रासुका की कारवाही करने की मांग भी संगठन द्वारा की गई। इसके अलावा जिन लोगों ने सोशल मीडिया पर पोस्ट को शेयर किया है उनके खिलाफ जांच कर स्रद्धक्रकरते हुए गिरफ्तारी की मांग भी संगठन द्वारा की गई। इसी के विरोध में विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल द्वारा गुरुवार को स्क ऑफिस पहुंचकर ज्ञापन दिया गया, जिसमें तत्काल गिरफ्तारी और रासुका की कार्यवाही करने की मांग की गई और कहा कि यदि तत्काल गिरफ्तारी नहीं की गई तो विश्व हिंदू परिषद बजरंगदल

भविष्य में उग्र आंदोलन करेगा जिसकी समस्त जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी। ज्ञापन देने में विश्व हिंदू परिषद बजरंगदल के पदाधिकारी, मातृशक्ति दुर्गावाहिनी की बहने और सैकड़ों की संख्या में हिंदू संगठन के कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।

6 अप्रैल को पार्टी का स्थापना दिवस व 14 अप्रैल को डॉक्टर अंबेडकर जी की जयंती मनाएगी भाजपा

देश को विकास के पथ पर लाई है भाजपा -डॉ. रवि पांडे

शाजापुर भारतीय जनता पार्टी की केंद्र और राज्य की सरकार राष्ट्र की राजनीति को विकास के पथ पर लाने के एक स्वर्णिम युग की शुरुआत है जिससे आगामी वर्षों में देश को विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प को पूरा करने के लिए भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता भी अपने प्राण प्रण से जुटे हुए हैं। हरियाणा दिल्ली और महाराष्ट्र में एनडीए की निर्णायक जीत ने यह साबित कर दिया है कि भ्रम फैलाने वालों को देश स्वीकार नहीं कर रहा है। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सफलतम नेतृत्व में देश प्रगति के पथ पर निरंतर अग्रसर हो रहा है उक्त बातें भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष डॉ रवि पांडे ने बुधवार को स्थानीय भाजपा जिला कार्यालय पर आयोजित जिला बैठक मे जिला पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए कही। श्री पांडे ने पार्टी पदाधिकारियों से आगामी पार्टी कार्यक्रमों का प्रभावी ढंग से क्रियान्वयन करने हेतु चर्चा की।

बैठक को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष श्री पंकज जी जोशी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी स्थापना से लेकर आज तक निरंतर संघर्ष करते हुए अपने सर्वोच्च शिखर पर पहुंची है। और कार्यकर्ताओं की मेहनत, लगन और परिश्रम से पार्टी भारत को विश्व का सिरमौर बने ऐसी कामना के साथ कार्य कर रही है। आगामी 6 अप्रैल को भारतीय जनता पार्टी का स्थापना दिवस पार्टी के कार्यकर्ता पूरे जोश के साथ मनाएंगे। साथ ही आगामी 14 अप्रैल को भारत रत्न डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी की जयंती मनाने के कार्यक्रम भी प्रभावी ढंग से कार्यकर्ता प्रत्येक मण्डल मे संपन्न करें।बैठक को जिला प्रभारी श्री जगदीश जी अग्रवाल एवं जिला पंचायत अध्यक्ष श्री हेमराज सिंह जी सिसोदिया ने भी संबोधित करते हुए आजीवन सहयोग निधि, एवं मन की बात कार्यक्रमो एवं विगत समय आयोजित कार्यक्रमों की समीक्षा की। बैठक में विशिष्ट अतिथि के रूप में ऊर्जा विकास निगम के पूर्व अध्यक्ष श्री विजेंद्र सिंह सिसोदिया,पूर्व विधायक श्री जसवंत सिंह हाडा, श्री पुरषोत्तम चंद्रवंशी, श्री बाबूलाल वर्मा, यह विधायक श्री अरुण भीमावत, कालापीपल विधायक श्री घनश्याम चंद्रवंशी, पूर्व जिला अध्यक्ष श्री अशोक नायक, महिला मोर्चा की प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमती बबीता परमार, मंचासीन रहे। बैठक का संचालन जिला उपाध्यक्ष श्री प्रदीप चंद्रवंशी ने किया एवं आभार जिला कोषाध्यक्ष किरण सिंह ठाकुर ने माना।

श्री राम कथा में बालि वध के बाद वानर सेना ने प्रारंभ की थी सीता की खोज

इटारसी। श्री राम जन्म महोत्सव अंतर्गत संगीतमय श्री राम कथा का पंचम दिवस श्री द्वारिकाधीश बड़ा मंदिर तुलसी चौक में श्री राम जन्म महोत्सव समिति के तत्वावधान में 62 वे वर्ष में आयोजित श्रीराम कथा महोत्सव में चित्रकूट से पधारे प. महेंद्र मिश्र मानस मणि महाराज ने कथा प्रसंग को विस्तार देते हुए कहा कि प्रभु श्रीराम लक्ष्मण जी और माता सीता वन गमन के दौरान ऋषिमुख पर्वत के समीप पहुंचे। सुग्रीव को आशंका हुई यह कहीं बालि के द्वारा भेजे गए दूत ना हों। हनुमान जी ब्राह्मण का वेष बनाकर राजकुमारों के पास पहुंचे और उन्हें देखकर हनुमान जी ने कहा कि आप बीहड़ जंगलों में नंगे पांव चल रहे हैं, साधारण व्यक्ति नहीं हो सकते।

प्रभु श्रीराम ने हनुमंत लाल से कहा कि हम महाराजा दशरथ अयोध्या के पुत्र हैं और पिता की आज्ञा मानकर वन में आए हैं। हनुमान जी ने सभी तरह से संतुष्ट होने के बाद वानर राज सुग्रीव से राम जी का परिचय कराया। सुग्रीव ने अपनी सारी व्यथा बताई कि किस तरह उसका बड़ा भाई बालि उसे परेशान कर रहा है, जिसके कारण छुपकर वे यहां पर हैं। योजना के अनुसार प्रभु श्री राम ने बालि का वध किया। सुग्रीव से मित्रता की, जो अंततः रावण वध के परिणाम तक पहुंची। आचार्य मानस मणि ने कहा कि बालि के वध के बाद उसकी पत्नी तारा बहुत विकल हुई, तब प्रभु श्री राम ने उसको जीवन और मरण की सही बात बताई जो तारा ने स्वीकार की।

गुरुवार को कथा व्यास के पूजन ओर स्वागत के लिए नगर के चिकित्सक अचलेश्वर दयाल, सुनील देवानी, अनिकेत सिंह, विनय गंगवानी, दीपक जैसवानी, रवि टिकरिया, कोकिला अग्रवाल, सभापति राकेश जाधव, मनजीत कलोसिया,क्षत्रिय ताम्रकार समाज, कल्चुरी समाज, सोनी समाज, कुर्मी गौर समाज सहित आयोजन समिति के अध्यक्ष डॉ नीरज जैन, कार्यकारी अध्यक्ष विपिन चांडक, सचिव अभिषेक तिवारी, उपाध्यक्ष विष्णु शंकर पांडेय, पंकज राठौर, कोषाध्यक्ष प्रकाश मिश्रा, सह कोषाध्यक्ष अमित सेठ सहित बड़ी संख्या में अतिथि उपस्थित रहे।

राशा के साथ काम करने पर बोले 'आजाद' के अभिनेता

स्टार किड्स को भी नहीं मिलते मौके अगर वो...

मोहित मलिक पिछले 30 सालों से टीवी की दुनिया में एक्टिव हैं। वह कुल्फी कुमार बाजेवाला और साइबर वार जैसे टीवी शो में नजर आ चुके हैं। हाल ही में मोहित मलिक आजाद फिल्म में नजर आए। फिल्म में उन्होंने तेज बहादुर का किरदार निभाया है। हाल ही में स्क्रीन के साथ बातचीत में उन्होंने बताया कि अपनी कला के प्रति अविश्वास की वजह से वह फिल्मों से दूर रहे। इसी वजह से उन्हें लंबा इंतिजार करना पड़ा।

मोहित मलिक ने बताया साल 2016 में मेरे अंदर इतना आत्मविश्वास नहीं था कि मैं फिल्मों में काम करूं। मुझे अपनी कला पर भरोसा नहीं था। आत्मविश्वास आने के बाद मैंने 2017-18 में फिल्मों में हाथ आजमाया। टीवी सीरियल में काम करने के दौरान मैं अक्सर टाइम निकाल कर फिल्मों के ऑडिशन के लिए जाया करता था। अभिषेक कपूर को मेरा ऑडिशन अच्छा लगा और उन्होंने मुझे फोन किया। मैंने दूसरा टेस्ट दिया और मैं इसमें पास हो गया।

मलिक ने आगे बताया कि एक अलग इंडस्ट्री में इतने लंबे वक्त तक काम करने के बाद, एक दूसरे नए उद्योग में एकदम से शुरुआत करने के बाद, आप अहंकार से भी जूझते हैं। लेकिन जुनून अहंकार को हरा देता है। मैं आज भी लोगों के पास जाता हूं और उनसे काम मांगता हूं। लोगों ने आजाद में मेरे काम को पसंद किया। मोहित से पूछा गया कि स्टार किड को अदाकारी का कोई तजुर्बा नहीं होता है। ऐसे में उन्हें काम मिल जाता है, इस पर उनका क्या कहना है? इस पर एक्टर ने जवाब दिया एक वक्त के बाद उन्हें भी मौके मिलने बंद हो जाते हैं।

मलिक ने बताया अगर मैं भी किसी फिल्मी परिवार में पैदा होता, तो मुझे भी कोई गॉडफादर मिलता और मुझे कई अवसर मिलते। हालांकि, यह सब इस बात पर निर्भर करता है कि आप अपने काम में कितनी मेहनत कर रहे हैं। अगर आप अपने काम को निखारने के लिए मेहनत नहीं कर रहे हैं, तो आप अपने सभी मौकों को बर्बाद कर रहे हैं। इसलिए स्टार किड्स को भी बने रहने के लिए मेहनत करनी पड़ती है। उन्हें कई मौके मिल सकते हैं, लेकिन अगर उनके काम में सुधार नहीं होगा, तो काम नहीं मिलेगा।

अनन्या की तारीफ, शेयर किया 'केसरी 2' का ट्रेलर

हाल ही में अक्षय कुमार की आने वाली फिल्म 'केसरी 2' का ट्रेलर रिलीज हुआ है। इसमें अनन्या पांडे भी एक अहम किरदार में नजर आईं। इस ट्रेलर को अनन्या के परिवार के कई लोगों ने सोशल मीडिया पर साझा किया। इन्हीं लोगों में एक खास शख्स भी शामिल रहा, जिसमें अनन्या की फिल्म के ट्रेलर को अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर लगाया। फिल्म 'केसरी 2' का ट्रेलर देखकर सोशल मीडिया पर कई तरह के रिएक्शन आए हैं। इन्हीं रिएक्शन में अक्षय कुमार और आर माधवन के अभिनय की खूब तारीफ हुई है। साथ ही अनन्या पांडे को भी सराहा गया है। फिल्म में अनन्या एक वकील की भूमिका में हैं। इस फिल्म की कहानी जलियांवाला बाग में हुए नरसंहार को लेकर है। फिल्म 'केसरी 2' के ट्रेलर को वॉकर ब्लैंको ने भी अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर लगाया है। साथ ही अनन्या की साड़ी पहने एक तस्वीर भी साझा की है।

सवाल है कि वॉकर ब्लैंको का अनन्या पांडे से क्या कनेक्शन है। पिछले कुछ समय से अनन्या और वॉकर ब्लैंको की डेट करने की खबरें सामने आईं। इस रिश्ते को अब तक अनन्या पांडे ने खुलकर स्वीकार नहीं किया है लेकिन अकसर ही उन्हें वॉकर ब्लैंको के साथ देखा जाता है।

इस समय वॉकर ब्लैंको अंबानी परिवार के एनिमल शेल्टर वंतारा से जुड़े हैं। वॉकर के इंस्टाग्राम पेज पर वंतारा के जानवरों के साथ कई तस्वीरें मौजूद हैं। इसके अलावा वह मॉडलिंग की दुनिया में भी काम कर चुके हैं। कहा जाता है कि अनन्या और वॉकर ब्लैंको की मुलाकात अंबानी परिवार की शादी में ही हुई।

जब पहली नजर में करीना कपूर को दिल दे बैठे थे सैफ, बोले-

बहुत सुंदर लगी और उसी पल से पसंद आ गई

सैफ अली खान और करीना कपूर ने फिल्म टशन, एजेंट विनोद, कुर्बान और ओमकारा जैसी कई शानदार फिल्मों में एक साथ काम किया है। दोनों की शादी 2012 में हुई थी और अब उनके दो बच्चे, तैमूर और जहांगीर अली खान हैं। लेकिन क्या आपको यह पता है कि सैफ, करीना को पहली नजर में ही दिल दे बैठे थे।

दरअसल, टीवी शो क्या आप पांचवी पास से तेज हैं? के दौरान सैफ ने करीना कपूर को पहली बार देखा था। उस वक्त करीना मेकअप रूम के बाहर अकेली बैठी थीं और सैफ की तरफ देख रही थीं। सैफ ने किसी से पूछा कि ये कौन है, तो उन्हें पता चला कि ये करीना कपूर हैं, करिश्मा कपूर की छोटी बहन। सैफ ने कहा कि उन्हें करीना उस वक्त एक छोटी लड़की लगी थीं और तभी से वे उन्हें पसंद करने लगे थे।

सैफ अली खान को आखिरी बार साउथ की फिल्म देवरा में देखा गया है, जिसमें उन्होंने जूनियर एनटीआर और जान्हवी कपूर के साथ अभिनय किया है। वहीं, करीना कपूर खान की आखिरी फिल्म क्रू और सिंघम 3 में देखा गया है।

ट्रोलिंग से कैसे निपटती हैं सारा अली खान, बोलीं- समस्या ट्रोलर्स से नहीं बल्कि इमोशन से है

सैफ अली खान और अमृता सिंह की बेटी, बॉलीवुड अभिनेत्री सारा अली खान को सोशल मीडिया पर अपने अभिनय के लिए अक्सर आलोचना मिलती है। इसी मामले को लेकर सारा ने खुलकर बात की है। उन्होंने कहा है कि अब उन्हें ट्रोलिंग से परेशानी नहीं होती है बल्कि इमोशन से परेशानी होती है। हाल ही में टाइम्स नाउ समिट के दौरान सारा ने बताया कि वह ट्रोलिंग से निपटना सीख चुकी हैं। सारा ने कहा कि अब वह इन बातों को नजर अंदाज करना सीख गई हैं। इससे निपटने के लिए उन्हें मेडिटेशन से काफी मदद मिलती है। सारा पहले सोचती थीं कि ट्रोलर्स सही कह रहे हैं या नहीं, लेकिन अब वह इन बातों को छोड़ चुकी हैं। सारा ने कहा, 'मैं बस एक बात पर ध्यान देती हूं कि सारा सबसे अच्छी है न सारा सबसे खराब है।

एक बार फिर सिनेमाघरों में डराने आ रहे शाहरुख खान

बॉलीवुड के किंग खान यानी शाहरुख खान एक बार फिर सिनेमाघरों में डराने आ रहे हैं। 1993 में आई यशराज फिल्म की सुपरहिट साइकोलॉजिकल थ्रिलर 'डर' एक बार फिर सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही है। मौजूदा वक्त में चल रहे फिल्मों के री-रिलीज के दौर में अब शाहरुख खान की 'डर' का नंबर भी आ गया है। मेकर्स ने इस बात की जानकारी दी है कि फिल्म री-रिलीज होने वाली है।

यशराज फिल्म्स ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंट से ये जानकारी साझा की है कि 1993 की ब्लॉकबस्टर साइकोलॉजिकल थ्रिलर फिल्म 'डर' 4 अप्रैल को फिर से थिएटर में रिलीज होने वाली है। मेकर्स ने फिल्म से जुड़ा एक पोस्टर साझा करते हुए लिखा, इस आइकॉनिक कहानी को फिर से बड़े पर्दे पर देखने के लिए तैयार हो जाइए। 'डर' कल री-रिलीज हो रही है। जल्द ही टिकट बुक करें। यश चोपड़ा द्वारा निर्देशित इस फिल्म में एक सनकी आशिक की कहानी दिखाई गई है। जो अपने प्यार को पाने के लिए काफी जुनूनी हो जाता है। इस फिल्म में शाहरुख खान ने शानदार अभिनय से सुर्खियां बटोरी थीं। अपने शुरूआती दिनों में इस नेगेटिव रोल को करके शाहरुख ने एक बड़ा जोखिम लिया था। लेकिन इसी फिल्म ने शाहरुख के करियर को भी एक नई दिशा दी। इस साइकोलॉजिकल थ्रिलर लव स्टोरी में शाहरुख खान के साथ जूही चावला, सनी देओल, अनुपम खेर, तन्वी आजमी और दलीप ताहिल भी अहम भूमिकाओं में नजर आए हैं।

अर्जुन कपूर से ब्रेकअप के बाद मलाइका ने बांह पर बनवाया नया टैटू, सोशल मीडिया पर किया फ्लॉन्ट

अभिनेता अर्जुन कपूर से ब्रेकअप के बाद मलाइका अपनी जिंदगी में मूव ऑन कर चुकी हैं। जिंदगी के प्रति उनका नजरिया काफी सकारात्मक है। उनके सोशल मीडिया पोस्ट में अक्सर इसकी झलक मिलती है। मलाइका ने हाल ही में एक नया टैटू बनवाया है। उन्होंने यह टैटू अपनी बाजू पर बनवाया है, जिसे हालिया तस्वीरों के जरिए वे फ्लॉन्ट करती नजर आई हैं।

मलाइका अरोड़ा ने आज गुरुवार 03 अप्रैल को अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से एक पोस्ट शेयर किया है। उन्होंने अपनी कई सारी फोटोज शेयर की हैं। दरअसल, मलाइका के ये लुक 26 मार्च से 30 मार्च तक चलने वाले लैक्मे फैशन वीक के दौरान के हैं। इन्हीं

तस्वीरों में अभिनेत्री ने अपना टैटू भी फ्लॉन्ट किया है। मलाइका ने अपने हाथ पर लिखवाया है, सब्र शुक्र।

मलाइका के नए टैटू का मतलब उनकी जिंदगी से जुड़ा है। सब्र और शुक्र...सब्र मतलब पेशेंस और शुक्र यानी शुकराना। हाल ही में फैशन इवेंट के दौरान भी उनके इस टैटू पर लोगों की नजरें ठहर गईं। मलाइका ने इस दौरान टैटू के बारे में बात करते हुए इसका मतलब भी बताया। अभिनेत्री ने कहा कि उनकी जिंदगी में टैटू एक पॉइंट पर आए हैं। वे ऐसे ही टैटू नहीं बनवाती हैं। इसके मायने काफी पर्सनल हैं।

मलाइका का कहना है कि बीता वर्ष यानी 2024 उनके लिए काफी मुश्किल रहा। टैटू को लेकर ईटाइम्स से बातचीत में मलाइका ने कहा, यह शब्द मेरे साथ जब से हैं जब मैं ये सोचती हूं कि मैं पिछले साल की तुलना में आज कहां हूं? बीते वर्ष मलाइका ने अपने पिता को खो दिया। वहीं, निजी जिंदगी में अर्जुन कपूर के साथ उनका ब्रेकअप हो चुका है।

आज साझा किए गए पोस्ट में मलाइका ने कुछ बेहद खूबसूरत फोटोज शेयर किए हैं। वे जिम में वर्कआउट करती नजर आ रही हैं। वहीं, कुछ में अपना कर्वी फिगर फ्लॉन्ट कर रही हैं। एक्ट्रेस के पोस्ट पर सुजैन खान ने कमेंट किया है, खूबसूरत, पावरहाउस। वहीं, फैंस और नेटिजन्स भी उनकी फिटनेस की तारीफ कर रहे हैं।

बृजमोहन अग्रवाल का दिल्ली में गृहप्रवेश, नेताओं ने दी बधाई

रायपुर । दिल्ली सरकारी आवास में रायपुर लोकसभा से सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने गृह प्रवेश किया। सोशल मीडिया में जानकारी साझा करते उन्होंने लिखा, आप सभी के स्नेह और शुभकामनाओं के लिए हृदय से आभार। मां भगवती हम सभी पर अपनी कृपा बनाए रखें और सेवा व समर्पण की शक्ति प्रदान करें। जय माता दी! इस अवसर पर केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू, उपमुख्यमंत्री अरुण साव, सांसद संतोष पांडये, विजय बघेल, चिंतामणि महाराज, राधेश्याम राठिया,कमलेश जांगड़े, रूप कुमारी, महेश, भोजराज नाग सहित कई वरिष्ठ नेता उपस्थित रहे।

वित्त विभाग में 53 अधिकारियों के थोकबंद तबादले, आदेश जारी

भोपाल। मध्य प्रदेश सरकार ने एक बार फिर प्रशासनिक सर्जरी करते हुए वित्त विभागमें थोकबंद तबादले किए हैं। मंगलवार को जारी आदेश में मध्य प्रदेश वित्त सेवा के 53 अधिकारियों को एक स्थान से दूसरे स्थान पर स्थानांतरित किया गया है। वित्त विभाग द्वारा जारी ट्रांसफर लिस्ट में उल्लेख किया गया है कि सभी अधिकारियों को एकपक्षीय रूप से कार्यमुक्त किया गया है और उन्हें तत्काल प्रभाव से नई जगह कार्यभार ग्रहण करने के निर्देश दिए गए हैं। आदेश में यह भी साफ किया गया है कि नई पदस्थापना की सूचना तुरंत विभाग को दी जाए। सरकार का उद्देश्य इन तबादलों के माध्यम से प्रशासनिक व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त करना है। इससे विभिन्न जिलों में वित्तीय अनुशासन, बजट क्रियान्वयन और ऑडिट कार्यों में सुधार आने की उम्मीद है।

एचडीएफसी बैंक को 'भारत का सर्वश्रेष्ठ एचएनडब्ल्यू' चुना गया

मुंबई, एजेंसी। भारत के अग्रणी निजी क्षेत्र के बैंक एचडीएफसी बैंक को यूरोमनी प्राइवेट बैंकिंग अवार्ड्स 2025 में 'भारत का सर्वश्रेष्ठ एचएनडब्ल्यू' चुना गया। ये पुरस्कार यूरोमनी पत्रिका द्वारा आयोजित किए गए थे। यूरोमनी ने अपनी वेबसाइट पर लिखा है, एचडीएफसी बैंक अपने प्रमुख इम्पेरिया कार्यक्रम के माध्यम से भारत के उच्च निवल मूल्य (एचएनडब्ल्यू) खंड में गति का निर्माण जारी रखता है, जो एक प्रीमियम सेवा है जो व्यक्तिगत धन समाधान प्रदान करती है। इस पेशकश के केंद्र में एक ऐसा मॉडल है जहां धन संबंध प्रबंधक बैंक विशेषज्ञों के साथ मिलकर काम करते हैं ताकि अनुकूलित निवेश और बैंकिंग सहायता प्रदान की जा सके। यूरोमनी ने आगे लिखा है, डिजिटल स्पेस में, बैंक ने हाल ही में स्मार्टवेल्थ प्लेटफ़ॉर्म पेश किया है, जो एक निवेश सेवा है जिसका उद्देश्य बड़े पैमाने पर समृद्ध वर्ग तक कवरेज का विस्तार करना है। यह मोबाइल प्लेटफ़ॉर्म ग्राहकों को पोर्टफोलियो को ट्रैक करने, निवेश करने और लक्ष्य-आधारित निवेश अनुशंसाओं तक पहुँचने की क्षमता प्रदान करता है। गेमिफ़िकेशन और सहज उपयोगकर्ता अनुभव को एकीकृत करके, स्मार्टवेल्थ बैंक की शोध क्षमताओं तक पहुँच को लोकतांत्रिक बनाता है, जिससे व्यापक ग्राहक आधार को स्वतंत्र रूप से सूचित वित्तीय निर्णय लेने का अधिकार मिलता है।

एयरबीएनबी ने गोवा अनसीन लॉन्च किया

गोवा, एजेंसी। गोवा अपनी खूबसूरत समुद्र तटों, शानदार नाइटलाइफऔर पर्यटन के लिए मशहूर है। लेकिन इसके अलावा, यहां ऐतिहासिक हवेलियों, सुगंधित मसाला बागानों और पारंपरिक बाजारों से सजी एक सांस्कृतिक दुनिया भी है जो गोवा की विरासत और कला को जीवंत बनाती है। गोवा की कम चर्चित लेकिन समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर को सामने लाने के लिए एयरबीएनबी ने गोवा पर्यटन विभाग के साथ मिलकर गोवा अनसीन डिजिटल गाइडबुक लॉन्च की है जो यात्रियों को राज्य के छिपे हुए ऐतिहासिक और सांस्कृतिक धरोहरों से अवगत कराएगी। एयरबीएनबी और गोवा पर्यटन विभाग की रीडिस्कवर गोवा पहल के अंतर्गत गोवा अनसीन गाइडबुक को लॉन्च किया गया है जिसका उद्देश्य यात्रियों को गोवा की अनदेखी खूबसूरती से परिचित कराना है इसे गोवा के पर्यटन मंत्री श्री रोहन खंवटे, एयरबीएनबी के भारत एवं साउथ ईस्ट एशिया के कंट्री हेड अमनप्रीत सिंह बजाज, और प्रसिद्ध अभिनेता अभय देओल की उपस्थिति में जारी किया गया, जिनका इस राज्य से विशेष जुड़ाव है।

सम्मेलन ने एजुकेटर्स को सशक्त बनाने के लिए नए प्रोफेशनल डेवलपमेंट प्रोग्राम पेश किए

मुंबई एजेंसी। कैंब्रिज यूनिवर्सिटी प्रेस एंड एसेसमेंट (कैंब्रिज) में इंटरनेशनल एजुकेशन ग्रुप ने आज अपने दूसरे वार्षिक दक्षिण एशिया कैंब्रिज स्कूल्स सम्मेलन का आयोजन किया, जिसमें भारत, नेपाल, श्री लंका, भूटान, बांग्लादेश और मालदीव्स के 400 एजुकेटर्स, स्कूलों और वैचारिक नेतृत्वकर्ताओं ने हिस्सा लिया। इस क्षेत्र में कैंब्रिज योग्यता की बढ़ती मांग के साथ सम्मेलन में कैंब्रिज ने स्कूलों, टीचर्स, और लर्नर्स को तेजी से विकसित होते हुए शिक्षा के परिदृश्य में आगे बढ़ने में सहयोग देने की अपनी प्रतिबद्धता पर जोर दिया। इस सम्मेलन का आयोजन 2030 तक विश्व में 44 मिलियन नए टीचर्स की मांग की पृष्ठभूमि में किया गया। कैंब्रिज ने इस जरूरत को समझते हुए नए प्रोफेशनल डेवलपमेंट प्रोग्राम्स एवं क्वालिफिकेशंस, अपस्किलिंग कोर्स, प्रि-सर्विस टीचर ट्रेनिंग और शॉर्ट-टर्म ई-लर्निंग मॉड्यूल्स द्वारा क्षेत्र के एजुकेटर्स को सशक्त बनाने की अपनी प्रतिबद्धता का प्रदर्शन किया, ताकि इस क्षेत्र में टीचिंग की क्षमता का विकास हो सके।

न्युवोको विस्टास को वडराज सीमेंट लि. को 1,800 करोड़ में अधिग्रहित करने के लिए एनसीएलटी की मंजूरी मिली

मुंबई। माननीय नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल (एनसीएलटी), मुंबई बेंच ने इन्सॉल्वेंसी एंड बैंकरप्सी कोड, 2016 (आईबीसी) के तहत कॉर्पोरेट इन्सॉल्वेंसी प्रक्रिया में वडराज सीमेंट लिमिटेड (वीसीएल) के अधिग्रहण के लिए न्युवोको विस्टास कॉर्प लिमिटेड द्वारा प्रस्तुत समाधान योजना को मंजूरी दे दी है। एनसीएलटी ने इस संबंध में एक विशेष आदेश जारी किया है। समाधान योजना में 1,800 करोड़ रुपये का अग्रिम भुगतान शामिल है। न्युवोको को अपने कंसोलिडेट डेट स्तरों में उल्लेखनीय वृद्धि के बिना ट्रांजेक्शन को फंड देने का इरादा रखती है। यह अधिग्रहण न्युवोको विस्टास कॉर्प लिमिटेड की पूर्ण ओनरशिप वाली सहायक कंपनी वान्या कॉर्पोरेशन प्राइवेट लिमिटेड (वान्या) के माध्यम से किया जाएगा। इसके बाद, समाधान योजना में तय किए गए फॉर्मूले के अनुसार वान्या का वीसीएल में विलय कर दिया जाएगा।

ऑर्गन डोनेशन पर केन्द्रीय कर्मचारियों को मिलेगी 42 दिन की छुट्टी

नई दिल्ली, एजेंसी। केंद्रीय कार्मिक राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह ने बुधवार को लोकसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में कहा कि केंद्र सरकार के कर्मचारियों को अंगदान के लिए अधिकतम 42 दिन का विशेष आकस्मिक अवकाश मिलेगा। उन्होंने कहा, भारत सरकार ने केंद्र सरकार के कर्मचारियों को अंगदान के लिए अधिकतम 42 दिन का विशेष आकस्मिक अवकाश प्रदान किया है। कार्मिक मंत्रालय द्वारा 2023 में जारी एक आदेश के अनुसार, जब इस प्रविधान की घोषणा की गई थी, दाता के अंग को निकालने के लिए सर्जरी के प्रकार के बावजूद, सरकारी पंजीकृत चिकित्सक/डॉक्टर की सिफारिश के अनुसार विशेष आकस्मिक अवकाश की अवधि अधिकतम 42 दिन होगी। इसमें कहा गया था कि विशेष आकस्मिक अवकाश आम तौर पर अस्पताल में भर्ती होने के दिन से शुरू होकर एक बार में लिया जाएगा। हालांकि,

डॉक्टर की मंजूरी लेनी होगी

आवश्यकता पड़ने पर सरकारी पंजीकृत चिकित्सक या डॉक्टर की सिफारिश पर सर्जरी से अधिकतम एक सप्ताह पहले इसका लाभ उठाया जा सकता है।

अतिरिक्त पेंशन अदालतें

जितेंद्र सिंह ने कहा कि सरकार लंबे समय से चली आ रही शिकायतों के निवारण के लिए भविष्य में अतिरिक्त पेंशन अदालतें आयोजित करना चाहती है। पेंशन अदालत का उद्देश्य केंद्रीकृत पेंशनभोगी शिकायत निवारण और निगरानी प्रणाली में प्राप्त अनसुलझे और पुरानी शिकायतों का मौके पर ही समाधान प्रदान करना है। पेंशन अदालतों में आने वाले अधिकांश मामलों का मौके पर ही निपटारा कर दिया जाता है। अगली पेंशन अदालत आयोजित करने से पहले अनसुलझे मामलों पर फिर से विचार किया जाता है और उनकी स्थिति पर विचार किया जाता है। 2020 से इस साल अब तक आयोजित पेंशन अदालतों के दौरान कुल 6,964 मामले उठाए गए, जिनमें से 4,944 का निपटारा किया गया।

भारत का रेल लोकोमोटिव निर्माण में रिकॉर्ड, 1681 का निर्माण कर अमेरिका और यूरोप को पीछे छोड़ा!

नई दिल्ली, एजेंसी। देश में रेलवे लोकोमोटिव का उत्पादन बढ़कर 1681 हो गया, जो संयुक्त राज्य अमेरिका, यूरोप, दक्षिण अमेरिका, अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया जैसे देशों के कुल लोको उत्पादन से अधिक है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में देश के सभी लोकोमोटिव इकाइयों की उपलब्धियों के बारे में बताते हुए रेलवे बोर्ड के प्रवक्ता ने कहा कि पिछले साल भारत में 1472 लोकोमोटिव का उत्पादन हुआ था। इस तरह इस वर्ष पिछले साल की तुलना में 19त्न अधिक लोकोमोटिव का उत्पादन हुआ। 'मेड इन इंडिया' की अवधारणा को मजबूत करने के मकसद से लिए गए फैसलों के क्रियान्वयन में देश में लोकोमोटिव का उत्पादन लगातार बढ़ रहा है। 2004 से 2014 तक की अवधि में देश में कुल 4695 लोकोमोटिव का उत्पादन हुआ था। इसका राष्ट्रीय वार्षिक औसत 469.5 रहा, जबकि 2014 से 2024 के बीच देश में 9168 रेलवे लोकोमोटिव का उत्पादन हुआ और वार्षिक औसत करीब 917 रहा। वित्तीय वर्ष 2024-25 में 1681 लोकोमोटिव का उत्पादन हुआ है। इस वर्ष चितरंजन लोकोमोटिव वर्क्स में 700, बनारस लोकोमोटिव वर्क्स में 477, पटियाला लोकोमोटिव वर्क्स में 304, मधेपुरा में 100 और मरहौरा में 100 लोकोमोटिव का उत्पादन हुआ है। देश में सबसे अधिक लोकोमोटिव मालगाड़ियों को चलाने के लिए उत्पादित किए गए।

अमेज़न पे के एक्सक्लूसिव डील्स और रिवॉर्ड्स के साथ प्लान करें अपनी परफेक्ट समर वेकेशन

मुंबई, एजेंसी। गर्मियां आ गई हैं, यह आपके सपनों की छुट्टियों को प्लान करने का सही समय है! चाहे आपको समुद्र किनारे बीच पर जाना हो, पहाड़ों में सुकून चाहिए या किसी शहर में रोमांचक सफर करना हो, अमेजन पे आपकी यात्रा को आसान, किफायती और फायदेमंद बनाता है। 10 अप्रैल से, आप अमेजन पे के जरिये फ्लाइट्स, होटलों और मूवी टिकट्स की बुकिंग पर बड़ी बचत कर सकते हैं। इतना ही कई खास ऑफर्स के साथ अमेजन पे आपके समर प्लानिंग को और भी आसान बनाएगा। आप यात्रा कर रहे हों या बेहतर जगह ठहरने की योजना बना रहे हो, या समर सीजन की खरीदारी कर रहे हों, अमेजन पे आपको कम खर्च में ज्यादा आनंद लेने में मदद करेगा। तो, अपना सामान पैक करें, सनस्क्रीन लें, और अमेजन पे के साथ अपनी पसंदीदा समर डेस्टिनेशन को एक्सप्लोर करने के लिए तैयार हो जाएं! अमेजन पे के साथ अपनी समर ट्रिप की शुरुआत करें और सभी एयरलाइंस की टिकट बुकिंग पर 25 प्रतिशत तक की छूट पाएं, जिनमें इंडिगो, एयर इंडिया, एयर इंडिया एक्सप्रेस, स्पाइसजेट, अकासा, और एलायंस एयर शामिल हैं। इतना ही नहीं, अगर आप पहली बार फ्लाइट बुक कर रहे हैं, तो एक्स्ट्रा 12 प्रतिशत तक की छूट लें चाहे आपकी यात्रा डोमेस्टिक हो या इंटरनेशनल। यह बड़ी बचत करते हुए नया डेस्टिनेशन एक्सप्लोर करने का सबसे सही समय है। एक बार जब आपकी फ्लाइट बुक हो गई तो अब बारी है अपने आइडियल स्टे को चुनने की। चाहे आपको कोज़ी होमस्टे पसंद हो या लक्ज़री होटल, अमेज़न पे पर आपको हर बजट और पसंद के मुताबिक बेहतरीन ऑप्शंस मिलेंगे। आप आरामदायक होमस्टे की तलाश कर रहे हों या शानदार होटल, अमेजन पे आपकी पसंद और बजट के हिसाब से कई विकल्प प्रदान करता है। इतना ही नहीं, अगर आप पहली बार होटल या होमस्टे बुक कर रहे हैं, तो आप अमेजन पे के साथ 18 प्रतिशत तक का एक्सक्लूसिव कैशबैक पा सकते हैं।

छत्तीसगढ़ रेरा की बड़ी पहल, नए वित्तीय सुरक्षा मॉडल से रियल एस्टेट खरीदारों को मिलेगी गारंटी

रायपुर। छत्तीसगढ़ में रियल एस्टेट खरीदारों के हितों की सुरक्षा और वित्तीय अनुशासन को मजबूत करने के लिए रेरा (रियल एस्टेट विनियामक प्राधिकरण) ने एक नई वित्तीय सुरक्षा प्रणाली लागू करने की घोषणा की है। इस पहल के तहत 17 बैंकों को सूचीबद्ध किया गया है, जिससे रियल एस्टेट प्रोजेक्ट्स में पारदर्शिता और अनुशासन को बढ़ावा मिलेगा। कार्यक्रम में रेरा के अध्यक्ष संजय शुक्ला ने बताया कि इस नए वित्तीय माडल का मुख्य उद्देश्य आबंटियों के निवेश को सुरक्षित रखना और धनराशि के दुरुपयोग को रोकना है। बैंकों के सिस्टम को रेरा नामित खातों के अनुरूप बनाया गया है ताकि लेनदेन में पारदर्शिता और वित्तीय अनुशासन बना रहे। साथ ही निधियों की निकासी, आवंटन और निगरानी सॉफ्टवेयर-आधारित प्रणाली के माध्यम से होगी, जिससे मानव हस्तक्षेप न्यूनतम होगा और गलतियों की संभावना कम होगी। रेरा के अध्यक्ष श्री शुक्ला ने बताया कि इस नए वित्तीय माडल के अंतर्गत अब किसी भी रियल एस्टेट परियोजना में आबंटियों से प्राप्त कुल राशि का 70 प्रतिशत भाग एक रेरा नामित बैंक खाते में जमा करना अनिवार्य होगा। रियल एस्टेट सेक्टर में वित्तीय अनियमितताओं को रोकने और खरीदारों के हितों की रक्षा करने के लिए रेरा ने बैंकों को इस प्रक्रिया में शामिल किया है। सरकार द्वारा इस प्रणाली को अपनाने से रियल एस्टेट क्षेत्र को सुव्यवस्थित करने में मदद मिलेगी। तय नियमों के तहत वित्तीय प्रबंधन आसान होगा, जिससे परियोजनाओं को सुचारू रूप से पूरा किया जा सकेगा। रियल एस्टेट क्षेत्र में वित्तीय अनुशासन और पारदर्शिता को बढ़ावा देगा, जिससे सभी हितधारकों को लाभ मिलेगा।

मैरिको इनोवेशन फाउंडेशन ने लॉन्च किया इनोविन डे

मुंबई, एजेंसी। मैरिको इनोवेशन फाउंडेशन (एमआईएफ) द्वारा पहचाने गए कई तकनीकी नवाचारक भारत की प्रमुख चुनौतियों जैसे जलवायु परिवर्तन, कृषि क्षेत्र में बदलाव, जल संकट और प्लास्टिक कचरे के प्रबंधन का समाधान खोज रहे हैं। ये नवाचारक खेती के अवशेषों से फर्नीचर बना रहे हैं, औद्योगिक उत्सर्जन को उपयोगी रसायनों में बदल रहे हैं, दुर्लभ-अर्थ मैग्नेट मुक्त मोटर प्रणाली विकसित कर रहे हैं, प्लास्टिक कचरे का प्रबंधन कर रहे हैं और हवा से नमी निकालकर पानी प्राप्त कर रहे हैं। मैरिको इनोवेशन फाउंडेशन की प्रमुख सुरंजना घोष ने कहा, इनोविन डे को लॉन्च करने का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि हम अपने नवाचारकों को सही संसाधन—पूंजी, ग्राहक और आवश्यक संवाद—एक ही मंच पर उपलब्ध कराएं। हम जानते हैं कि इन नवाचारकों के पास बड़े पैमाने पर प्रभाव डालने वाली समाधानशील तकनीकें हैं, लेकिन इन्हें सफल बनाने के लिए पूरे इकोसिस्टम का समर्थन जरूरी है। इनोविन डे इसी दिशा में एक अहम कदम है।

अरिंदम पॉल ने एटॉमबर्ग की व्यावसायिक प्रगती पर व्यक्त होते हुए कहा , जब हमने 2017 में एमआयएफ के स्केल-अप प्रोग्राम में भाग लिया, तब हम ई-कॉमर्स में 7-8 प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी हासिल करने के बाद ऑफलाइन विस्तार की योजना बना रहे थे। हमें जो मार्गदर्शन मिला, उसने स्पष्ट दिशा दि गयी थी- पहले व्यवसाय के गहराई में जाओ, ऑफलाइन सोचने से पहले ऑनलाइन बाजार में नेतृत्व हासिल करो। यह सिद्धांत—विस्तार से पहले फोकस—तब से हमें लगातार मार्गदर्शन करता आ रहा है। ये सभी नवाचार भारत की हरित अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ा रहे हैं, लेकिन इन समाधानों को बड़े स्तर पर लागू करने के लिए निवेशकों, अनुदानदाताओं और व्यावसायिक ग्राहकों से जुड़ना आवश्यक है।

क्रॉम्पटन ने लॉन्च की ऑरा, अवांसर और जेडी एयर कूलर की नई रेंज

मुंबई, एजेंसी। जैसे-जैसे गर्मियों की तपिश बढ़ रही है, ठंडक अब केवल एक सुविधा नहीं बल्कि ज़रूरत बनती जा रही है। इस मौसम में राहत देने के लिए क्रॉम्पटन ग्रीव्स कंज्यूमर इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड ने एयर कूलर्स की अपनी नई रेंज - ऑरा, अवांसर और जेडी सीरीज़ - लॉन्च की है। पंखों और घरेलू पंपों के क्षेत्र में नंबर 1 ब्रांड के तौर पर अपनी विशेषज्ञता का लाभ उठाते हुए क्रॉम्पटन ने यह नई सीरीज़ उन ग्राहकों के लिए तैयार की है, जो तेज़, टिकाऊ और सुविधाजनक कूलिंग सॉल्यूशंस की तलाश में हैं। हर साल जैसे-जैसे तापमान बढ़ता जा रहा है, लोगों के लिए गर्मी के लंबे दिनों और उमस भरी रातों में ठंडक और आराम बनाए रखना एक बड़ी चुनौती बनता जा रहा है। एयर कूलर एक किफायती और तुरंत राहत देने वाला विकल्प जरूर हैं, लेकिन भारत में अब भी जागरूकता की कमी के कारण इनका इस्तेमाल अपेक्षाकृत कम होता है। क्रॉम्पटन ग्रीव्स कंज्यूमर इलेक्ट्रिक्स लिमिटेड में लार्ज डोमेस्टिक अप्लायंसेज़ के वाइस प्रेसिडेंट मल्हार वादके ने कहा, क्रॉम्पटन में हमारा हमेशा से यह विश्वास रहा है कि नवाचार केवल तकनीकी नहीं, बल्कि व्यावहारिक और सार्थक होने चाहिए, ऐसे जो उपभोक्ताओं की रोज़मर्रा की चुनौतियों का समाधान करें और गुणवत्ता व विश्वसनीयता के हमारे वादे पर खरे उतरें।

ब्राइट आउडडोर मीडिया लि. का बीएसई पर दो शानदार वर्षों का सफरः उत्कृष्टता, नवाचार और डिजिटल परिवर्तन की यात्रा

ब्राइट आउडडोर मीडिया लिमिटेड का बीएसई एसएमई प्लेटफार्म पर सफर जुनून, रचनात्मकता और अभूतपूर्व उपलब्धियों से भरा हुआ है। 24 मार्च 2023 को अपनी यादगार आईपीओ के साथ शुरुआत करने के बाद से, कंपनी ने पारंपरिक तरीकों को डिजिटल परिवर्तन के साथ सहजता से मिश्रित कर इस उद्योग को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाया है। अभिनव विचारों और प्रेरक सहयोगों के साथ, ब्राइट आउडडोर ने शहरी परिदृश्यों को बदल दिया है, उन्नत डिजिटल एलईडी स्क्रीन को एकीकृत करके शहरों को जीवंत बना दिया है और एक ऐसे भविष्य के लिए मंच तैयार किया है, जो तकनीक और रचनात्मकता द्वारा परिभाषित होगा। इन दो उज्जवल वर्षों में, ब्राइट आउडडोर ने शहरी आकाशों को रोशन किया और बाहरी विज्ञापन की दुनिया में एक अनोखी जगह बनाई है। इसकी समृद्ध पोर्टफोलियो अब प्रीमियम आउटडोर स्पेस, गतिशील ट्रांजिट मीडिया, डिजिटल बिलबोर्ड्स और रेलवे प्रोजेक्ट्स तक फैली हुई है, जो सभी एक मजबूत डिजिटल फोकस के साथ हैं। अत्याधुनिक डिजिटल एलईडी स्क्रीन को स्थापित करके और आगे डिजिटल नवाचारों की योजना बनाकर, कंपनी ने यादगार दृश्य अनुभव तैयार किए हैं, जो आधुनिक दर्शकों के साथ गूंजते हैं और डिजिटल युग में ब्रांडों के साथ उपभोक्ताओं के जुड़ने के तरीके को फिर से परिभाषित किया है। ब्राइट आउडडोर का सफर कई प्रमुख उपलब्धियों से सज्जित है, जो उन बिलबोर्ड्स की तरह चमकते हैं जो यह बनाती है:-

विशिष्ट विज्ञापन सफलता- 2024 में, कंपनी ने पश्चिमी रेलवे के विज्ञापन टेंडर को हासिल किया, जिसमें 11 प्रमुख स्थानों पर जिम्मेदारी ली, जिनमें कंदिवली रोड ओवर ब्रिज, गोरेगाँव रोड ओवर ब्रिज और मृणाल ताई गोरे फ्लाईओवर शामिल हैं। चार एलईडी डिस्प्ले और सात स्थिर होर्डिंग्स के साथ इन स्थलों को रोशन करते हुए, यह कदम विज्ञापनदाताओं को अपार दृश्यता प्रदान करता है। ब्राइट आउडडोर ने नवी मुंबई मेट्रो लाइन 1 पर विशेष अधिकार प्राप्त किया, जिससे स्टेशनों, खंभों और विद्युतीय पुलों को लगभग 85,000 वर्ग फीट में फैला हुआ जीवंत कैनवस बना दिया गया। इस नए दृष्टिकोण ने ब्रांडों के लिए लोगों के साथ जुड़ने के नए और आकर्षक तरीकों के द्वार खोले।

अद्वितीय इन्फ्रास्ट्रक्चर वृद्धि- 12 आधुनिक डिजिटल एलईडी डिस्प्ले और कई स्थिर इंस्टॉलेशन्स के साथ, कंपनी का नेटवर्क अब 419 डिस्प्ले और 386,000 वर्ग फीट में फैला हुआ है—हर एक अपनी रचनात्मक अभिव्यक्ति और बाजार की उपस्थिति का प्रतीक है।

विविध अभियान जादू- सिर्फ 2024 में, विभिन्न क्षेत्रों जैसे वित्त, मीडिया और मनोरंजन में 550 से अधिक विज्ञापन अभियानों को जीवन दिया गया। ब्राइट आउडडोर की रचनात्मकता ने सिंगहम अगेन, पुष्पा 2- द रूल, भूल भुलैया 3 और कल्कि 2898 जैसी 50 से अधिक ब्लॉकबस्टर फिल्मों के अभियानों में अपनी छाप छोड़ी, जिससे कंपनी की प्रतिष्ठा और भी बढ़ी। मेशा नए क्षितिजों की तलाश में, ब्राइट आउडडोर ने नई आउट-ऑफ-होम प्रारूपों में कदम रखा जैसे लिफ्ट ब्रांडिंग, बस शेल्टर ब्रांडिंग, सिनेमा ब्रांडिंग, यात्री और मेट्रो ट्रेन ब्रांडिंग, और एसी बस ब्रांडिंग। इन रचनात्मक समाधानों ने कंपनी को तेजी से बदलते विज्ञापन परिदृश्य में आगे रखा।

मंत्रमुग्ध करने वाली इवेंट सहयोग- ब्राइट आउडडोर का जादू उच्च-प्रोफ़ाइल आयोजनों में भी फैला, जैसे आइआइएफए अबू धाबी में, ग्लोबल बिजनेस समिट न्यू दिल्ली में, मिस वर्ल्ड, फिल्मफेयर अवार्ड्स, एनडीटीवी प्रॉफिट चैनल लॉन्च, टीवी9 वर्ल्ड कॉन्क्लेव और दिलजीत दोसांझ और दूआ लिपा जैसे सितारों के अविस्मरणीय कंसर्ट। दिल छूने वाली सीएसआर पहलकदमियाँ- व्यापार के अलावा, ब्राइट आउडडोर ने विभिन्न ष्टस्क्र पहलकदमियों के माध्यम से समुदायों में अपनी रोशनी साझा की है, जैसे कि मुफ्त किडनी डायलिसिस केंद्रों की स्थापना, रक्तदान शिविरों का आयोजन, और जरूरतमंदों को भोजन और नोटबुक प्रदान करना। अब बीएसई एसएमई पर अपने तीसरे वर्ष में कदम रखते हुए, ब्राइट आउडडोर मीडिया लिमिटेड और भी बड़ी सफलता की ओर अग्रसर है। नवाचार के प्रति अपनी दृढ़ प्रतिबद्धता और अविस्मरणीय विज्ञापन अनुभव बनाने के लिए अपनी गर्मजोशी के साथ, कंपनी नई तकनीकों और रचनात्मक रास्तों का अन्वेषण करने के लिए तैयार है जो दर्शकों को आकर्षित और प्रेरित करेंगे। इस अद्वितीय सफर को देखते हुए ब्राइट आउडडोर मीडिया लिमिटेड के चीफ मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. योगेश लखानी कहते हैं, हमने पिछले दो वर्षों में जो अद्वितीय प्रगति की है, उस पर हमें गर्व है। एक सफल आईपीओ से लेकर उद्योग के विश्वसनीय नेता बनने तक हमारी यात्रा हमारी पूरी टीम के जुनून, रचनात्मकता और कड़ी मेहनत का परिणाम है। एक अग्रणी भावना के साथ, हमने आउटडोर विज्ञापन में संभव की सीमाओं को लगातार चुनौती दी है, पारंपरिक दृष्टिकोणों को अत्याधुनिक डिजिटल परिवर्तन के साथ सहजता से मिलाकर। हमारा हर प्रोजेक्ट न केवल अपेक्षाएँ पूरी करता है, बल्कि उसे पार करता है, क्योंकि हम अभिनव विचारों को कटिंग एज डिजिटल एलईडी तकनीक के साथ मिलाकर अविस्मरणीय दृश्य अनुभव तैयार करते हैं। हम अपने ग्राहकों और हितधारकों को असाधारण मूल्य प्रदान करने के लिए समर्पित हैं, और यही हमारे हर कदम की प्रेरणा है। जब हम इन उपलब्धियों का जश्न मना रहे हैं, तो हम नई तकनीकों को अपनाने, नवाचारी समाधानों को खोजने और अपने उद्योग के भविष्य को आकार देने के लिए उत्साहित और प्रतिबद्ध हैं। हम सब मिलकर आगे का रास्ता रोशन कर रहे हैं, यह विश्वास रखते हुए कि हमारी साझा दृष्टि, डिजिटल क्षमता और दृढ़ प्रतिबद्धता हमारे सफलता के सफर को आने वाले वर्षों में प्रेरित करती रहेगी।ब्राइट आउडडोर का दो साल का उत्सव केवल एक मील का पत्थर नहीं है, यह कंपनी की रचनात्मकता, डिजिटल नवाचार और अद्वितीय उत्कृष्टता का जीवंत प्रमाण है।

स्वामी प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक विनोद सिंह तोमर द्वारा तारा ऑफसेट प्रिंटर्स शेड नम्बर 2, बीडीए के सामने, जिला भोपाल, मध्य प्रदेश से मुद्रित एवं 87,पुट्ठामिट गेट के सामने, छोला रोड, जिला भोपाल, मध्य प्रदेश से प्रकाशित। संपादक : विनोद सिंह तोमर मो. 7067515898 RNI NO. MPHIN/2015/61965 (सभी विवादों का न्यायालयीन क्षेत्र भोपाल न्यायालय के अंतर्गत ही मान्य होगा।)